# देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 18 दिसंबर 2023 । वर्ष –68 । अंक –38 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.



■ पैसे से कांग्रेस की... ■ क्राउड फंडिंग से ... 04


■ गाजा पर अमेरिका के नए प्लान से ... ■ इजरायल पर सवाल पूछने से भड़का टीचर... 09

■ गुलाब की खेती करने का सही तरीका ■ अंजीर की खेती: किस्में, देखभाल और पैदावार 11

■ अर्शदीप, आवेश की... ■ वार्नर की शतकीय ... 10


सुको फैसला के बाद प्रधानमंत्री मोदी की दो टूक

# ब्रह्मांड की कोई ताकत कश्मीर से अनुच्छेद 370 की अब वापसी नहीं करा सकती



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद 370 को लेकर सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी अनुच्छेद 370 की बहाली पर विपक्षी दलों को दो टूक जवाब दिया है।

एक इंटरव्यू में मोदी ने अनुच्छेद 370 पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस अनुच्छेद को रद्द किए जाने पर अपनी मुहर लगा दी है और कहा है कि ''अब ब्रह्मांड की कोई ताकत इसे वापस नहीं ला सकती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर मुहर लगा दी है कि एक देश में किसी तरह से दो विधान नहीं चल सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 का हटना किसी राजनीति से ज्यादा जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के लिए जरूरी था। जम्मू-कश्मीर में विकास और वहां के लोगों के आसान जीवन के लिए जरूरी था। मोदी ने पीडीपी और नेशनल कॉन्फ्रेंस पर निशाना साधते हुए कहा कि इसे कुछ परिवारवादियों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ के लिए मुट्ठी में बंद कर लिया था।

**एक देश में किसी तरह से दो विधान नहीं चल सकते हैं**

जम्मू-कश्मीर का आमजन न तो किसी स्वार्थ भरी राजनीति का हिस्सा है और न ही बनना चाहता है। वो अतीत की परेशानियों से निकलकर देश के आम नागरिक की तरह बिना भेदभाव के अपने बच्चों का भविष्य और अपना वर्तमान सुरक्षित करना चाहता है।

जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में बदली तस्वीर प्रधानमंत्री मोदी प्रधानमंत्री मोदी ने दावा किया कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की तस्वीर बदल गई है। अब वहां सिनेमा हॉल चल रहे हैं। वहां पर टेररिस्ट नहीं, अब टूरिस्ट्स का मेला है। अब वहां पत्थरबाजी नहीं होती बल्कि फिल्मों की शूटिंग हो रही हैं।

# नागपुर में विस्फोटक बनाने वाली कंपनी में भयावह धमाका, 9 की मौत, कई गंभीर



**मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख की सहायता मिलेगी**

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में एक कंपनी में ब्लास्ट होने से नौ लोगों की मौत हो गई। जबकि कई अन्य के घायल हो गए। जिसमें कुछ की हालत गंभीर है। धमाका रविवार सुबह करीब 9.30 बजे बजरगांव इलाके में स्थित सोलर इंडस्ट्रीज इंडिया लिमिटेड में हुआ।

जब धमाका हुआ तो सोलर कंपनी की यूनिट के अंदर कुल 12 कर्मचारी मौजूद थे। यह विस्फोट कंपनी के कास्ट बूस्टर प्लांट में हुआ। हादसे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे कंपनी मालिक सत्यनारायण नुवाल ने बताया कंपनी के अंदर सुबह करीब सुबह साढ़े नौ बजे कोल ब्लास्टिंग के लिए बारूद की पैकिंग हो रही थी। इसी दौरान किसी पैकेट में ब्लास्ट हो गया। चूंकि आसपास अन्य पैकेट भी रखे हुए थे। इसलिए एक के बाद एक कई पैकेट इसकी चपेट में आ गए।

सोलर इंडस्ट्रीज कंपनी देश के रक्षा विभाग के लिए एक्स्पोसिव्ह और अन्य रक्षा उपकरण सप्लाई करती है। हादसा इतना तेज था कि कंपनी की इमारत का एक हिस्सा भी ध्वस्त हो गया है। इस धमाके की आवाज काफी दूर तक सुनाई दी। इससे हड़कंप मच गया। उन्होंने बताया कि अभी तक हादसे की वजह भी सामने नहीं आई है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडणवीस ने इस हादसे पर दुख जताया है। राज्य सरकार इस घटना में मरने वालों के परिजनों को 5 लाख रुपये की सहायता देगी।'

सार संक्षेप

## मोहन यादव ने उज्जैन में रात बिता कर मिथक तोड़ा



**बोले– मैं भगवान महाकाल का बेटा हूं**

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश की धार्मिक नगरी उज्जैन को लेकर एक मिथक रहा है कि यहां मुख्यमंत्री या प्रधानमंत्री रात नहीं बिताते हैं। मगर राज्य के नए मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शनिवार की रात उज्जैन में बिताकर इस मिथक को तोड़ दिया है। डॉ. यादव ने कहा कि मैं भगवान महाकाल का बेटा हूं। मोहन यादव उज्जैन दक्षिण से विधायक हैं और मुख्यमंत्री बनने के बाद वे शनिवार को यहां पहुंचे। इतना ही नहीं उन्होंने रात भी बिताई। मुख्यमंत्री यादव ने यहां एक जनसभा में कहा कि रात न बिताने के मिथक को तत्कालीन राजा दौलत राव सिंधिया ने बनाया था।

## ईडी ने तमिलनाडु में नियोमैक्स ग्रुप मामले में संपत्तियां कुर्क की

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय ने मदुरै स्थित नियोमैक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा की गई वित्तीय धोखाधड़ी के एक मामले में पूरे तमिलनाडु में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर अचल संपत्तियों को कुर्क किया है, जिनकी कीमत 207 करोड़ बताई जा रही है।

**सूचना**

सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर epaper.deshbandhump.com वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।




**चूहा–सुनती हो**– म.प्र. कांग्रेस के नये अध्यक्ष कह रहे हैं कि अब नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे। ।

**चुहिया– हां प्रिये**–उत्साह अच्छा है लेकिन उन्हें छत्रपों के दावपेंच से बचने की हिकमत भी आना चाहिये।

# 32 हजार करोड़ की सिंचाई परियोजनाओं को पूरा करने बनेगी मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स : डॉ. यादव



## सात दिन में कार्य शुरू करने के दिये निर्देश

**भोपाल, देशबन्धु।** खेती की समृद्धि के लिये 32,000 करोड़ रूपये की सिंचाई परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के लिये मुख्यमंत्री सिंचाई टास्क फोर्स बनाई जायेगी। मप्र संकल्प पत्र-2023 में सिंचाई सुविधाओं विस्तार करते हुए खेती को आधुनिक और समृद्ध बनाने की गारंटी दोहराई गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि संकल्प-पत्र प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की गारंटी है। इसके क्रियान्वयन के लिये उन्होंने सभी विभागों को सात दिन में रोड-मेप बनाकर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये है। ग्वालियर एवं चंबल में माधवराव सिंधिया सिंचाई परियोजना, नरसिंहपुर, रायसेन और होशंगाबाद में चिंकी-बोरास बैराज परियोजननरसिंहपुर-छिंदवाड़ा में शक्कर-पेंच लिंक संयुक्त परियोजना, छिंदवाड़ा में पेंच डायवर्सन परियोजना, खंडवा में खंडवा उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना पन्ना में रूंझ मध्यम सिंचाई परियोजना और मझगांव मध्यम सिंचाई परियोजना पन्ना, रीवा, सतना, कटनी एवं जबलपुर में बरगी परियोजना, कटनी में बहोरीबंद माइक्रो सिंचाई परियोजना, हरदा में शहीद इलाप सिंह उद्वहन माइक्रो सिंचाई परियोजना, श्योपुर में चेंटीखेड़ा मुख्य सिंचाई परियोजना, सतना एवं रीवा में बहुती नहर परियोजना पूरी होने से प्रदेश का कृषि परिदृश्य पूरी तरह बदल जायेगा।

उज्जैन में चना अनुसंधान संस्थान और डिंडौरी में श्री अन्न अनुसंधान संस्थान स्थापित किया जायेगा। सोयाबीन फसल को सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।


>>शेष पृष्ठ 2 पर


लैंगिक असमानता पर बोले सीजेआई चंद्रचूड़

# अधिकारों के उल्लंघन के लिए निजता की आड़ नहीं ली जा सकती

**बेंगलुरू, (एजेंसियां)।** भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डीवाई चंद्रचूड़ ने रविवार को कहा कि कानूनों को घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि निजता अधिकारों के उल्लंघन के लिए एक आड़ नहीं हो सकती है। वह देश के 19वें मुख्य न्यायाधीश ईएस वेंकटरमैया की स्मृति में बेंगलुरू के नेशनल लॉ स्कूल में आयोजित एक व्याख्यान में बोल रहे थे। न्यायमूर्ति वेंकरमैया की बेटी न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना सर्वोच्च न्यायालय में न्यायाधीश हैं और देश की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने की कतार में हैं।



‘ कानूनों को घरों के भीतर मौजूद लैंगिक असमानता को दूर करने की जरूरत

**कानून के उद्देश्य का विस्तार हो**–सीजेआई ने स्मारक व्याख्यान देते हुए कहा कि सार्वजनिक और निजी दोनों स्थानों पर प्रतिभागियों की सुरक्षा के लिए कानून के उद्देश्य का विस्तार किया जाना चाहिए। इसके बाद उन्होंने कहा कि वह लैंगिक भेदभाव को सार्वजनिक और निजी अंतर के नजरिए से देखेंगे। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय दंड संहिता में प्रावधान है कि जब दो या दो से अधिक व्यक्ति झगड़े में पड़कर सार्वजनिक शांति भंग करते हैं तो उन्हें अपराध करने वाला कहा जाता है। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, यह तभी दंडनीय है, जब सार्वजनिक स्थल पर हो अन्यथा नहीं। इस प्रकार कानून का जोर केवल झगड़ों अंतरर्निहित गुण या दोष पर नहीं है, बल्कि यह कहां हो रहा है, इस पर है। एक संवैधानिक रूप से शासित समाज को सार्वजनिक और निजी की इस बाइनरी से परे देखने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# संसद में घुसपैठ करने वालों के फोन बरामद

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** संसद घुसपैठ केस की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने रविवार को सभी आरोपियों के फोन बरामद कर लिए। हालांकि ये फोन पूरी तरह से जले हुए हैं।

दिल्ली पुलिस की इन्वेस्टिगेशन टीम ने फोन के टुकड़ों को राजस्थान से बरामद किया। हालांकि पुलिस ने राजस्थान में उस जगह का नाम नहीं बताया, जहां फोन जलाए गए। ये सभी फोन संसद घुसपैठ घटना में शामिल आरोपियों के हैं। 13 दिसंबर को घटना वाले दिन के बाद मुख्य आरोपी ललित झा सभी के फोन लेकर राजस्थान के नागौर भाग गया था। बाद में ललित ने 14 दिसंबर को पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। पूछताछ में फोन को जलाने की बात कबूली थी। लोकसभा में घुसपैठ मामले में शनिवार 16 दिसंबर को एक और आरोपी महेश कुमावत को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसे पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जहां से उसे 7 दिन के लिए पुलिस हिरासत में सौंप दिया गया। मामले में अब तक छह लोग पकड़े गए हैं। 13 दिसंबर को 4 आरोपी पकड़े गए थे।

**अब तक 6 गिरफ्तार**

ललित झा ने 14 दिसंबर को सरेंडर किया था। मामले में विकी शर्मा और उसकी पत्नी राखी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई थी, बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। विकी के गुड़गांव स्थित घर पर ही चार आरोपी रुके थे।



# हाईकोर्ट जमानत याचिकाओं का तेजी से करें निपटारा : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है कि अग्रिम जमानत आवेदन सहित जमानत आवेदनों पर निर्णय स्वतंत्रता से संबंधित हैं और सभी उच्च न्यायालयों द्वारा शीघ्रता से इस पर फैसला लिया जाना चाहिए।

न्यायमूर्ति सीटी रविकुमार और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह टिप्पणी तब की जब उसने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के एक आदेश के खिलाफ एक आरोपी द्वारा दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई की, जिसमें उसके आवेदन को कालानुक्रमिक क्रम में सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया गया था। पीठ ने कहा, हमें यह मानने में कोई झिझक नहीं है कि इस तरह का आदेश अग्रिम जमानत/ नियमित जमानत से संबंधित मामले में निश्चितता के बिना, वह भी मामले को स्वीकार करने के बाद, निश्चित रूप से आवेदन पर विचार करने में देरी करेगा और ऐसी स्थिति व्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए हानिकारक होगी।

जीतू , उमंग और हेमंत मिले राहुल से, कहा-

# नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ेंगे : पटवारी



**नई दिल्ली।** जीतू पटवारी 19 दिसंबर (मंगलवार) को पदभार ग्रहण करेंगे। उससे पहले रविवार को उन्होंने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सासंद राहुल गांधी से मुलाकात की। वहीं मध्य प्रदेश के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार और उपनेता प्रतिपक्ष हेमंत कटारे ने भी राहुल गांधी से मुलाकात की है। पीसीसी चीफ नियुक्त होने के बाद जीतू पटवारी ने बताया, हमारा चुनौती लोकसभा में अच्छा प्रदर्शन करना है।

**कल पदभार ग्रहण करेंगे जीतू**

कांग्रेस की विचारधारा हर किसी तक पहुंचनी चाहिए। हम सामूहिक नेतृत्व के साथ काम कर रहे हैं। वहीं, राहुल गांधी से मुलाकात की तस्वीर एक्स पर शेयर करते हुए पटवारी ने लिखा कि– भारत के महान लोकतंत्र के अमूल्य मूल्यों और लोकतांत्रिक गरिमा की रक्षा के लिए नई ऊर्जा के साथ काम करेंगे। कांग्रेस के विचारधारा को जन-मन तक पूरी शिद्दत से पहुंचाएंगे। पटवारी कल महाकाल के दर्शन के बाद पदभार ग्रहण करेंगे।


A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL

Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319

An English Medium Co-educational School

ADMISSIONS OPEN

Class: Nursery 12th

(Science, Commerce & Humanities)

Call us: 0761-2676370, 9826587200

Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से

मोतियाबिंद ऑपरेशन

मध्य भारत का सबसे आधुनिक

नया युग

आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर

डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894

जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर


अंधेरगर्दी — तहसील अधिकारियों पर भड़का बुजुर्ग

# मैं तो जिंदा हूं, फिर मुझे मरा दिखाकर मेरी जमीन किसी और के नाम कैसे कर दी ?



**आजमगढ़।** फर्जीवाडा इस हद तक बढ़ गया है कि मृत व्यक्ति को तहसील में जाना पड़ा। दरअसल मामला उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ का है जहां भूमाफियां के दबंगो ने जिंदा युवक का मृत सार्टिफिकेट बनवाकर उसकी जमीन का फर्जी बैनामा करवा लिया।

जब युवक को इस बात की जानकारी लगी तो बुजुर्ग व्यक्ति ने तहसील पंहुचकर दबंगो से अपनी जमीन वापसी के लिए गुहार लगाई है। जब अधिकारियों ने उसकी बात नही सुनी तो तहसील अधिकारियों पर भड़कते हुए बुजुर्ग ने कहा कि मैं जिंदा हूं, फिर मुझे मरा दिखा मेरी जमीन किसी और के नाम कैसे कर दी। पुलिस मामले की गहनता से जांच कर रही है।

**70 वर्ष बाद आया गांव**– पीड़ित आजमगढ़ का रहने वाला है। वह बचपन से ही कोलकाता में रह रहा है। उन्होंने अपनी शिकायत में बताया कि वह करीब 70 वर्ष बाद अपने गांव आया है। पीड़ित ने बताया कि मामला 40 वर्ष पहले का है भूमाफियाओं ने जमीन का फर्जी बैनामा कराकर जमीन हड़प ली थी।

**फर्जी तरीके से हड़पी जमीन**– पीड़ित फिलहाल आजमगढ़ शहर के गुलामी का पूरा में अपने रिश्तेदार के यहां रह रहा है। पीड़ित का कहना है कि जब तक जमीन वापस नही मिल जाती तब तक वह यही रहेगा।

पीड़ित युवक ने अपनी शिकायत में बताया कि उसकी जमीव सिधारी थाना के डुगडूगवां में चक नंबर 134, 136, 139 है। 40 साल पहले एडवोकेट श्याम नारायण, नसीम, राज नारायण,अशफाक, बशीर समेत अन्य लोगों ने उसका मृत सर्टिफिकेट बनवाया और फर्जी रजिस्ट्री दिखा कर उसकी पूरी जमीन हड़प ली। उसे इस बात की जानकारी उसके भतीजे ने दी।

**शक होने पर की मामले की जांच**– पीड़ित के भतीजे सैफ अली खान ने बताया कि उसे जमीन को लेकर कुछ शक हुआ तो उसने मामले की जानकारी करना शुरू किया तब उसे पता चला कि जमीन को कुछ लोगों ने हड़प लिया है।

फर्जीवाड़े की पूरी जानकारी उसने अपने चाचा को दी और चाचा वकील अहमद को कोलकाता से लेकर यहां आया है। कागजों में नाम सही कराने के लिए तहसील में आवेदन किया है। पीड़ित युवक ने कहा कि बस न्याय मिल जाएं मुझे न्याय का इंतजार का है।

# देश-विदेश

## व्लादिमीर पुतिन के मन में क्या है? इस बार पार्टी छोड़कर लड़ेंगे निर्दलीय चुनाव

**मॉस्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक बार फिर चुनाव लड़ने वाले हैं। हालांकि रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि वह इस बार पार्टी के टिकट पर नहीं बल्कि निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। रूस की सरकारी आरआईए न्यूज एजेंसी ने एक सांसद के हवाले से कहा है कि पुतिन के साथ बड़ा जनसमर्थन होगा लेकिन पार्टी के नाम पर इस बार वह चुनावी मैदान में नहीं उतरेंगे। पुतिन बीते दो दशकों से रूस की सत्ता पर काबिज हैं। वह या तो प्रधानमंत्री रहे हैं या फिर राष्ट्रपति। पुतिन ने दावा किया है कि वह अगला चुनाव वह आसानी से जीतने वाले हैं। बता दें कि पुतिन पहले यूनाइटेड रशिया पार्यी से चुनाव लड़ते थे। अब भी पार्टी का सपोर्ट उनके साथ है लेकिन वह स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ना चाहते हैं।

# अमेरिका में भी मनाया जा रहा राम मंदिर का जश्न

## वाशिंगटन में निकाली गई कार रैली



वाशिंगटन। 22 जनवरी को अयोध्या में भव्य राम मंदिर का शुभारंभ होने जा रहा है। इसकी गूंज देश के अलावा विदेशों में भी सुनाई देने लगी है। हिंदू अमेरिकी समुदाय के लोगों ने अयोध्या में राम मंदिर में अगले साल होने वाले प्राण प्रतिष्ठा समारोह की खुशी में वॉशिंगटन के एक उपनगर में शनिवार को कार रैली का आयोजन किया।

आयोजकों ने बताया कि शनिवार दोपहर समुदाय के लोग 'फ्रेडरिक सिटी मैरीलैंड' के पास 'अयोध्या वे' में श्री भक्त अंजनेय मंदिर में एकत्र हुए और इस रैली के साथ ही भारत में राम मंदिर के निर्माण की खुशी में महीने भर के कार्यक्रमों की शुरुआत हो गई। 'विश्व हिंदू परिषद ऑफ अमेरिका डीसी' इकाई के अध्यक्ष महेंद्र सापा ने कहा, ''हिंदुओं के 500 वर्ष के संघर्ष के बाद भगवान श्री राम मंदिर का उद्घाटन (मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा) किया जा रहा है और हम इसी खुशी में अगले साल 20 जनवरी को लगभग 1,000 अमेरिकी हिंदू परिवारों के साथ वाशिंगटन में एक ऐतिहासिक उत्सव आयोजित कर रहे हैं।

उत्सव में राम लीला आयोजित की जाएगी, श्री राम की कथाएं सुनाई जाएंगी, श्री राम की पूजा की जाएगी, भगवान श्री राम एवं उनके परिवार के लिए भजन गाए जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''इस उत्सव में अलग-अलग आयुवर्ग के लोग भगवान श्री राम के जीवन पर आधारित लगभग 45 मिनट की ऐसी प्रस्तुति देंगे जो अमेरिका में पैदा हुए बच्चों को समझ आ सके।''

सह-आयोजक और एक स्थानीय तमिल हिंदू नेता प्रेमकुमार स्वामीनाथन ने तमिल भाषा में भगवान श्री राम की स्तुति की और अमेरिका में 20 जनवरी को आयोजित होने वाले उत्सव में सभी परिवारों को आमंत्रित किया।

## लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी कांग्रेस

# 'देश के लिए दान' अभियान की खड़गे आज करेंगे शुरुआत

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी शुरू कर दी है। आर्थिक तंगी का दावा करने वाली कांग्रेस ने आगामी आम चुनाव से पहले ऑनलाइन चंदा एकत्र करने के लिए 'देश के लिए दान' नाम से अभियान शुरू करने का फैसला किया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे 18 दिसंबर को इस अभियान की शुरुआत करेंगे।

पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने शनिवार को पार्टी मुख्यालय में इसकी जानकारी दी थी। उन्होंने कहा कि 18 साल से अधिक उम्र के भारतीय इस अभियान के जरिए 138 रुपए, 1,380 रुपए, 13,800 रुपए या फिर इससे 10 गुने की राशि चंदे के रूप में दे सकते हैं। माकन ने कहा कि अभियान की टैगलाइन होगी बेहतर देश के लिए कांग्रेस को आपकी जरूरत है, भारत को आपकी जरूरत है।

**खड़गे ने 21 दिसंबर को बुलाई सीडब्ल्यूसी की बैठक**

उत्तर भारत के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में हार के कुछ दिनों बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक बुलाई है, जो पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था है। यह बैठक 21 दिसंबर को बुलाई गई है। सीडब्ल्यूसी की बैठक तीन राज्यों में पार्टी की हार और हाल ही में संसद में बड़े पैमाने पर सुरक्षा चूक के मद्देनजर हो रही है। बैठक में 14 सांसदों - 13 लोकसभा से और एक राज्यसभा से - को शीतकालीन सत्र के शेष समय के लिए निलंबन पर भी चर्चा हो सकती है।

# 1971 की भावना को संरक्षित, विस्तारित किया जाना चाहिए, बांग्लादेश विजय दिवस पर जयशंकर

**ढाका, 17 दिसंबर (आईएएनएस)।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने अपने बांग्लादेशी समकक्ष ए.के. अब्दुल मोमेन को बांग्लादेश के 52वें 'विजय दिवस' पर हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।



विजय दिवस 1971 में बांग्लादेश मुक्ति युद्ध और उसके बाद बांग्लादेश की आजादी की याद में मनाया जाता है। जयशंकर ने शनिवार को ढाका हवाई अड्डे पर एक समारोह में कहा,1971 की भावना, जो बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों की आधारशिला बनी हुई है, को संरक्षित और विस्तारित किया जाना चाहिए। यह हमारे लिए अपनी दोस्ती को संजोने का समय है। विदेश मंत्री ने अपने एक्स अकाउंट पर लिखा, भारत-बांग्लादेश मैत्री ने न केवल अपने लोगों के हितों की सेवा की है, बल्कि इससे भी बढ़कर एक उदाहरण है। इससे पहले रविवार को, ढाका में भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने कहा कि भारत एक स्थिर, प्रगतिशील और समृद्ध राष्ट्र के अपने दृष्टिकोण को साकार करने के लिए बांग्लादेश के साथ मिलकर चलने के लिए तैयार है। एक्स पर एक पोस्ट में, जयशंकर ने शनिवार को मोमेन, बांग्लादेश सरकार और उसके लोगों को बधाई दी। उन्होंने लिखा, 52वें बिजॉय दिबोश पर एफएम (विदेश मंत्री) ए.के. अब्दुल मोमन और बांग्लादेश की सरकार और लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं!

# पाकिस्तान में बलोच युवक की हत्या के बाद जबरदस्त विरोध प्रदर्शन

**क्वेटा, (आईएएनएस)।** पाकिस्तान में बालाच मोला बख्श के परिवार के साथ सैकड़ों राजनीतिक कार्यकर्ता, मानवाधिकार रक्षक और नागरिक समाज के सदस्य कोहलू पहुंचे। यहां पर बीते शनिवार को बालाच मोला बख्श की हत्या के विरोध में बलोच यकजेहती काउंसिल (बीटीसी) के आह्वान पर पूर्ण हड़ताल की गई।

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों को रेड जोन क्षेत्र में जाने के रास्ते में बलूचिस्तान की राजधानी में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी।

इसके बाद बीवाईसी नेताओं ने सुप्रीम कोर्ट की इमारत के सामने विरोध प्रदर्शन करने के लिए अन्य प्रदर्शनकारियों के साथ क्वेटा से इस्लामाबाद जाने का फैसला किया। कानून प्रवर्तन एजेंसियों की भारी टुकड़ी तैनात की गई थी, जबकि क्षेत्र को घेरने के लिए सड़कों को भारी ट्रकों और बाधाओं से अवरुद्ध कर दिया गया था। क्वेटा में अपना विरोध समाप्त करने के बाद, वे शुक्रवार शाम कोहलू-बरखान और डेरा गाजी खान के रास्ते इस्लामाबाद को रवाना हुए। डॉन रिपोर्ट के अनुसार, बड़ी संख्या में लोग बख्श के परिवार के प्रति एकजुटता व्यक्त करते हुए कोहलू में मार्च में शामिल हुए। यहां पर बाजार और व्यापारिक केंद्र बंद रहे जबकि ट्रैफिक भी कम रहा।

बरखान के लिए रवाना होने से पहले कोहलू शहर में मार्च करने वालों को संबोधित करते हुए नेताओं ने कहा, जबरन गुम करने और गैर-न्यायिक हत्याओं की प्रक्रिया असंवैधानिक है और बुनियादी मानवाधिकारों का उल्लंघन है। हत्या ने उत्पीड़न के खिलाफ बलोच लोगों के न्यायसंगत संघर्ष को पुनर्जीवित कर दिया है।

डॉन रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने इस बात पर अफसोस जताया कि कई युवा पुलिस के आतंकवाद-रोधी विभाग की अन्यायपूर्ण प्रथाओं का शिकार हो रहे हैं।

# कोरोना ने फिर पकड़ी रफ्तार, एक दिन में मिले 335 नए मामले; 1700 के पार पहुंचे एक्टिव केस

**नई दिल्ली।** देश में सर्दियां आते ही कोरोना के मामलों ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार भारत में रविवार को 335 नए कोरोना के मामले मिले हैं। इसी के साथ ही देश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 1701 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की अनुसार देश में रिकवरी दर 98.81 प्रतिशत हो गई है। नई दिल्ली। देश में सर्दियां आते ही कोरोना के मामलों ने एक बार फिर रफ्तार पकड़ ली है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, भारत में रविवार को 335 नए कोरोना के मामले मिले हैं।

**देश में मिले 335 नए मामले**

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, आज देश में 335 नए कोविड-19 के मामले सामने आए हैं। इसी के साथ ही देश में एक्टिव केसों की संख्या बढ़कर 1,701 हो गई है।

# पाकिस्तान के तीन दर्जन से अधिक आतंकवादी अफगानिस्तान में पकड़े गए

**काबुल, (आईएएनएस)।** अफगान सरकार ने पिछले एक साल में पाकिस्तान के प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) से जुड़े तीन दर्जन से अधिक आतंकवादियों को गिरफ्तार किया है, एक स्थानीय मीडिया आउटलेट ने रविवार को यह खबर दी। टोलोन्यूज ने आंतरिक मामलों के मंत्रालय के प्रवक्ता अब्दुल मतीन कानी के हवाले से कहा, पाकिस्तान के टीटीपी के 35 या 40 से अधिक लोग हमारी हिरासत में हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कानी ने निजी टेलीविजन चैनल को यह भी बताया कि इस्लामिक स्टेट संगठन के कई लड़ाकों को भी अफगान जेलों में रखा गया है, लेकिन उन्होंने कोई विशेष संख्या नहीं बताई। अधिकारी ने कहा, इस्लामिक अमीरात किसी भी समूह को किसी भी देश के खिलाफ अफगान धरती का इस्तेमाल करने की इजाजत नहीं देगा।


## कार्यालय अधीक्षक केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)
### ई-प्रोक्योरमेंट सिस्टम के माध्यम से ई-निविदा सूचना

पंजीकृत एवं प्रतिष्ठित फर्मों की ओर से केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में पदस्थ अधिकारियों के कार्यालयीन उपयोग हेतु किराये का वाहन मासिक अनुबंध के आधार पर वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए ऑनलाईन वार्षिक ई-निविदा बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर दिनांक 05.01.2024 तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है । निविदा विवरण निम्नानुसार है :-

| क्र. | विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|---|
| 01. | प्रीबिड मिटिंग | 30.12.2023 11.30 बजे | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |
| 02. | ऑन लाईन निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि एवं निविदा फार्म की कीमत रु. 1000- लेखा शीर्ष 0056, जेलें - 800 अन्य प्राप्तियां में ऑन लाईन जमा की जावेगी। | 03.01.2024 शाम 05.30 बजे तक | वेबसाईट mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| 03. | ऑन लाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 05.01.2024 शाम 05.30 बजे तक | वेबसाईट mptenders.gov.in पर ऑन लाईन स्वीकार की जावेंगी। |
| 04. | दस्तावेज की हार्डकापी/ई.एम.डी. जमा करने की अंतिम तिथि | 08.01.2024 शाम 05.30 बजे तक | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |
| 05. | तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) खोलने की अंतिम तिथि | 09.01.2024 दोपहर 12.30 बजे | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |
| 06. | ऑनलाईन वित्तीय निविदा खोलने की तिथि | 10.01.2024 दोपहर 12.30 बजे तक | कार्यालय केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर |

निविदा फार्म नियम व शर्ते तथा वाहन निविदा से संबंधित अन्य आवश्यक विवरण वेवसाईड mptenders.gov.in पर उपलब्ध है।

सड़क सुरक्षा नियमों को अगर अपनाओगे, खुद के साथ-साथ दूसरों की भी बचाओगे।

जेल अधीक्षक
केन्द्रीय जेल, नरसिंहपुर (म.प्र.)

G-21728/23


## रूस ने यूक्रेन के कई ड्रोनों को मार गिराया

**मॉस्को, (आईएएनएस)।** रूसी रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा ने कई रूसी क्षेत्रों में 33 यूक्रेनी ड्रोनों को मार गिराया है। मंत्रालय ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, रूस के लिपेत्स्क, रोस्तोव और वोल्गोग्राड क्षेत्रों में 33 यूक्रेनी मानव रहित हवाई वाहनों (ड्रोनों) को नष्ट कर दिया गया और रोक दिया गया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, वोल्गोग्राड क्षेत्र के गवर्नर एंड्री बोचारोव ने कहा कि ड्रोन हमले से क्षेत्र में कोई हताहत या विनाश नहीं हुआ। रक्षा मंत्रालय के अनुसार, बाद में रविवार को वोल्गोग्राड क्षेत्र में दो और ड्रोन गिराए गए।


## कार्यालय क्षेत्र संचालक, कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.) 481661

ई-मेल-fdknp.mdl@mp.gov.in,
दूरभाष- 07642-250760, फैक्स- 07642-251266

### कर्तव्य पर उपस्थित होने बाबद विज्ञप्ति

श्री दिलीप कुमार उइके आत्मज श्री श्री खुशीराम उइके ग्राम चीचगांव, पोस्ट चीचगाव, तहसील - नैनपुर जिला - मण्डला, मध्यप्रदेश आप सरही परिक्षेत्र में वनरक्षक की हैसियत से पदस्थिति के दौरान दिनांक 16.09.2022 से आज पर्यन्त तक अपने कर्तव्य से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित हैं। इस अवधि में आपके द्वारा आज दिनांक तक अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कोई पत्राचार नहीं किया गया।

एतद् द्वारा आपको यह सूचित किया जाता है कि यह विज्ञापन प्रकाशित होने के तीन दिवस के अंदर कर्तव्य पर उपस्थित होवें अन्यथा मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण तथा अपील नियम 1966 के अनुसार अनुशासनिक कार्यवाही करते हुये आपको सेवा से पृथक करण के आदेश जारी कर दिये जायेंगे। जिसके लिये आप व्यक्तिगत रूप से जवाबदार होंगे।

सड़क सुरक्षा नियमों को अगर अपनाओगे, खुद के साथ-साथ दूसरों की भी बचाओगे।

उप संचालक
कान्हा टायगर रिजर्व, मण्डला (म.प्र.)

G-21757/23



## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

### आम सूचना

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं राजाराम (RAJARAM) पिता स्व. खन्देलाल कटारिया निवासी- क्वार्टर नं. 31/226, एस.ए.एफ. 6वीं बटालियन रांझी थाना रांझी तह. रांझी, जिला जबलपुर म.प्र. का निवासी हूँ!

यह कि मैं 6वीं बटालियन एस.ए.एफ. रांझी जबलपुर में (का.वा) उनि. (बैण्ड) के पद पर पदस्थ हूँ! मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम राजाराम (RAJARAM) दर्ज है तथा मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, एस.बी.आई. बैंक पासबुक में मेरा नाम राजाराम कटारिया (RAJARAM KATARIYA) दर्ज है!

यह कि मैं अपना सरनेम दस्तावेजो के अनुसार अपने सर्विस रिकार्ड में राजाराम (RAJARAM) के स्थान पर राजाराम कटारिया (RAJARAM KATARIYA) परिवर्तित कराना चाहता हूँ। अतः मध्यप्रदेश के राजपत्र में मेरा नाम राजाराम कटारिया (RAJARAM KATARIYA) प्रकाशित करने की दया करें !

पुराना नाम - राजाराम
(RAJARAM)
नया नाम - राजाराम कटारिया
(RAJARAM KATARIYA)
पता- क्वार्टर नं. 31/226, एस.ए.एफ. 6वीं बटालियन रांझी थाना रांझी तह. रांझी, जिला जबलपुर म.प्र. र.नं. -1782


## प्रथम पृष्ठ का शेष

**32 हजार करोड़ की....** श्री अन्न की खेती को प्रोत्साहित करने के लिये प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से श्री अन्न उत्पादकों को 1,000 रूपये प्रति एकड़ प्रति फसल सम्मान राशि दी जायेगी। श्री अन्न की फसल बोने पर लघु एवं सीमांत किसानों के लिए प्रधान मंत्री %फसल बीमा योजना में देय प्रीमियम में सब्सिडी दी जायेगी।

**शुरू होगा मिशन दाल**-अगले 5 वर्षों में दाल उत्पादन बढ़ाने के लिये मध्य प्रदेश में मिशन दाल शुरू किया जायेगा। सरकार द्वारा एमएसपी पर अरहर, मूंग, उड़द एवं मसूर जैसी सभी दालों की खरीद की व्यवस्था को और ज्यादा मजबूत बनाया जायेगा। दाल-विशिष्ट एफपीओ स्थापित करेंगे । इससे दाल की प्रोसेसिंग एवं वैल्यू चेन को बढ़ावा मिलेगा। बागवानी का क्षेत्रफल 20 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 30 लाख हेक्टेयर बढ़ावा दिया जायेगा। मध्यप्रदेश फ्लोरीकल्चर मिशन बनाकर मध्यप्रदेश को फलोरीकल्चर में नम्बर वन बनाया जायेगा। पीएम किसान सम्मान निंधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना से 80 लाख से अधिक किसानों को हर साल रूपये 12,000 की वित्तीय सहायता मिल रही है। पिछले साढ़े तीन वर्षों में किसानों के खातों में विभिन्न योजनाओं में 3 लाख करोड़ से अधिक के लाभ दिए गए है। पीएम फसल बीमा योजना के अंतर्गत किसानों को पिछले 3 वर्षों में 20,000 करोड़ से अधिक का भुगतान किया गया है। इसके आलावा 44,600 करोड़ से ज्यादा लागत की केन-बेतवा सिंचाई परियोजना को स्वीकृति मिल गई है। पांच हॉर्स पावर तक के पंप उपयोग करने वाले 32 लाख किसानों को बिजली बिल पर 93त्न सब्सिडी मिल रही है। एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड योजना के अंतर्गत 5,000 करोड़ रूपये से अधिक के प्रोजेक्ट स्वीकृत कर मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। पशुपालकों को पशु उपचार की घर पहुंच सुविधा उपलब्ध कराते हुए 400 से अधिक मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां संचालित है।

**पीएम किसान समृद्धि केंद्र**- किसानों को ब्याज रहित लगभग 4 लाख करोड़ का फसली ऋण दिया गया है। यह आगे भी किसानों को मिलता रहेगा। बीज, फर्टिलाइज़र, मशीनरी आदि को सस्ते दाम में उपलब्ध कराने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में पीएम किसान समृद्धि केंद्र स्थापित किया जायेगा। इसके अलावा 5,000 नए कस्टम हायरिंग केंद्र स्थापित करके किसानों को सस्ते दाम में कृषि उपकरण उपलब्ध कराये जायेंगे।

**65 लाख हेक्टेयर में होगा सिंचाई क्षमता का विस्तार**

कृषि के लिए निरंतर बिजली आपूर्ति की जायेगी। वर्ष 2003 में सिंचाई क्षमता 7.6 लाख हेक्टेयर से बढ़ाकर 2023 तक 47 लाख हेक्टेयर हो गई है। इसे बढ़ाकर 65 लाख हेक्टेयर तक पहुंचाया जायेगा। हम 4 लाख हेक्टेयर तक की उपजाऊ भूमि में सिंचाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं को जल्दी पूरा किया जायेगा। प्रदेश के डार्क जोन क्षेत्रों में बोरवेल, पुनरुद्वार के लिए एक्सपर्ट कमेटी बनाई जायेगी और इस क्षेत्र में 500 करोड़ रूपये का निवेश होगा। मुख्यमंत्री कृषक मित्र योजना के कनेक्शन दिये जायेंगे। सरसों उत्पादन प्रोत्साहित करते हुए देश के अग्रणी सरसों उत्पादक प्रदेशों में मध्यप्रदेश को शामिल किया जायेगा। इसके लिये सरसों उत्पादक जिलों के प्रत्येक ब्लॉक में सरसों खरीद केंद्र स्थापित किये जायेंगे। सरसों-के लिये किसान उत्पादक संगठन स्थापित किया जायेगा और उन्हें सहकारी तेल मिल स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जायेगा।

**प्रत्येक जिले में बनेगा गौवंश विहार**- आचार्य विद्यासागर गौ संवर्धन योजना के अंतर्गत शिक्षित युवाओं को पशुपालन के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए 10 लाख रूपये तक का लोन दिया जायेगा। पशुओं की बीमारी के इलाज एवं पशुओं की मृत्यु होने पर किसानों को वित्तीय सहायता दी जायेगी। पशुधन बीमा योजना के अंतर्गत सभी दुधारू एवं अन्य पशुओं के लिए मुफ्त बीमा एवं उनके रोगों के लिए मुफ्त टीकाकरण की व्यवस्था की जायेगी। किसानों की सुविधा के लिए पशु चिकित्सालय स्थापित किये जायेंगे । बीमार एवं सड़क हादसों में घायल पशुओं के उपचार के लिये पशु एम्बुलेंस की संख्या बढ़ाई जायेगी। अगले 5 वर्षों में प्रत्येक जिले में एक गौवंश विहार स्थापित किया जायेगा। पशु एवं पोल्ट्री चारा निर्माण यूनिट स्थापित की जायेगी।


## लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग
45- ए, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011
फोन (ऑफिस) 0755-2597290/2765205
ईमेल- info-pamd@mp.gov.in वेबसाइट- www.pam.mp.gov.in

आज़ादी का अमृत महोत्सव

NIT No. 2402 / MPSAMC/PAM /465/2023 Date: 13/12/2023

### निविदा आमंत्रण (द्वितीय)
राजस्व विभाग की भूमि, ग्राम चाका जिला कटनी, म. प्र.

लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग म.प्र. शासन अंतर्गत म.प्र. राज्य परिसम्पत्ति प्रबंधन कम्पनी लि. भोपाल (म.प्र.रा.प.प्र क.लि.), द्वारा राजस्व विभाग की भूमि, ग्राम चाका जिला कटनी, मध्य प्रदेश स्थित परिसम्पत्ति की बिक्री "जहां है जिस स्थिति में है" के आधार पर ई-निविदा कम नीलामी की बोली आमंत्रित की जाती है। परियोजना की विस्तृत जानकारी, ज्ञापन एवं संबंधित नियम तथा शर्तें एम.पी. ई-टेंडर पोर्टल www.mptenders.gov.in पर "Madhya Pradesh State Asset Management Company Ltd." के अंतर्गत उपलब्ध हैं।

| स.क्र. | विवरण | राशि / तिथि / विस्तृत |
|---|---|---|
| 1 | भूमिक्षेत्र | 1900 वर्ग मीटर |
| 2 | रिजर्व मूल्य | रु. 0.78 करोड़ (रुपये अठहत्तर लाख मात्र) |
| 3 | निविदा जारी/ बिड डाक्यूमेंट प्रारंभ एवं अंतिम दिनांक | 18 दिसंबर 2023 से 03 जनवरी 2024 वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध |
| 4 | अन्य विवरण/ प्रश्न प्राप्त होने की अंतिम तिथि | 29 दिसंबर 2023 समय 11.00 बजे ई मेल- info-pamd@mp.gov.in |
| 5 | परिसम्पत्ति पर स्थल भ्रमण के लिए प्री-बिड कॉन्फ्रेंस एवं सहूलियत | 29 दिसंबर 2023 स्थल पर - 12.00 से 14.00 बजे |
| 6 | बिड जमा करने की प्रारंभ तिथि एवं समय | 19 दिसंबर 2023 समय 11.00 बजे |
| 7 | बिड जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 03 जनवरी 2024 समय 11.00 बजे |
| 8 | बिड खोलने की तिथि एवं समय (तकनीकी) | 04 जनवरी 2024 समय 11.00 बजे |
| 9 | ई-नीलामी प्रारंभ दिनांक एवं समय | 04 जनवरी 2024 समय 15.30 बजे |
| 10 | ई नीलामी समाप्ति दिनांक एवं समय | 04 जनवरी 2024 समय 17.30 बजे |
| 11 | बिड खोलने की तिथि एवं समय (वित्तीय) | ई. नीलामी पूर्ण उपरांत |
| 12 | बिड डाक्यूमेंट की कीमत (गेटवे और सर्विस चार्ज छोड़कर) | रु. 20,000/- (रुपये बीस हजार मात्र) वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर ऑनलाइन देय |

भविष्य में कोई शुद्धिपत्र उपरोक्त वेबसाइट पर ही अपलोड किया जावेगा। अगर इस बिड के बारे में किसी भी गतिविधि के लिए निर्धारित कार्यक्रम में उल्लेखित किसी भी तारीख को म.प्र. शासन द्वारा अवकाश घोषित किया जाता है, तो वह तिथि आगामी कार्य दिवस में स्थानांतरित हो जावेगी।

म.प्र.रा.प.प्र.क.लि. को किसी भी निविदा को स्वीकृत या अस्वीकृत करने या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये अस्वीकृत करने का अधिकार होगा।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

उप सचिव, मध्यप्रदेश शासन
लोक परिसम्पत्ति प्रबंधन विभाग, भोपाल

G-21762/23



## कार्यालय, आयुक्त अनुसूचित जाति विकास मध्यप्रदेश
35-राजीव गाँधी भवन, श्यामला हिल्स, भोपाल (म. प्र.)-462001
cscd.bhopal@mp.gov.in : 0755-2661949

मध्यप्रदेश शासन

### शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय
### प्रवेश सूचना (वर्ष 2024-25)
### कक्षा - 6वीं

आवेदन प्रारंभ तिथि ............ आवेदन की अंतिम तिथि ............

शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय इन्दौर, उज्जैन, भोपाल, होशंगाबाद, ग्वालियर, मुरैना, सागर, जबलपुर, रीवा एवं शहडोल में प्रवेश हेतु विज्ञप्ति। प्रत्येक विद्यालय हेतु जाति वर्गवार उपलब्ध सीट निम्नानुसार है :-

| कक्षा | अनुसूचित जाति | | अन्य वर्गों के गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले | | कुल | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | बालक | बालिका | बालक | बालिका | बालक | बालिका |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 6वीं | 36 | 36 | 4 | 4 | 40 | 40 |

नोट :-
1. उपरोक्त सीट संख्या परिवर्तनीय है।
2. प्रत्येक विद्यालय में कक्षा 6वीं में स्वीकृत सीट का 3% (तीन प्रतिशत) दिव्यांग विद्यार्थियों हेतु आरक्षित रहेगा। दिव्यांग विद्यार्थी उपलब्ध न होने पर उक्त सीट अन्य विद्यार्थियों द्वारा भरी जा सकेगी।
3. शासकीय ज्ञानोदय आवासीयों में शिक्षण एवं आवासीय सुविधाएँ निःशुल्क हैं। शासन द्वारा निर्धारित दर पर छात्र- छात्राओं को मासिक शिष्यवृत्ति और पोषण आहार भत्ता प्रतिमाह दिया जाता है, जिसके आधार पर निःशुल्क भोजन व्यवस्था उपलब्ध करायी जाती है।

पात्रता :-
1. छात्र-छात्रा को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना चाहिऐ।
2. छात्र-छात्राओं को प्रवेश लेने हेतु पूर्व कक्षा में न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक अथवा समतुल्य ग्रेड प्राप्त होना अनिवार्य है।

प्रवेश परीक्षा कार्यक्रम:-

| क्र. | विवरण | प्रस्तावित दिनांक | प्रस्तावित समय |
|---|---|---|---|
| 2 | MPTAASC Portal के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन करने की प्रारंभ तिथि | 29/12/2023 | |
| 3 | ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि | 27/01/2024 | |
| 4 | आवेदन में संशोधन करने की अंतिम तिथि | 04/02/2024 | |
| 5 | प्रवेश पत्र डाउनलोड करने की प्रारंभिक तिथि | 11/02/2024 | |
| 6 | प्रवेश परीक्षा की दिनांक एवं समय | 18/02/2024 | 10:00am to 01:00pm |

**परीक्षा केन्द्रः**- समस्त जिला मुख्यालय।

**आवेदन प्रक्रियाः**-
1. कक्षा 5वीं में अध्ययनरत विद्यार्थी विभागीय वेबसाईट http://www.tribal.mp.gov.in/mptaasc के माध्यम से ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं।
2. कक्षा 6वीं में प्रवेश हेतु आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों द्वारा किसी भी प्रकार का कोई आवेदन शुल्क देय नहीं होगा।
3. प्रवेश हेतु प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम तीन विद्यालयों में प्रवेश हेतु प्राथमिकता क्रम दे सकता है। विद्यार्थियों के प्रवेश परीक्षा में प्राप्त अंक एवं उनके द्वारा अंकित प्राथमिकता क्रम के आधार पर शासकीय ज्ञानोदय आवासीय विद्यालय आवंटित किये जायेंगे।
4. मेरिट सूची में चयनित होने एवं न्यूनतम योग्यता प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अपने विकल्प के अनुसार विद्यालयों में रिक्त सीट के विरुद्ध चयन हेतु पात्र होंगे।

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

अपर आयुक्त
अनुसूचित जाति विकास, मध्यप्रदेश

G-21764/23




CMYK

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**बंगाल को बेवजह संसद की सुरक्षा में सेंधमारी से जोड़ा जा रहा : ममता**



**कोलकाता।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को कहा कि हाल ही में संसद भवन में हुई सुरक्षा में सेंधमारी से जानबूझकर पश्चिम बंगाल को जोड़ा जा रहा है, ताकि वहां की गंभीर सुरक्षा खामियों से ध्यान भटकाया जा सके। नई दिल्ली रवाना होने से पहले पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा कि मामले के मुख्य आरोपी ललित झा का पश्चिम बंगाल से कोई घनिष्ठ संबंध नहीं है। उन्होंने झा के कथित बंगाल कनेक्शन के बारे में अपनी पहली टिप्पणी में कहा, 'उसके बिहार और झारखंड से संबंध थे, पश्चिम बंगाल से नहीं। इसलिए अनावश्यक रूप से इस मामले में हमारे राज्य का नाम घसीटा जा रहा है। यहां तक कि केंद्रीय गृह मंत्रालय ने भी इस मामले में सुरक्षा व्यवस्था में खामियां स्वीकार की हैं।

### उज्जैन में मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों के साथ अधिकारियों की बैठक ली, कहा-

## कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने कोई समझौता न करें



### साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति में प्रभावी कार्रवाई की जाए

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि कहीं साम्प्रदायिक तनाव की स्थिति होती है तो उसके कारकों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए, कानून व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने में कोई समझौता न करें। उन्होंने निर्देश दिये कि सभी पुलिस अधीक्षक अपने-अपने थाना क्षेत्र में झोन को मजबूत करें। साथ ही जनप्र-तिनिधियों को भी इससे जोड़ें। उन्होंने कहा कि थानों का युक्तियुक्तकरण करके उनकी सीमा भी निर्धारित की जाएगी, थानों का रिव्यू किया जाएगा, जिससे उनकी उपयोगिता एवं सार्थकता सिद्ध हो सके। डॉ. यादव ने रविवार को उज्जैन में सभी विभागों की संभागीय समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने कलेक्टरों को कहा कि वह भविष्य की योजनाओं को देखते हुए शासकीय जमीन आरक्षित करें। उज्जैन सहित बड़े शहरों का क्षेत्रवार कार्ययोजना बनाने की दिशा में पहल करे।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के बेहतर क्रियान्वित के संबंध में डॉ.यादव ने कहा कि इस यात्रा से जन-हितैषी योजनाओं का लाभ आम जनता को बेहतर ढंग से मिले। मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना की निर्माणाधीन सड़कों को लेकर अधिकारियो से कहा कि सड़कों सहित अन्य निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो जाएं, सभी अधिकारी अनिवार्य रूप से इसका पालन करें। डॉ.यादव ने कहा कि समाज के ऐसे सेवानिवृत्त लोगों की सेवाएं ली जाएगी, जो अच्छे कार्य करते हैं।

ऐसे लोगों का उपयोग समाज-हितैषी योजनाओं के क्रियान्वयन में किया जाएगा। उन्होंने मिलावटी दूध एवं पेट्रोल पर पूर्व की तरह ही कार्रवाई करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि इससे सही काम करने वाले लोगों को परेशान नहीं किया जाएं। डॉ.यादव ने सभी कलेक्टर्स को निर्देश दिए कि जितने भी निर्माण कार्य हैं, जिनमें 2 विभागों के बीच समन्वय की आवश्यकता है, वहां वे निगरानी कर बेहतर समन्वय स्थापित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी कलेक्टर्स विधायकगणों की समस्याओं और उनके विषयों का निराकरण प्राथमिकता से करें। विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर किये जा रहे कार्यक्रमों की जानकारी से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। बैठक में विधायकगणों ने सड़क और भवन निर्माण का मुद्दा उठाया।

बैठक में उज्जैन संभाग के सभी संसदीय क्षेत्र के सांसद, विधायकगण, महापौर, जिला पंचायत अध्यक्ष, शहर प्राधिकरण अध्यक्ष, अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, संभागायुक्त, पुलिस महानिरीक्षक और संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक मौजूद थे।

### विकास का एजेण्डा सबसे पहले

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों की समीक्षा के दौरान कहा कि दताना एवं मुल्लापुरा मार्ग को जोड़कर कार्य करें। राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारी, जो सड़क बना रहे हैं, वे एक तरफ से बनाते हैं। आवश्यकता है कि दोनों ओर से सड़क बनाई जाए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन सड़कों पर डालने से सड़क कट रही हैं। इसलिए लोगों को समझाइश दें कि वे सड़कों पर पाइप लाइन नहीं डालें। सड़कों पर पानी निकासी की पर्याप्त व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि निए निर्माण कार्य करने के लिए पहले से बने हुए पक्के निर्माण स्थल को न तोड़ा जाए। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विकास का एजेण्डा सबसे पहले है।

### मांस-मछली के लिए व्यवस्थित बाजार विकसित किए जाएं

डॉ. यादव ने खुले में बेच रहे मांस और मछली बेचने वालों पर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने इस संबंध में कहा कि मांस-मछली का कारोबार करने वालों के लिए सभी जगह व्यवस्थित बाजार विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि एक जगह मांस मछली का बाजार होने के बाद सड़क पर मांस-मछली बेचने की नौबत नहीं आएगी।

### धरोहरों से जुड़े कानून पर संसदीय समिति का अहम सुझाव

## सरकारी कर्मियों की जवाबदेही तय करने हो संशोधन

- अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते कार्रवाई सुनिश्चित की जाए
- जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा हो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश की ऐतिहासिक विरासतों और धरोहरों से जुड़े कानून में संशोधन को लेकर संसदीय समिति ने अहम सुझाव दिया है। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान समिति ने सिफारिश की है कि कानून में ऐसे सख्त संशोधन किए जाने चाहिए, जिससे विरासत और धरोहरों के संरक्षण से जुड़े सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। परिवहन, पर्यटन और संस्कृति मंत्रालय के मामलों को देखने वाली स्थायी संसदीय समिति ने कहा, आने वाले संशोधनों में बेहद सख्त कानूनी प्रावधान होने चाहिए, जिनसे सरकारी कर्मचारियों की जवाबदेही तय की जा सके। समिति ने केंद्र की तरफ से संरक्षित स्मारकों और धरोहरों को सहेजने के साथ-साथ अतिक्रमण रोकने लिए समय रहते और तत्परता से कार्रवाई सुनिश्चित किए जाने का आह्वान भी किया।

धरोहरों को सहेजने से जुड़े कानून में बदलाव पर संसदीय समिति ने अपनी सिफारिश में कहा, अगर सरकारी कर्मचारी स्मारकों के अतिक्रमण रोकने में विफल रहें और अपनी ड्यूटी में लापरवाही करते पाए जाएं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। जिला वन अधिकारी को मिली शक्तियों की समीक्षा भी होनी चाहिए। समिति ने कहा कि अतिक्रमण को रोकने के लिए 1972 में बने कानून- वन्यजीव अधिनियम के तहत डीएफओ को जैसी शक्तियां दी गई हैं, वैसे ही अधिकार एएसआई अधिकारियों को मिलने चाहिए।

### शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की

समिति ने शीतकालीन सत्र के दौरान 363वीं रिपोर्ट पेश की। एएमएएसआर कानून के तहत पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग (एएसआई) ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण करती है। प्राचीन स्मारक और पुरातात्विक स्थल और अवशेष को बचाने के लिए एएसआई देशभर में काम करती है। वर्तमान में एएसआई 3690 स्मारकों को सहेजने का काम कर रहा है। समिति ने इस बात पर भी चिंता जाहिर की है कि देशभर में केवल 6.7 फीसद स्मारकों या संग्रहालयों में सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यानी केंद्रीय स्तर से सहेजे जा रहे 3693 स्मारकों में केवल 248 में सुरक्षाकर्मियों को तैनात किया गया है। कुल सात हजार कर्मचारियों को नियुक्त किए जाने की जरूरत है, लेकिन सिर्फ 2578 सुरक्षाकर्मी ही तैनात हैं। इसका कारण फंड में कमी को बताए जाने पर स्थायी संसदीय समिति ने निराशा प्रकट की।

## छत्तीसगढ़ में पुलिस-नक्सली मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर शहीद

**रायपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए हैं।

सब इंस्पेक्टर की शहादत को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने नमन किया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, रविवार की सुबह सात बजे जगरगुंडा थाना अंतर्गत बेदरे कैंप से सीआरपीएफ 165वी बटालियन की कंपनी उर्सांगल की तरफ ऑपरेशन पर निकली थी। ऑपरेशन के दौरान नक्सलियों से मुठभेड़ हुई। घटना में 165वी बटालियन के सब इंस्पेक्टर सुधाकर रेड्डी शहीद हो गए एवं कांस्टेबल रामू गोली लगने से घायल हो गए। घायल जवान को प्राथमिक उपचार कर उचित उपचार हेतु हेलीकॉप्टर के माध्यम से एयरलिफ्ट किया जा रहा है। मुठभेड़ के बाद सुरक्षा बलों ने आस पास के इलाके की सघन तलाशी की, जिस पर चार संदिग्धों को पुलिस ने दबोच लिया है तथा सीआरपीएफ, कोबरा एवं जिला बल के द्वारा आस पास के इलाके की सघन सर्चिंग की जा रही है।

### तलाशी अभियान में पुलिस ने 4 को दबोचा

### विधानसभा का सत्र आज से, सुरक्षा के कड़े प्रबंध

## पहले 2 दिन नव निर्वाचित विधायकों को दिलाई जाएगी शपथ



### बुधवार को होगा राज्यपाल का अभिभाषण

**भोपाल, देशबन्धु।** सोलहवीं विधानसभा का पहला सत्र सोमवार से शुरू होगा। राज्यपाल मंगुभाई पटेल भी बुधवार को सदन को संबोधित करेंगे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव भी होगा। विधानसभा के सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव और प्रमुख सचिव अवधेश प्रताप सिंह ने आज सत्र की तैयारियों और सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया। वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी भी इस अवसर पर उपस्थित थे। 4 दिन तक चलने वाला यह सत्र 21 दिसम्बर तक चलेगा। पहले दो दिन के दौरान नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। सामयिक अध्यक्ष गोपाल भार्गव नए विधायकों को शपथ दिलाएंगे और विधानसभा अध्यक्ष के चुनाव से पहले सदन की कार्यवाही का संचालन करेंगे। जबकि बुधवार को सत्र के तीसरे दिन विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा।

## देश भर में ठंड ने बढ़ाई ठिठुरन, मध्यप्रदेश में बारिश के आसार

- **जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी से रास्ते बंद**
- **राजस्थान के माउंट आबू में पारा एक डिग्री पहुंचा**

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर में भारी बर्फबारी हुई है। टूरिस्ट डेस्टिनेशन गुलमर्ग में बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। कोंगडोरी इलाके में रविवार को पारा -4 डिग्री पर पहुंचा गया। गुलमर्ग पहुंचे टूरिस्ट स्नो फॉल का मजा लेते नजर आए। हालांकि उनका कहना है कि बर्फबारी के चलते रास्ते ब्लॉक हो गए हैं, लिहाजा हम कहीं और नहीं जा पा रहे हैं। राजस्थान के माउंट आबू में रविवार को पारा एक डिग्री पर पहुंच गया है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़ और बिहार में भी ठंड बढ़ गई है। मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश में बारिश के आसार जताए हैं, वहीं तमिलनाडु में बारिश हो रही है। दिल्ली में पारा 6.5 दर्ज किया गया है।

जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों बर्फबारी के चलते रास्ते ब्लॉक हैं। गुरेज वैली में प्रशासन बर्फ हटाने में जुट गया है। वहीं, माता वैष्णो देवी की यात्रा पर गए श्रद्धालुओं ने बर्फबारी का आनंद लिया। उनके बनाए वीडियो भी सामने आए हैं।

### मध्य प्रदेश में सर्द हवाओं की दस्तक

मध्यप्रदेश में सर्द हवाओं ने धूप की चमक को बेअसर कर रखा है। रविवार सुबह भोपाल, ग्वालियर, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन में धुंध और कोहरा रहा। प्रदेश में शनिवार की रात पचमढ़ी में सबसे सर्द रही। पारा 7.2 डिग्री पहुंच गया।

नौगांव (छतरपुर) में रात का पारा 8.5, रीवा और उमरिया में 8.6 डिग्री रिकॉर्ड हुआ। प्राइवेट वेदर एजेंसी स्काईमेट ने तमिलनाडु में कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई थी। सोमवार तक केरल में कई स्थानों के अलावा तमिलनाडु में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम दर्जे की, तो कुछ स्थानों पर तेज बारिश हो सकती है।

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिले दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारी



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से आज उनके दिल्ली प्रवास के दौरान मध्य प्रदेश भवन में दिल्ली संत महामंडल के पदाधिकारियों ने भेंट कर मुख्यमंत्री बनने पर शुभकामनाएं दी।

दिल्ली संत महामंडल के महामंत्री महामंडलेश्वर महंत नवल किशोर दास जी, संगठन महामंत्री स्वामी कंचन गिरी जी, कोषाध्यक्ष श्रीमंत धीरेंद्र पुरी जी और कोतवाल महंत मंगलदास जी ने मुख्यमंत्री डॉ यादव को श्रीरामजी की प्रतिमा और शाल-श्रीफल देकर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने संतों की बधाई स्वीकार करते हुए सभी संतों को मध्यप्रदेश आने का न्योता दिया।



*उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने रीवा में बसामन मामा की पूजा अर्चना की तथा रीवा जिले एवं मध्य प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान पूर्व विधायक के पी त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।*



*नई दिल्ली में रविवार को केन्द्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने सौजन्य भेंट की।*

## इंडिया गठबंधन के दलों के नेताओं की कल

### सीटों के बंटवारे को लेकर होगा विचार विमर्श

**नई दिल्ली।** संसद के शीतकालीन सत्र के बीच विपक्षी दलों के 'इंडिया' गठबंधन ने 19 दिसंबर मंगलवार को यहां राष्ट्रीय राजधानी में अपनी चौथी बैठक बुलाई है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद छह दिसंबर को यहां अपने आवास पर गठबंधन दलों के नेताओं की बैठक बुलाई थी लेकिन समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव, तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी तथा कुछ अन्य नेताओं ने बैठक में निजीव्यवस्था के कारण शामिल होने से असमर्थता जताई थी जिसके बाद यह बैठक टल गई थी। सूत्रों के अनुसार 19 दिसंबर को होने वाली बैठक में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव और तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी और द्रमुक नेता एमके स्टॅलिन भी शामिल होंगे। बैठक का एजेंडा तैयार बताया जा रहा है लेकिन आधिकारिक तौर पर अब तक एजेंडा जारी नहीं किया गया है। सूत्रों की माने यो आम चुनाव के लिए घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर इस बैठक में विचार विमर्श हो सकता है। विपक्षी दलों ने 2024 के चुनाव में मिलकर चुनाव लड़ने के लिए यह गठबंधन बनाया है जिसकी अब तीन बैठके हो चुकी है। ये बैठकें पटना, बेंगलुरु और मुंबई में हुई हैं। लंबे समय से गठबंधन की बैठक नहीं होने पर कई नेताओं ने नाराजगी भी व्यक्त की थी।

## मोदी ने 'सूरत डायमंड बोर्स' का उद्घाटन किया

### 15 मंजिलों वाले 9 टॉवर में 4500 से अधिक दफ्तर




**सूरत।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज यानी, 17 दिसंबर को गुजरात में बने सूरत डायमंड बोर्स बिल्डिंग का इनॉगरेशन किया। ये सबसे बड़ी इंटरकनेक्टेड और अमेरिकी रक्षा मुख्यालय पेंटागन से बड़ी ऑफिस बिल्डिंग है। इसमें 4500 से अधिक दफ्तर हैं। इससे पहले पीएम मोदी ने सूरत एयरपोर्ट पर नए इंटीग्रेटेड टर्मिनल का उद्घाटन किया और रोड शो भी किया। सूरत डायमंड बोर्स को 3,500 करोड़ रुपए की लागत से बनाया गया है। बिल्डिंग का कंस्ट्रक्शन फरवरी 2015 में शुरू हुआ था। अप्रैल 2022 में इसका काम पूरा हुआ। स्ट्रक्र को सूरत की डायमंड इंडस्ट्री ने मैन्युफैक्चरिंग और ट्रेडिंग दोनों के लिए वन-स्टॉप हब के रूप में स्थापित किया है। सूरत दुनिया के 92 फीसदी नेचुरल डायमंड की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

### सरकार ने अगले 25 वर्षों के लक्ष्य निर्धारित किए : मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आर्थिक विकास के लिए सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा सरकार ने अगले 25 वर्षों के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया है जिसे हासिल करने की दिशा में वह काम कर रही है। मोदी ने गुजरात के सूरत दौरे के दौरान कहा, चाहे लक्ष्य पाँच लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था का हो या 10 ट्रिलियन-डॉलर की अर्थव्यवस्था का, सरकार ने अगले 25 वर्षों के लिए लक्ष्य तय किया है। हम इस लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार अपने तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत के निर्यात उद्योग को बढ़ावा देने और देश को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## तेलंगाना में मानव-पशु संघर्ष में मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुनी हुई

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार ने मानव-पशु संघर्ष में किसी व्यक्ति की मृत्यु पर मुआवजा राशि दोगुना कर 10 लाख रुपये कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिन परिवारों के सदस्य मानव-पशु संघर्ष के शिकार होते हैं, उनके लिए अनुग्रह राशि 5 लाख रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपये कर दी गई है। राज्य की पर्यावरण एवं वन मंत्री कोंडा सुरेखा ने मंत्री के रूप में कार्यभार संभालने के बाद इस संबंध में एक आदेश पर हस्ताक्षर किए। इससे संबंधित विवरण, निर्देश और नियम जल्द ही जारी किए जाने हैं। मंत्री ने अन्य राज्यों से विभिन्न त्योहारों और आयोजनों के लिए तेलंगाना में हाथियों को लाने से संबंधित एक फाइल पर भी हस्ताक्षर किए। मंत्री ने बीआर अंबेडकर तेलंगाना राज्य सचिवालय में अपने कक्ष में अपने परिवार, विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यभार संभाला। सुरेखा ने मंत्री नियुक्त होने पर खुशी व्यक्त की और कहा कि वह वन विभाग की सभी विकास गतिविधियों में 100 प्रतिशत सहयोग प्रदान करेंगी।

बीसी कल्याण और परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर, कई विधायक, मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र के विभिन्न नेता, अतिरिक्त मुख्य सचिव, ईएफएसएंडटी, पीसीसीएफ (एचओएफएफ)आरएम डोबरियाल और अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### कुवैत के अमीर के निधन पर भारत में भी राजकीय शोक रहा

**नई दिल्ली।** कुवैत के अमीर शेख नवाफ अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निधन के बाद आज भारत में भी राजकीय शोक रहा। अमीर का शनिवार को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों को भेजे एक संदेश में 17 दिसंबर को राजकीय शोक घोषित किया था। इस दौरान पूरे भारत में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहा और कोई आधिकारिक मनोरंजन कार्यक्रम नहीं हुए।

देशबन्धु

जबलपुर, सोमवार 18 दिसम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



## क्राउड फंडिंग से कांग्रेस का बढ़ेगा जनाधार

लोकसभा चुनाव के ठीक पहले कांग्रेस ने आर्थिक मदद के नाम से जनता से जुड़ने की अभिनव पहल की है। 28 दिसंबर को पार्टी के 138 वर्ष पूरे होने जा रहे हैं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इससे पहले सोमवार को डिजिटल स्वरूप में आमजन से दान लेने की मुहिम की शुरुआत कर रहे हैं। 'डोनेट फॉर देश' के नाम से संचालित होने वाले इस अभियान की महत्ता चुनाव लड़ने के लिए धन राशि एकत्र करने तक सीमित नहीं है, वरन उसका महत्व इसलिये भी है कि वह नये सिरे से आम लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ने जा रही है। इसके साथ ही देश की यह सबसे पुरानी पार्टी अपनी उस परम्परा को पुनर्जीवित करने जा रही है, जिसके बल पर दुनिया की सबसे विपन्न भारतीय अवाम के समक्ष विश्व के सर्वाधिक समृद्ध ब्रितानी हुकूमत को घुटने टेकने के लिये मजबूर होना पड़ा था। देश का स्वतंत्रता संग्राम छोटी-बड़ी मदद के बल पर लड़ा गया था। कांग्रेस को इस तरह जनता के सामने झोली फैलाने की ज़रूरत इसलिये आन पड़ी है क्योंकि उसका मुकाबला भारतीय जनता पार्टी जैसे अति सम्पन्न राजनैतिक संगठन के साथ है। दशक भर में उसने जैसा पैसा एकत्र किया है और उसका वह व्यय करती हुई दिख भी पड़ती है, उसके सामने किसी भी सामान्य दल का टिके रहना मुश्किल है। अब तक कांग्रेस उसका जिस प्रकार से भी मुकाबला कर रही है, वह अपने समर्पित कार्यकर्ताओं के बल पर ही, लेकिन 2024 का आम चुनाव लोकतंत्र के लिहाज से जिस प्रकार महत्वपूर्ण हो गया है, उसके चलते सम्भव है कि कांग्रेस कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती। देखना यही होगा कि जनता कांग्रेस की दान की अपील को कैसा प्रतिसाद देती है।

शनिवार को दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित एक प्रेस कांफ्रेंस में महासचिव केसी वेणुगोपाल एवं पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने बताया कि 'डोनेट फॉर देश' अभियान के अंतर्गत आमजन कांग्रेस को परम्परागत तरीकों के अलावा भुगतान के सभी डिजिटल माध्यमों के जरिये भी दान दे सकेंगे। इसके लिये एक अलग वेबसाइट भी बनाई गई है। कुछ ही दिनों में कार्यकर्ता घर-घर घूमकर चंदा एकत्र करेंगे। दान की न्यूनतम राशि 138 रुपये रखी गई है। यह सहयोग राशि उसके गुणा किये जाने वाली संख्या में अधिकतम कुछ भी हो सकती है, यानी 1380, 13800 और ऐसे ही आगे। यह राशि इसलिये चुनी गई है क्योंकि कांग्रेस अपनी स्थापना के 138 वर्ष पूर्ण करने जा रही है। यह धन संग्रह मुहिम करीब एक सौ साल पहले (1920-21) महात्मा गांधी द्वारा देश की स्वतंत्रता के लिये चलाये गये 'तिलक स्वराज फंड' से अभिप्रेरित बतलाई गई है।

कांग्रेस को इस तरह के चंदा अभियान की आवश्यकता इसलिये महसूस हुई क्योंकि पिछले कुछ समय से भाजपा ने जहां खुद को आर्थिक दृष्टि से बेहद मजबूत किया है वहीं उसने विरोधी दलों को मदद राशि मिलने के सारे रास्ते यथासम्भव बन्द कर दिये हैं। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की एक रिपोर्ट बताती है कि इलेक्टोरल बॉंड के जरिये प्राप्त हुए करीब 9188 करोड़ रुपये में से 5272 करोड़ रुपए अकेली भाजपा को मिले। शेष लगभग 1780 करोड़ रुपए अन्य 7 राष्ट्रीय व 24 क्षेत्रीय दलों के पास पहुंचे। भारी-भरकम खर्चों से होने वाले चुनावी प्रचार अभियानों के माध्यम से भाजपा ने चुनाव प्रक्रिया को ही इतना खर्चीला कर दिया है कि किसी भी दल का उसके साथ मुकाबला करना बहुत मुश्किल हो गया है। सत्ता हाथ में होने के कारण और उसकी आर्थिक नीतियों के चलते वह उद्योगपतियों व कारोबारियों की पसंदीदा पार्टी बन गई है। केन्द्र की सरकार उसकी अपनी होने के कारण देश के भीतर जहां उसके दफ्तरों के सामने चंदा देने वालों की कतारें लगती हैं, अन्य दलों द्वारा प्राप्त होने वाले धन पर उसकी वक्र दृष्टि होती है। उसके पास उपलब्ध केन्द्रीय जांच एजेंसियों का वह खुलकर उपयोग विपक्षी दलों व नेताओं के खिलाफ करती है। जिन पूंजीपतियों को उसने अपनी नीति से फायदा पहुंचाया है, उसके फलस्वरूप उसके पास पैसे की किल्लत होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। यह चर्चा भी आम है कि नोटबन्दी की बहती गंगा में भाजपा ने अपने हाथ धोये हैं। पूरे भारत में उसके आलीशान कार्यालय, भव्य रोड शो, खूब खर्चीली प्रचार सभाएं साफ बतलाती हैं कि वह देश ही नहीं सम्भवत: दुनिया की सबसे अमीर पार्टी है।

जाहिर है कि ऐसी मालामाल पार्टी के साथ मुकाबला बेहद कठिन है। इसके साथ ही अगले लोकसभा चुनाव का जैसा महत्व है, कांग्रेस के समक्ष लोगों से मदद मांगने के अलावा कोई चारा नहीं रह गया है। इसके माध्यम से पार्टी न केवल अपने खर्च का बंदोबस्त करेगी वरन लोगों से उसका व्यापक जुड़ाव हो सकेगा। उसे वे लोग मदद करेंगे जो कांग्रेस की विचारधारा से इत्तेफ़ाक रखते हैं। बड़ी तादाद में ऐसे नागरिक हैं जो चाहते हैं कि कांग्रेस मजबूत हो लेकिन वे उसकी मदद नहीं कर पाते। ये सामान्यजन होते हैं जो अल्प राशि ही देने में सक्षम हैं। वे निश्चित ही आगे आयेंगे। इससे कांग्रेस की नीतियों, कार्यक्रमों एवं योगदान का चर्चा आम हो सकेगा जिसका उसे चुनावी लाभ भी मिलेगा। अभियान न सिर्फ पार्टी को भाजपा से लड़ने का हौसला देगा वरन उसके वोट बैंक में भी बड़ा इज़ाफ़ा करेगा। कांग्रेस को दो-तीन बातों का अवश्य ख्याल रखना होगा। पहला तो यह कि संग्रहित राशि पारदर्शी हो और वह उसे बहुत समझदारी के साथ खर्च करे। इसमें उसे एक-एक पाई का हिसाब रखना होगा वरना उसे बदनाम करने का कोई अवसर भाजपा व उसका आईटी सेल हाथ से जाने नहीं देगा।

# पैसे से कांग्रेस की सेहत नहीं सुधरेगी!

हर पार्टी का अपना नेचर होता है। भाजपा में हवा हवाई बातें चल जाती हैं। मगर कांग्रेस में नुकसान कर जाती हैं। भाजपा के साथ एक तो मीडिया होता है दूसरे उसके और संघ के कार्यकर्ता जो इस बात को भी मिनटों में घर-घर पहुंचा सकते हैं कि गणेश जी दूध पी रहे हैं या राहुल पप्पू हैं और मोदी जो चाहे कर सकते हैं। लेकिन कांग्रेस के पास अगर ठोस बातें और जनपक्षीय कार्यक्रम नहीं हैं तो केवल प्रयोग के लिए प्रयोग से या प्रतीकात्मकता से उसे कोई फायदा नहीं होता उल्टा नुकसान ही होता है।

ईवीएम एक ऐसा ही प्रयोग था जिससे आज कांग्रेस ही सबसे ज्यादा परेशान है। ईवीएम कांग्रेस ही लाई थी। नोटा भी वही लाई। आरटीआई भी। ये सब उसके लिए घातक साबित हुए। बिना जनता के स्तर को ऊपर उठाए अति आदर्शवादी व्यवस्था, नए प्रयोग, उस पार्टी के लिए हमेशा नुकसानदेह होता है जिसे जनता वास्तविक आधारों पर जांचती है। कांग्रेस जब मनरेगा लाती है, किसानों की कर्ज माफी करती है तो लाभान्वित हुए लोगों के सीधे समझ में आता है। और वह 2009 में कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए को वापस ले आते हैं। मगर 2012 के बाद जब वही कांग्रेस अन्ना जी, अन्ना जी करने लगती है तो जनता उसे पसंद नहीं करती। अन्ना जी को लाने वाले ओरिजनल लोगों के साथ चली जाती है।

इन विधानसभा चुनावों में हार के लिए ईवीएम एक कारण हो सकता है! होगा। लेकिन अगर ऐसा है तो कांग्रेस ने इसके खिलाफ कौन सी मुहिम शुरू की। आडवानी ने 2009 के चुनाव हार जाने के बाद बाकायदा इसके खिलाफ एक मुहिम शुरू की थी। अपने पार्टी के नेता जीवीएल नरसिम्हा राव से किताब लिखवाई थी। खुद उस ईवीएम विरोधी किताब की प्रस्तावना लिखी थी। मगर 2019 के लोकसभा चुनाव और उससे पहले 2017 में हुए कई विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस ने इस पर सवाल तो हमेशा उठाए मगर कोई निर्णायक आन्दोलन शुरू नहीं किया। हमें याद है 2017 के बाद जब राहुल कांग्रेस अध्यक्ष बन गए थे तो दिल्ली के इन्दिरा गांधी ओपन स्टेडियम के कांग्रेस सम्मेलन में उन्होंने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने इसके खिलाफ एक प्रस्ताव भी पारित किया था। मगर बाद में कोई फालोअप नहीं हुआ। कांग्रेस पूर्व ब्यूरोक्रेटस की, जो चुनाव कार्यों से जुड़े रहे, एक कमेटी बना सकती थी। उनसे जांच करवा सकती थी। कई रिटायर वरिष्ठ अफसरशाह कांग्रेस से जुड़े हुए हैं।

मशीन में गड़बड़ी करने वालों को सख्त मैसेज दे सकती थी। जैसे गडकरी ने बोला था यूपीए के समय, जब उनकी जांच चल रही थी कि किसी भी अफसर को छोड़ेंगे नहीं। वैसे ही सख्त भाषा में बोल सकती थी। आखिर कोई भी डिपार्टमेंट हो, करता तो इंसान ही होगा ना ईवीएम में गड़बड़ी। उसे चेताया तो जा सकता है! मगर कांग्रेस ने हर हार के बाद बोला तो जरूर मगर कोई गंभीर पहल नहीं की। और फिर जनता के मन में यह भी सवाल उठता है कि 2014 में तो कांग्रेस बुरी तरह हारी। तब तो केन्द्र में उसी की सरकार थी। तब भी क्या ईवीएम मैनेज कर ली गई थी? और अगर कांग्रेस के शासन में कांग्रेस के ही खिलाफ ईवीएम मैनेज की जा सकती है तो फिर बात करना ही बेकार है!



शकील अख्तर

**जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं।**

हालांकि इसमें इतने आश्चर्य की बात नहीं। 2012 से 2014 तक पूरी अफसरशाही, दूसरी संस्थाएं मीडिया सब पूरी तरह कांग्रेस के विरोध में हो गए थे। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में 2012 से 2014 तक सबसे कमजोर सरकार रही। इतनी

तो चन्द्रशेखर की सरकार भी कमजोर नहीं थी।

सत्ता से बाहर कांग्रेस को दस साल हो रहे हैं। और दो हार के बाद तीसरा चुनाव 2024 सिर पर खड़ा है। मगर अभी तक वह अपनी असली समस्या को समझ नहीं पा रही है। मामला हार्ट और ब्रेन का है। नेताओं के कमजोर दिल और निहित स्वार्थी दिमाग का! मगर पार्टी कास्मेटिक सर्जरी कर रही है।

अभी एक नया शिगूफा छेड़ा। क्राउड फंडिंग। राजनीति में यह सफल प्रयोग किया था देवीलाल ने। एक वोट एक नोट! जोर वोट पर था। नोट तो उनसे ज्यादा कोई खर्च कर नहीं सकता। उस समय जिप्सी नई गाड़ी आई थी। चुनाव में पुरानी

महिन्द्रा और विलीज जीपें चलती थीं। गांवों में यही जा पाती थीं। 1989 में देवीलाल ने जनता दल के अपने सारे लोकसभा प्रत्याशियों के पास नई सफेद चमचमाती जिप्सी पहुंचा दी थीं। आज के उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उसी समय अपना पहला चुनाव लड़े थे। और जीते थे। राजस्थान के झुन्झुनू से। खुद देवीलाल पड़ोस के सीकर से लड़ रहे थे। इसे शेखावाटी का इलाका कहते हैं।

जाट बेल्ट। उस समय के लोकसभा अध्यक्ष बलराम जाखड़ को हराया था। खैर वह बात वोट और नोट की थी। तो वोट तो मिले ही। और नोट तो प्रतीकात्मक था। तो सारी जिप्सियां वहीं कार्यकर्ताओं को दे आए थे।

देवीलाल शाहखर्च थे। कांग्रेसी भी हैं। मगर दूसरे के पैसे खर्च करने में। अपना तो सब ने दबाकर रखा हुआ है। पता नहीं किस काम आएगा! जिनके पास रखा है वह कोई नहीं लौटाते हैं। बच्चे बेवजह परेशान होकर घूमते रहते हैं। इससे बेहतर है पार्टी को दे दें। मगर नहीं देंगे। पार्टी से और कुछ मिल जाएगा तो ले लेंगे। खैर तो यहां कांग्रेस ने गांधी जी को याद किया है। मगर यह भूल गए कि गांधी महामितव्ययी थे। थर्ड क्लास में चलते थे। यहां तो हर नेता को

चार्टेड प्लेन चाहिए। शहर के सबसे अच्छे होटल का सबसे महंगा सुइट। बड़ी गाड़ी, सेवा में चार कार्यकर्ता। लगा लें हिसाब कांग्रेस कि जब पैसा नहीं है तो नेताओं ने जिनमें कुछ बड़े नेता छोड़ भी दो तो छोटे और मंझौले दर्जे के नेताओं के चुनाव में घूमने पर कितना खर्चा आया है। और कितने इन्होंने अपनी प्रदर्शनप्रियता और अफालतूनी रवैये से वोट कटवाए हैं। कितने भले कांग्रेसी कार्यकर्ताओं को गालियां दी हैं।

अपनी क्राउड फंडिंग को गांधी जी के 1920-21 तिलक स्वराज कोष से प्रेरित बताना तो ठीक है मगर उनकी तरह पाई-पाई का हिसाब क्या कांग्रेस दे पाएगी? जनता पैसे देगी तो क्या हिसाब नहीं मांगेगी?

और फिर वही बात जो गांधी का मूल उद्देश्य था और देवीलाल का हमने बताया कि पैसा नहीं उसके पीछे जोड़ने की भावना? तो इसके लिए कांग्रेस को अपनी नई टीम सामने लानी होगी। एक साल से ज्यादा समय हो गया है, नए अध्यक्ष भी लिखना अब अजीब लगता है, पुराने हो गए उन खरगे जी की टीम अभी तक नहीं बनी है। गैर-जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं। अभी देखा कि कमलनाथ को जिन्हें पांच साल से ज्यादा कांग्रेस ने एकछत्र काम करने का मौका दिया। वह संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल और प्रभारी रणदीप सुरजेवाला को

व्यंगतात्मक बधाई और शुभकामनाएं दे रहे हैं। शुक्र है सोनिया और राहुल पर अटैक नहीं किया। अपने बेटे नकुलनाथ का राजनीतिक भविष्य ध्यान में आ गया होगा।

यह हाल है कांग्रेसियों का। सब कुछ देने के बाद भी थैंकफुल होने के बदले थैंकलेस ही नहीं कटुता दिखाते हैं। कभी आडवानी, मुरली मनोहर जोशी या रविशंकर प्रसाद, प्रकाश जावड़ेकर, विजय गोयल या हां अभी ताजा शिवराज सिंह चौहान या वसुंधरा राजे के मुंह से एक भी शब्द नकारात्मक सुना!

कांग्रेस में ऐसे नेताओं की भरमार है बड़े नेताओं की जो सब कुछ पाकर भी पार्टी और नेता पर हमले करते हैं। प्रणव मुखर्जी को राष्ट्रपति बनाया।

मगर संघ मुख्यलय नागपुर जा पहुंचे। बेटी को दिल्ली का चीफ स्पोकसपर्सन। मगर वह किताब लिखकर राहुल और सोनिया को कोस रही हैं। जी 23 इन कांग्रेसियों ने ही बनाया था ना! अब फिर कमजोर दिख रही है तो 23 से ज्यादा भी इकट्ठा हो जाएंगे।

कांग्रेस की समस्या यह है, कृतध्न नेता! जब तक मलाई मिलेगी चिपटे रहेंगे। फिर गालियां देंगे। इन पर सख्ती जरूरी है। थोड़े हों, कम हों पर विश्वसनीय हों। कार्यकर्ता राहुल के साथ हैं। उन्हें ही आगे लाना होगा। क्षत्रपों को भाव देना बंद करना होगा।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# कांग्रेस पश्चिम बंगाल में चुन सकती है तृणमूल के साथ गठबंधन का विकल्प

■ **सात्यकी चक्रवर्ती**

19 दिसंबर को नई दिल्ली में भारत के घटक दलों की बैठक की पूर्व संध्या पर कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस के सूत्रों से उपलब्ध सभी संकेत बताते हैं कि कांग्रेस आलाकमान बंगाल में भाजपा से मुकाबले के लिए संयुक्त रूप से 2024 लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए तृणमूल कांग्रेस के साथ चुनावी गठबंधन बनाने की इच्छुक है।

इसका मतलब यह है कि अगर कांग्रेस-टीएमसी गठबंधन आकार लेता है तो कांग्रेस को राज्य स्तर पर सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ अपना गठबंधन खत्म करना होगा। अब तक कांग्रेस और सीपीआई (एम) दोनों राज्य में सत्तारूढ़ टीएमसी से लड़ रहे हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अधीर चौधरी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य में उनके शासन की आलोचना करने में सबसे मुखर रहे हैं। वह इस स्थिति पर कायम रहे हैं कि राज्य कांग्रेस सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाले वाम मोर्चे के साथ गठबंधन में भाजपा और टीएमसी दोनों से एक साथ लड़ेगी।

वर्तमान लोकसभा में, कांग्रेस के पास दो, भाजपा के पास 17 और टीएमसी के पास 23 सीटें हैं। 1964 में अपने गठन के बाद पहली बार सीपीआई (एम) के पास बंगाल से लोकसभा में कोई सीट नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनावों में, भाजपा को 18 सीटें मिलीं, लेकिन आसनसोल में बाद में हुए चुनावों में, टीएमसी ने भाजपा को हरा दिया और इसलिए भाजपा की ताकत घटकर 17 हो गई। इसके अलावा 2019 के एक और भाजपा विजेता अर्जुन सिंह ने भाजपा छोड़ दी और तृणमूल में शामिल हो गये, हालांकि आधिकारिक तौर पर वह अभी भी भाजपा के लोकसभा सदस्य माने जाते हैं। वहीं, बंगाल विधानसभा में भाजपा के विपक्षी नेता शुभेन्दु अधिकारी के पिता और काठी लोकसभा सांसद सिसिर अधिकारी ने टीएमसी से नाता तोड़ लिया है तथा वह अब अपने बेटे का समर्थन कर रहे हैं।

**कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है।**

2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से पिछले पांच वर्षों में बंगाल के चुनावी परिदृश्य में टीएमसी के पक्ष में काफी बदलाव आया है। 2021 के विधानसभा चुनाव के नतीजों से पता चला कि टीएमसी दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में भाजपा से अपना खोया हुआ आधार वापस पाने में सफल रही है, लेकिन उत्तर बंगाल में भाजपा का प्रभाव अभी भी बना हुआ है। टीएमसी ने खुद अपना सर्वेक्षण किया है और उससे पता चला कि उत्तर बंगाल की छह लोकसभा सीटों पर जहां 2019 में भाजपा ने जीत हासिल की थी, वहां टीएमसी अपने दम पर उन्हें हराने की स्थिति में नहीं है, लेकिन अगर कांग्रेस के साथ गठबंधन होता है, तो छह में से कम से कम पांच सीटों पर भाजपा को हार मिल सकती है। सच तो यह है कि कांग्रेस अपने दम पर कोई भी सीट जीतने की स्थिति में नहीं है, लेकिन उत्तर बंगाल की कुछ सीटों पर उसका वोट आधार 5 फीसदी से 12 फीसदी के बीच होने से टीएमसी-कांग्रेस गठबंधन को जीत मिल सकती है।

जहां तक कांग्रेस आलाकमान का सवाल है तो सूत्रों का कहना है कि उसका अपना आकलन कथित तौर पर दिखाता है कि कांग्रेस और सीपीआई (एम) के नेतृत्व वाला वाम मोर्चा का गठबंधन एक साथ टीएमसी से लड़कर भाजपा को हराने की स्थिति में नहीं है। कांग्रेस के अध्ययन में हाल के चुनावों में सीपीआई (एम) के वोट शेयर का विश्लेषण किया गया है। इसका आकलन बताया गया है कि अगर टीएमसी और सीपीआई (एम) के बीच कोई विकल्प चुनना है, तो 2024 के लोकसभा चुनावों में सीटों की बढ़ोतरी निश्चित करने के लिए टीएमसी के साथ गठबंधन कांग्रेस के लिए वांछनीय है।

सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने 4 दिसंबर को टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ अपनी बातचीत में विपक्षी इंडिया गठबंधन के घटक राजनीतिक दलों को बंगाल में संयुक्त रूप से लड़ने की आवश्यकता का उल्लेख किया था, जिस पर वह सहमत हुईं और उन्हें जल्द से जल्द सीट बंटवारे पर बातचीत शुरू करने के लिए कहा। दोनों ने 19 दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक में सीट बंटवारे पर चर्चा को आगे बढ़ाने का फैसला किया है।

अनुवर्ती कार्रवाई के रूप में, टीएमसी ने चर्चा के पहले चरण में कांग्रेस को तीन सीटों की पेशकश की है, दो वर्तमान सीटें बरहामपुर और मालदह दक्षिण भी शामिल है। इसके अलावा खबर है कि टीएमसी ने कांग्रेस को रायगंज सीट की पेशकश की है। यह सीट अब भाजपा के पास है। कांग्रेस कम से कम छह सीटों की तलाश में है। लेकिन टीएमसी सूत्रों का कहना है कि कांग्रेस की सीटों में और बढ़ोतरी इस बात पर निर्भर करेगी कि कांग्रेस असम में टीएमसी को एक सीट और मेघालय में एक सीट पर सहमत होगी। ध्यान रहे कि असम में 14 लोकसभा सीटें और मेघालय को दो लोकसभा सीटें हैं।

टीएमसी उत्तर बंगाल के जिलों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जो भाजपा का सबसे मजबूत क्षेत्र और टीएमसी के लिए सबसे कमजोर क्षेत्र है। दक्षिण बंगाल के जिलों में अब टीएमसी का दबदबा कायम है जहां भाजपा को हराने के लिए पार्टी को वस्तुत: किसी समर्थन की जरूरत नहीं है। लेकिन उत्तर बंगाल के जिलों में 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा की ताकत में थोड़ी गिरावट आई है। फिर भी यह अच्छी संख्या में सीटें पाने के लिए पर्याप्त है। उत्तर बंगाल के जिलों की छह सीटों में अलीपुर दुआर, बालुरघाट, कूचबिहार, दार्जिलिंग, जलपाईगुड़ी और रायगंज शामिल हैं। इन सीटों पर भाजपा का वोट शेयर 59 फीसदी से लेकर न्यूनतम 40 फीसदी तक रहा था।

2014 के लोकसभा चुनाव में टीएमसी को कुल 42 सीटों में से 34 सीटें मिली थीं, जो 2019 के चुनाव में वह घटकर 22 सीटों पर आ गई। अब टीएमसी फिर से 34 सीटों की उस ताकत को बहाल करने पर काम कर रही है। जहां तक कांग्रेस आलाकमान की बात है, हिंदी पट्टी से पर्याप्त सीटें पाने की उसकी पहले की उम्मीदों को राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों के नतीजों के बाद कुछ झटका लगा है। कांग्रेस बंगाल सहित किसी भी राज्य में अपनी मौजूदा लोकसभा सीटें छोड़ने को तैयार नहीं है। यह देखना होगा कि क्या बंगाल कांग्रेस दिल्ली नेतृत्व के अनुरूप चलती है या आलाकमान प्रदेश पार्टी नेतृत्व को संगठन के हित में वाम मोर्चा के साथ गठबंधन करने की अनुमति देता है।

## गुरवाणी विचार

### जप मन सतनाम सदा सतनाम

थाल विच तिनि वस्तु पइओ-सत संतोख विचारो।
अमृत नाम ठाकुर का पइओ -जिसका सबस आधारो।।
जे को खावै जे को भुंचे-तिस का होय उधारो।
ऐह वसतु तजी नहीं जाई-नित नित रख उरिधारो।।
तम संसार चरण लगि तरीअै -सब नानक ब्रह्म पसारो।

गुरवाणी की इन पंक्तियों में पंचम नानक गुरु अर्जुन देवजी मानव मन को समझाइश देते हुए फरमा रहे हैं कि यह सारा संसार एक बहुत बड़ा थाल है। इस संसार रूपी थाल में तीन वस्तुएं सत्य, संतोष और विचार सृष्टि मान हो रहे हैं। इन तीनों वस्तुओं पर विचार करने पर पूरा इंसानी आध्यात्म समझ आ सकता है। क्योंकि यह तीनों वस्तुएं प्रभु नाम के मूल पदार्थ से उपजी हैं। प्रभु परमात्मा का नाम ही हर इंसान का जीवन ढाल सकता है। यही प्रभु परमात्मा नाम ही हर इंसान का ही ओट, आसरा है। इस नाम प्राप्ति हेतु उपरोक्त तीन चीजों की आवश्यक रूप से आवश्यकता है।

गुरुदेव ममझा रहे हैं कि थाल में मौजूद आत्मिक भोजन का सेवन करने वाले हर प्राणी का यकीनन रूप से भला होगा ही होगा। ये तीनों वस्तुएं हमें संभाल कर रखनी होगी और अपने जीवन में इन तीनों वस्तुओं का अमल करते रहना होगा। सत्य पर चल कर ही हम इस संसार में अपना आदर्श कायम कर पाएंगे बल्कि सत्य पर चल कर ही हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति भी कर वाएंगे। प्रभु का नाम भी सत्य ही है इसलिए तो हमें गुरवाणी द्वारा समझाइश दी गई है कि -जप मन सतनाम सदा सतनाम।

आगे संतोष के बारे में बताया गया है संतोष हमारे जीवन के लिए एक आवश्यक वस्तु है। संतोष एक ऐसा धन है जिसके आने पर हमें सारे धन धूरि के समान महसूस होने लगते हैं कहा भी गया है -

गौ धन गज धन बाज धन।
और रतन धन खान जब आवै
संतोख धन सब धन धूरि समान।।

फिर विचार धन का मतलब है प्रभु नाम का सिमरन बंदगी करते रहने प्रभु नाम का सिमरन (विचार)करते रहने पर हम प्रभु परमात्मा की प्राप्ति कर पाते हैं। इसीलिए तो हमें बार-बार हिदायत दी जाती है कि-

सांस सांस सिमरो गोविंद।
मन अंतरि की उतरे चिंद।। फिर हमें समझाया गया है
सिमरो सिमर सिमर सुख पाओ।
कलि कलेष तन माहि मिटाओ।।

इस संसार में हमारा मानव जीवन पाकर आना भी तभी सार्थक समझा जाएगा। जब हम प्रभु परमात्मा द्वारा दी गई प्रत्येक श्वांस रूपी पूंजी का प्रभु नाम सिमरन में खर्च करें। कुछ लोग इस बात पर किंतु परंतु करते हैं कि हर वक्त प्रभु नाम सिमरन करते रहने पर हम उदर पोषण अपने और अपने परिवार का कैसे कर पाएंगे तो वे इस बात को भूल जाते हैं कि जिस प्रभु परमात्मा ने हमें इस संसार में भेजा है वह हमारे खाने-पीने की व्यवस्था पहले लिख देता है- तूं जग उत्ते पिछों आवें। उह पहले लिख जांदा है।।

प्रभु परमात्मा में ब्यालीस लाख जीव जल में रखे हैं उनकी भी रोजी रोटी का वह इंतजाम कर रहा है। फिर हमें हाथ पांव से तो अपने उदर पोषण हेतु कार विहार करना ही है पर मन हमारा निरंकार से जुड़ना चाहिए। जिस तरह एक पतंग बाज आसमान में पतंग उड़ाता है। अपने साथ खड़े संगी साथियों से बातचीत भी करता रहता है पर ध्यान उस उसका पतंग पर ही रहता है। कब डोर छोड़नी है, कब खींचनी है। इस बात का पूरा ध्यान रखता है। ठीक इसी प्रकार हमें मन निरंकार के साथ जोड़ना है।

नाम कहे तिलोचना मुख ते नाम संभाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

सत संतोख पर चलते हुए प्रभु नाम पर विचार (सिमर बंदगी) करते हुए इस संसार समुंद्र से हम अपनी जीवन नौका से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में उजले मुख से जा सकते हैं। इसी प्रकार प्रभु परमात्मा की रजा पर चलते रहने पर हमें इस बात का ज्ञान हो पाएगा कि प्रभु परमात्मा का नाम ही सदा सत्य है। सच्चा आचरण रखकर सच्चा विचार रखकर ही हमें जीवन की सूझ प्राप्त हो पाती है। इन तीनों सूत्रों पर चलकर ही हम इस लोक में सुखपूर्वक जीवनयापन कर उजले मुख से परलोक गमन कर जहां पर सुख ही सुख, आनंद ही आनंद की प्राप्ति कर पाएंगे।

**- इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

### गांव को विकास से जोड़ती सड़क

वैसे तो देश के विकास में सभी क्षेत्रों का समान योगदान होता है। लेकिन इसमें सड़कों की सबसे बड़ी भूमिका होती है। कहा जाता है कि जर्जर सड़क से विकास नहीं गुज़र सकता है। यानि जिस क्षेत्र की सड़क बेहतर स्थिति में नहीं होगी वहां अन्य क्षेत्रों की अपेक्षा विकास की रफ़्तार धीमी रहती है।

निवेश जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहलाती है, इसी सड़क की बेहतरी पर निर्भर करता है। कहा जाए तो उन्नत सड़कें विकास की निशानी है। सड़क के इसी महत्व को समझते हुए पूर्व में अटल बिहारी वाजपयी की सरकार में इस पर विशेष ध्यान दिया गया। न केवल राष्ट्रीय राजमार्गों की हालत सुधारी गई बल्कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत गांव-गांव तक सड़कों का जाल बिछा दिया गया। वर्तमान की मोदी सरकार में केंद्रीय सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी भी देश में सड़कों की स्थिति को बेहतर बनाने में लगातार प्रयास कर रहे हैं।

खस्ताहाल सड़क ने केवल अर्थव्यवस्था को ही नहीं बल्कि गांव की किशोरियों की शिक्षा को भी प्रभावित किया है। 17 वर्षीय मालती कहती है कि 12वीं की पढ़ाई के लिए उसे 8 किमी दूर लूणकरणसर ब्लॉक स्थित उच्च विद्यालय जाना पड़ता था। लेकिन ख़राब सड़क के कारण गांव से बहुत कम यात्री गाड़ी चलती है। आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नहीं है कि माता-पिता उसे स्कूटी दिला सकें। जिसकी वजह से उसे 10वीं के बाद शिक्षा छोड़नी पड़ी। वह बताती है कि कुछ जगह सड़क को ईंटों से ठीक किया गया है, लेकिन पूरी सड़क को जब तक बेहतर नहीं बनाया जाता है, लोगों को परेशानी होती रहेगी। 52 वर्षीय निवासी प्रेमनाथ जाट बताते हैं कि इस सड़क को आठ साल पहले भारतमाला प्रोजेक्ट के तहत बनाया गया था, लेकिन उसके बाद आज तक इसकी मरम्मत नहीं की गई, परिणामस्वरूप यह सड़क धीरे-धीरे जर्जर होती चली गई।

वह कहते हैं कि गांव के लोग रात में बहुत ज़रूरी होने पर ही सड़क से आने या जाने का काम करते हैं। यदि प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं देगा और सड़क की मरम्मत नहीं होगी तो यह गांव विकास के क्षेत्र में पिछड़ता चला जायेगा।

इस संबंध में ग्राम सेवा सहकारिता समिति के अध्यक्ष आसुराम बताते हैं कि इस सड़क के लिए 50 फ़ीट जगह छोड़ी गई थी लेकिन इसे केवल 20 फ़ीट में ही बनाया गया। छोटी और टूटी होने के कारण ग्रामीणों को प्रतिदिन समस्याओं का सामना करना पड़ता है। यदि इस सड़क के निर्माण के लिए टेंडर निकालने में कोई रुकावट है तो इसका निर्माण मनरेगा के तहत भी किया जा सकता है। इससे जहां सड़क की स्थिति सुधर जायेगी तो वहीं मनरेगा तहत लोगों को काम भी मिल जायेगा। आसुराम कहते हैं कि गांव की इस सबसे बड़ी ज़रूरत को पंचायतीराज संस्थाओं के माध्यम से जल्द पूरा किया जाना चाहिए क्योंकि सड़क ही वह माध्यम है जो विकास के नए द्वार को खोलने में बड़ी भूमिका निभाता है। यह केवल आवागमन का ही माध्यम नहीं है बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य और अर्थव्यवस्था भी इसी सड़क से ही जुड़ी होती है।

**तमन्ना बानो, लूणकरणसर राजस्थान**

# मटर खरीदी के लिये हवा-हवाई हो गया अस्थाई मंडी बनाने का प्रस्ताव

**जबलपुर, देशबन्धु।** मटर खरीदी के लिये अस्थाई मंडी बनाने का काम फिलहाल हवा-हवाई हो गया है। अभी हाल में यह दावे किया गया था कि पाटन बाई पास के पास करीब अठारह एकड़ जमीन में मटर खरीदी के लिये अस्थाई मंडी बनाई जायेगी। लेकिन ऐसा हो नही पाया है। जिसके बाद अब भी दीनदयाल उपाध्याय चौक स्थित कृषि उपज मंडी में पहले की तरह मटर खरीदी का काम किया जा रहा है।

गौरतलब है कि बीते दिनों कृषि उपज मंडी उस दौरान भारी बवाल हो गया था जब किसानों ने मटर को लेकर कम मूल्य मिलने पर हंगामा कर प्रदर्शन कर दिया था और मार्गो पर वाहनों के आने जाने पर अघोषित रूप से प्रतिबंध लगा दिया था। वहीं कृषि उपज मंडी के अंदर व्यापारी और मजदूर आदि बंधक बन गये थे, न कोई बाहर से अंदर जा पा रहा था और न ही कोई अंदर से बाहर आ पा रहा था। दोनो प्रवेश द्वारों पर सैकड़ों की संख्या में किसान जमा होकर नारे लगा रहे थे, कई थानों का पुलिस बल भी मौके पर पहुंच गया था, इसके बाद भी स्थिति को सामान्य नहीं बनाया जा सका था, और करीब 36 घंटे बाद तक हालात नहीं सुधर पाये थे।

## जनप्रतिनिधियों और प्रशासन की वायदों का इकबाल हुआ कम

इसके अगले दिन प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने हस्ताक्षेप कर यह भरोसा दिलाया कि अब विवाद नहीं होगा और शीघ्र मटर खरीदी के लिये अन्यंत्र अस्थाई मंडी बनाई जायेगी, परंतु अब तक ऐसा नही हो पाया है। जिसके बाद कृषि उपज मंडी व्यापारी संघ के पदाधिकारी यह कह रहे हैं कि कुछ भी नया नहीं हुआ है और आपसी समझौते के अनुरूप किसान और मटर खरीदी का काम कर रहे हैं। हालाकि अब फिर से नया मटर आ रहा है जिसके बाद मांग बढ़ी और अभी अच्छी क्वालिटी का मटर करीब 26 रूपये और उसके नीचे 18 रूपये की कीमत पर मटर की खरीदी हो रही है।

# धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को न हो असुविधा

## गड़बड़ी की शिकायतों पर करें त्वरित कार्यवाही

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने सभी एसडीएम, तहसीलदार और उपार्जन व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को धान उपार्जन केंद्रों में किसानों को किसी तरह की असुविधा न हो इस ओर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये हैं ।

सुमन ने अधिकारियों को पंजीकृत वास्तविक किसानों से ही धान खरीदी सुनिश्चित करने के हिदायत देते हुये कहा है कि किसानों की आड़ में बिचौलिये उपार्जन व्यवस्था का अनुचित लाभ न उठा सकें इसके लिये उपार्जन केंद्रों का सतत निगरानी रखी जाये ।

उन्होंने अधिकारियों से कहा है कि सीमावर्ती जिले से समर्थन मूल्य पर बेचने के लिये लाये जाने वाले धान की आवक को रोकने के लिये चौकस नाकेबंदी करें । उन्होंने मंडी में व्यापारियों द्वारा खरीदी गई धान की गोदामों में समय-समय पर निगरानी करने के निर्देश भी दिये हैं ।

## बाहर से आने वाली धान को रोकने जिले की सीमा की करें चौकस नाकाबंदी

कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा है कि उन्हें पंजीकृत किसानों द्वारा मंडी में धान विक्रय की जानकारी भी संकलित करनी होगी, ताकि एक ही किसान के नाम से मंडी और उपार्जन केन्द्र दोनों पर धान विक्रय की संभावना न रहे । उन्होंने कहा कि जिन वेयरहाउस में उपार्जन केन्द्र बनाया गया है, वहाँ पूर्व से भंडारित स्कंध का सत्यापन सुनिश्चित किया जाये।

श्री सुमन ने खरीदी की सतत निगरानी करें और समर्थन मूल्य पर धान की खरीद में जानबूझकर अनियमितता करने वाली समितियों, स्व सहायता समूह, गोदाम संचालक एवं अन्य व्यक्तियों के विरूद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करने की हिदायत भी एसडीएम, तहसीलदार एवं उपार्जन व्यवस्था से जुड़े अधिकारियों को दी है ।



# किसी भी परिवार को कैंट से बेदखल नहीं होने देंगे : विधायक

**जबलपुर, देशबन्धु।** बंगले एवं बगीचे में रहने वाले किसी भी परिवार को बेघर/बेदखल नही होने दिया जाएगा। समाचार पत्रों के माध्यम से बंगलो एवं बगीचों के संदर्भ में आम जनता के बीच मे भ्रांति की स्थिति पैदा की जा रही है इस संदर्भ में डिलाइट कार्यालय में छावनी परिषद अंतर्गत जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ बैठक केंट विधायक अशोक रोहाणी के द्वारा आयोजित की गई, माननीय विधायक जी ने तुरंत रक्षा संपदा अधिकारी से टेलीफोन पर समस्या के संदर्भ में चर्चा की, एवं चर्चा के दौरान रक्षा संपदा अधिकारी ने विधायक को आश्वासन दिया कि शीघ्र ही विधायक एवं जनप्रतिनिधियों के साथ जल्द एक बैठक की जाएगी जिसमें उपरोक्त समस्या का निराकरण किया जाएगा, उसके उपरांत विधायक ने छावनी परिषद के जनप्रतिनिधियों को एवं बंगले बगीचे में रहने वाले जनता को विश्वास दिलाया है कि किसी भी परिवार को कैंट से बेदखल नहीं होने देंगे। उनकी जान माल की रक्षा की जाएगी इस अवसर पर जनसेवक सुंदर अग्रवाल , आशीष राव, संजय वर्मा , संजय जैन, संजय कपूर, वेद महावर चमन रजत विकास बावरिया, राजेश श्रीवास एवं अन्य जनता प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# जागृति नगर में सुविधाओं में होगा इजाफा, महापौर ने क्षेत्रीय जनों को भरोसा दिया



**जबलपुर, देशबन्धु।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम आजाद वार्ड के जागृति नगर में रहने वाले लोगों को शीघ्र बेहतर मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराई जायेगी। यहाँ के नागरिकों को चौड़ी सड़कें, नाला-नालियों, पेयजल, बिजली आदि की सुविधाओं में बढ़ोत्तरी कर बहुत शीघ्र ही लाभ पहुँचाया जायेगा। इसके लिए आज महापौर जगत बहादुरी सिंह ''अन्नू'' क्षेत्रीय पार्षदों क्रमशः सुभाष तिवारी, कलीम भाईजान, पूर्व पार्षद आजम खान एवं क्षेत्रीय जनों के द्वारा ज्ञापन सौंपने के उपरांत जागृति नगर कॉलोनी का निरीक्षण करने पहुँचे। वहाँ उन्होंने देखा कि कॉलोनी अवैध है, जिसपर उन्होंने निरीक्षण के दौरान ही अधिकारियों से बात की और कॉलोनी को वैध करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर यहाँ के नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराने की दिशा में कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

उल्लेखनीय है कि आज महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को क्षेत्रीय पार्षदगणों के अलावा क्षेत्रीय जनता मो. हुसैन, हसीब, मकबूल अहमद, नदीम मंसूरी, पप्पू सोनी, सरदार खान, नसीम मुस्लिम भाई, सलीम हनफी, बन्टी भाई, आबिद पेन्टर, मुन्ना भाई, गोलू भाई, सिकन्दर राईन, अनीस भाई, शब्बीर भाई, रशीद भाई, मो. आदिल, फारूख अहमद, अल्लू भाई, खालिद भाई, करीम भाई, पप्पू भाई, जावेद भाई आदि ने ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि कॉलोनी वासी जागृति नगर में 4 वर्षो से निवासरत हैं और कॉलोनी वैध न होने के कारण वहाँ पर सड़क, पानी के निकासी के लिए नाला-नाली, पेयजल, बिजली आदि की समस्या बनी है। इन समस्याओं से राहत प्रदान करने महापौर श्री अन्नू से सभी लोगों ने ज्ञापन के माध्यम

# आज 14 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 18 दिसम्बर को जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 14 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। केन्द्र शासन की योजनाओं का लाभ सभी पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा देश में हुये विकास से आम लोगों को परिचित कराने निकाली जा रही इस यात्रा के दौरान एलईडी स्क्रीन से सुसज्जित रथ द्वारा जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार भी किया जायेगा । इसके साथ ही इन योजनाओं का लाभ लेने से शेष रह गये पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान नागरिकों के स्वास्थ्य परीक्षण भी चिकित्सकों द्वारा किया जायेगा ।

जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा सोमवार 18 दिसम्बर को जबलपुर जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत पडुवा एवं परासिया पहुँचेगी । इसी प्रकार मझौली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत इंद्राना एवं कापा, जनपद पंचायत सिहोरा में ग्राम पंचायत धरमपुरा एवं हृदयनगर, जनपद पंचायत पनागर में ग्राम पंचायत इमलिया टिकारी एवं निरन्दपुर, जनपद पंचायत पाटन में कुंवरपुर एवं कटरा बेलखेड़ा, जनपद पंचायत शहपुरा में ग्राम पंचायत बिलखरवा एवं हीरापुर (बंधा), जनपद पंचायत कुण्डम में ग्राम पंचायत महेशपुरी एवं झिरिया का भ्रमण करेगी ।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा । इसके पहले स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा यात्रा का स्वागत किया जायेगा तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सन्देश का प्रसारण होगा । केन्द्र शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभांवित हितग्राही - मेरी कहानी मेरी जुबानी, की थीम पर अपना अनुभव साझा करेंगे। किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रोत्साहित करने -माटी कहे पुकार के, की थीम पर स्कूली बच्चों द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किये जायेंगे। केन्द्र शासन की विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं पर केन्द्रित ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता भी होगी। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम तीन विजेताओं को कैप और टी-शर्ट पुरस्कार स्वरूप ढ़ी जायेगी । मृदा परीक्षण एवं स्वाइल हेल्थ कार्ड बनाने कृषि विभाग द्वारा शिविर लगाया जायेगा । आयुष्मान कार्ड बनाने, विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों के ई-केवायसी करने, आधार अपडेशन, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत पात्र हितग्राहियों की पात्रता पर्ची बनाने, बैंको से जुडी प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना एवं अटल पेंशन योजना का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने तथा प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत रसोई गैस कनेक्शन प्रदान करने भी शिविर इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा लगाये जायेंगे। किसान क्रेडिट कार्ड बनाने के लिए भी अलग से स्टॉल लगाया जायेगा। प्रधानमंत्री मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना आदि प्रमुख योजनाओं का लाभ पहुंचाने भी यात्रा के दौरान इन ग्राम पंचायतों में संबंधित विभागों द्वारा शिविर लगाये जायेंगे। यात्रा के दौरान केन्द्र शासन की योजनाओं के तहत पात्र पाये गये हितग्राहियों को मौके पर ही हितलाभों का वितरण भी किया जायेगा।

## 19 और 20 को इन ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

जिला पंचायत से प्राप्त रुट चार्ट के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा मंगलवार 19 दिसम्बर को जनपद पंचायत जबलपुर की ग्राम पंचायत नन्हाखेड़ा और घुंसौर एवं बुधवार 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत मंगेली और बढैयाखेड़ा, जनपद पंचायत मझौली में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गौरा नेगई और टिकुरी एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत कोनी कला, लोहारी (अनघोरा) और गठौरा, जनपद पंचायत पनागर में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत लखना और कालाडूमर एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बम्हनौदी और उर्दुआकला, जनपद पंचायत पाटन में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बेनीखेड़ा और बिनैकी एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गनयारी और मुर्रई, जनपद पंचायत शहपुरा में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत बरखेड़ा (सहजपुर) और सहजपुर एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत कैथरा और गड़रपिपरिया, जनपद पंचायत कुंडम में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत हरदुलीकला और चौरईकला एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत आमाटिटहा और कुंवरहट तथा जनपद पंचायत सिहोरा में 19 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गोसलपुर और कछपुरा एवं 20 दिसम्बर को ग्राम पंचायत जुझारी और घुघरी नवीन का भ्रमण करेगी ।

# वीयू- दो दिवसीय कार्यशाला



**जबलपुर, देशबन्धु।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना के अंतर्गत नई शिक्षा नीति के साथ कृषि ,पशुपालन जगत को जोड़ने के उद्देश्य से तथा बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा प्रणाली द्वारा ब्लैनडेट लर्निंग प्लेटफॉर्म पर दो दिवसीय 14 व 15 दिसंबर को एक सेंसटाइजेशन कार्यशाला का आयोजन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी के दिशा निर्देश अनुसार विश्वविद्यालय के आईसीएआर टीम द्वारा किया गया। इस कार्यशाला में पशु चिकित्सा एवं पशु पालन महाविद्यालय जबलपुर महू रीवा तथा मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय के प्राध्यापकों को मास्टर ट्रेनर का प्रक्षिषण दिल्ली के आईसीएआर के भारतीय कृषि सांख्यिकी संस्थान से पधारे समर्थ गोधरा, तरुण तथा उत्कर्ष द्वारा कार्यशाला में प्राध्यापकों को लर्निंग प्लेटफॉर्म का प्रशिक्षण दिया। इस कार्यशाला का उद्घाटन एवं समापन माननीय कुलपति महोदय के अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन के समय आईसीएआर नाहिप के प्रमुख अन्वेषक डॉक्टर संदीप मारवाह वर्चुअल माध्यम से दिल्ली से जुड़े हुए थे। अपने उद्बोधन भाषण में कुलपति जी द्वारा नई शिक्षा नीति के तहत इस प्रकार के शिक्षण पद्धति को अपनाना एक छात्र छात्रों के हित में बताया तथा सभी प्रशिक्षित प्राध्यापकों को अपने साथी प्राध्यापकों को सीखने हेतु जोर दिया और जल्द से जल्द इस कार्य प्रणाली पर कार्य करने हेतु प्रेरित किया जिससे टीचिंग लर्निंग पद्धति को सुधारते हुए उपयोगी बनाया जा सके। कार्यशाला मे कुलसचिव डॉ श्रीकांत जोशी, संचालक अनुसंधान सेवाएं डॉक्टर से तोमर संचालक शिक्षक डॉक्टर सुनील नायक संचालक प्रक्षेत्र डॉ जीपी लखानी, डॉ जी दास, डॉ कारमोरे, डॉ बी रॉय,डॉ सुदिप्ता घोष , डॉ संजय शुक्ला डॉ आरपी सिंह आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। मंच का सफल संचालन डॉक्टर अक्षय गर्ग द्वारा किया गया।





# नवजात बच्चों की देखभाल विषय पर नेशनल सिम्पोजियम

**जबलपुर, देशबन्धु।** सोसायटी ऑफ मिडवाइफरी इंडिया ने रीजनल इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के साथ मिलकर सामान्य प्रसव और नवजात बच्चों की देखभाल के विषय में नेशनल सिम्पोजियम का आयोजन किया। जिसमें अलग-अलग राज्य से आए स्पीकर ने जानकारी प्रदान किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. गीता गुईन डीन (एन.एस.सी.बी.), डॉ. ऊषा उकांडे (President of SOMI), संस्था के संस्थापक एस.डी. बडेरिया, चेयरमेन ग्लोबल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन सौरभ बडेरिया, डायरेक्टर, प्राचार्या एवं नर्सिंग के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। डॉ. गीता गुईन डीन (एन.एस.सी.बी.) ने विद्यार्थियों और शिक्षकों को जच्चा, बच्चा सुरक्षा एवं प्राथमिक और गलत अवधारणाओं को दूर करने के लिए ध्यान आकर्षित किया। जिसमें डॉ0 ऊषा उकांडे ने सामान्य प्रसव को बढ़ावा देने के लिये, योगा और अन्य व्यायाम के बारे में जानकारी प्रदान की। डॉ0 सुशीला सिंह (पी.जी. कॉलेज भिलाई (छ.ग.)) ने सामान्य प्रसव में नर्सेस की भुमिका, सुरभी भार्गव (मेरठ (यू.पी.)) से समुदाय/गांव में सामान्य प्रसव, डॉ0 मालती लोधी (आई.जी.टी.एन.यू. अमरकंटक) नवजात शिशु की जांच और प्रोफेसर शैलविना नंद (अपोलो बिलासपुर (छ.ग.)) से नवजात पुनर्जीवन के बारे में सिखाया गया।

# व्हीएफजे में आयोजित हुआ ड्राइंग कंपटीशन

**जबलपुर, देशबन्धु।** व्हीकल फैक्टरी जबलपुर में आज विशेष ड्राइंग कंपटीशन का आयोजन व्हीएफजे इस्टेट में स्थित विद्यालयों के बच्चों के लिए किया गया। दरअसल विकल्प फैक्ट्री जबलपुर के प्रशासनिक द्वार के सम्मुख पहले से ही शक्तिमान पार्क एवं जोंगा पार्क स्थित है। जोंगा पार्क के पास में ही खाली जगह है जिसे व्हीकल फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा नये रूप में विकसित किया जाना है। इसी उद्देश्य से आज व्ही एफ जे इस्टेट में स्थित विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को ड्राइंग कंपटीशन के लिए आमंत्रित किया गया था, जिससे उनके विचारों को आमंत्रित किया जा सके कि उस खाली जगह को किस रूप में विकसित किया जाए। इस अवसर पर निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक संजीव कुमार भोला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे तथा उन्होंने स्वयं भी ड्राइंग बनाकर अपना प्रतिभागिता दर्ज की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विभिन्न विद्यालयों से आए बच्चों ने भाग लिया। विशेष कर केंद्रीय विद्यालय व्ही एफ जे, अंकुर विद्या मंदिर व्ही एफ जे, आशा किरण व्ही एफ जे, बाल मन्दिर व्हीएफजे आदि विद्यालयों से बड़ी संख्या में विधार्थी उपस्थित रहे।



ड्राइंग कंपटीशन में मास्टर पार्थ मिश्रा, कक्षा दसवीं केवी व्हीएफजे को प्रथम, कुमारी सोनिका प्रिया कक्षा सातवीं केवी व्हीएफजे को द्वितीय तथा कुमारी निकिता लुहार, कक्षा दसवीं केवी व्हीएफजे को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। तीनों विजेता प्रतिभागियों को श्री संजीव कुमार भोला, मुख्य महाप्रबंधक,व्हीएफजे ने पुरस्कृत किया।

ड्राइंग कंपटीशन में अनिल कुशवाहा, सहायक कार्य प्रबंधक, सुनील कुमार व्यास, कनिष्ठ कार्य प्रबंधक एवं मोहन कुमार साहू, कनिष्ठ अनुवाद अधिकारी ने निर्णायक की भूमिका अदा की। इस अवसर पर निर्माणी की ओर से कमलेश कुमार, महाप्रबंधक, सौरभ अग्रवाल , उप महाप्रबंधक, एस पी कुशवाहा आदि मौजूद थे।

# मधुकर कृत गीता-मानस पर व्याख्यानमाला




**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीजानकीरमण महाविद्यालय में प्रति शनिवार को आयोजित होने वाली व्याख्यान माला के अन्तर्गत नगर के ख्यातिलब्ध कवि डॉ. उदयभानु तिवारी प्रणीत गीता-मानस जो कि श्रीमद्भगवद्गीता की हिंदी में छंदोमयी कृति है, पर एवं मधुकर काव्यकलश पर व्याख्यानमाला का आयोजन शिक्षाविद् भजनलाल महोबिया की अध्यक्षता एवं सुरेश विचित्र, अभिमन्यु जैन के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। मधुकर काव्य कलश पर वरिष्ठ व्यंग्यकार अभिमन्यु जैन ने एवं गीता मानस पर डॉ. कौशल दुबे ने समीक्षात्मक व्याख्यान दिया। बीज वक्तव्य प्राचार्य डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी द्वारा दिया गया। रामायण की तरह गीता का पाठ भी जन-जन में प्रचारित हो इस हेतु गीता मानस की रचना की गई है। यह गीता का पद्यात्मक भावानुवाद है। गीता जनमानस में उतरे इस हेतु गीता मानस की रचना उदय भानु तिवारी मधुकर जी द्वारा चौपाई दोहा सवैया सोरठा छंदों में अति सरल रूप में की गई है। मधुकर जी का इस अवसर पर शाल श्रीफल भेंटकर सम्मान श्री जानकी रमन महाविद्यालय जबलपुर के द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शक्ति सिंह मंडलोई के द्वारा एवं आभार डॉ गंगाधर त्रिपाठी के द्वारा व्यक्त किया गया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजेश द्विवेदी, डॉ अनामिका सिंह श्रीमती नीना चौबे, श्रीमती अनुपमा पाठक, मुकेश श्रीवास्तव, मीनाक्षी लोधी, मनोज चौरसिया, राखी बाजपेई हेमंत सोधिया के साथ अन्य प्राध्यापक एवं छात्र- छात्राएँ उपस्थित रहे।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविरों हितग्राही हुए लाभांवित



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारत सरकार द्वारा संचालित विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आज शहर के दो विधानसभा क्षेत्रों क्रमशः पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के बाजनामठ चौक और उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के शिवनगर कमल बारात घर के पास शिविर का आयोजन किया गया। जहाँ पर सैकड़ों हितग्राहियों ने उत्तम मध्य विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित विधायक अभिलाष पाण्डेय, और क्षेत्रीय पार्षद अतुल जैन दानी, श्रीमती प्रतिभा भापकर, सुनील पुरी गोस्वामी, अनुपम जैन, पूर्व पार्षद संजय तिवारी, रमेश रैकवार, एवं क्षेत्रीय जनों में शैलेन्द्र राजपूत, शैलेन्द्र विश्वकर्मा आदि की उपस्थित में सैकड़ों हितग्राहियों को केन्द्र एवं राज्य शासन की अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिला। शिविर का निरीक्षण के उपरांत विधायक अभिलाष पाण्डेय ने रथ को वार्ड के कॉलोनियों में रवाना किया जहाँ पर लोगों को जागृति रथ के माध्यम से योजनाओं की जानकारी घर-घर दी जायेगी। इस संबंध में विधायक श्री पाण्डेय ने सभी हितग्राहियों से चर्चा की और जन-जन तक केन्द्र एवं राज्य शासन की योजनाओं को पहुँचाने तथा पात्र हितग्राहियों को लाभांवित कराने का संकल्प लिया।




आयोजित शिविरों के संबंध में निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने आज जानकारी देते हुए बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत आयोजित शिविरों में सैकड़ों हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना, स्वास्थ्य योजना, वृद्धापेंशन योजना, आदि का लाभ एक साथ दिया गया। इसके लिए उन्होंने अपर आयुक्त श्रीमती अंजू सिंह, सहायक आयुक्त श्रीमती अंकिता जैन, श्रीमती शिवांगी महाजन, एवं वेदप्रकाश, सहित सभी संभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शिविरों का संचालन बेहतर ढंग से हो और सभी पात्र हितग्राहियों को अधिक से अधिक लाभांवित कराने की दिशा में स्वयं सभी लोग पहल करें। निगमायुक्त ने उक्त सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया है कि सभी अधिकारी अपने अपने क्षेत्रों के सम्माननीय प्रतिनिधियों से सम्पर्क स्थापित करें और उन्हें शिविरों की जानकारी देकर शिविरों में उन्हें आमंत्रित करें।निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने बताया कि कल गुलौआ चौक एवं राजीव गांधी बस्ती चन्द्र शेखर पार्क के पास शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।

## आज गुलौआ चौक और राजीव गांधी बस्ती चन्द्रशेखर पार्क के पास आयोजित होगें शिविर

# वरुण यादव युवा कांग्रेस के प्रवक्ता बने



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष बी. वी. श्रीनिवास एवं मध्य प्रदेश युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत भूरिया की अनुशंसा पर छात्र नेता वरुण यादव को जबलपुर युवा कांग्रेस का प्रवक्ता नियुक्त किया गया है।

# मेरा शहर

' स्वच्छ शहर, स्वस्थ नागरिक'

सुप्रभात से शुभरात्रि तक

## संपूर्ण ब्रह्मांड ही भगवती पराम्बा :स्वामी नरसिंह दास



**सिहोरा जबलपुर, देशबन्धु।** भगवती आद्या शक्ति की लीलाएं अनन्त है, उनको कथा में समाहित करना असम्भव है। श्रीमद् देवी भागवत महापुराण का श्रवण तथा दिव्य चरित्र साधकों और भक्तों का कल्याण करते हैं। भगवती चरण में भौंरे जैसे बनकर मां की भक्ति में लगकर भक्ति मार्ग के पथिक बनना चाहिए। स्वामी जी ने कहा कि सर्व देवी मयं जगत अतः सम्पूर्ण जगत ही भगवती का ही स्वरूप है। बिछौना में पड़े मैले शिशु को पिता स्वीकार नहीं करते मां जब शिशु को स्वच्छ कर पिता को देती हैं तो पिता अपने हृदय से लगा देते हैं।उसी तरह संसार के समस्त जीवों को जब भगवती मन कर्म वचन से निर्मल कर देती है तो जगत पिता सहज ही अपने चरणों का चंचरीक बनाकर सीधे मोक्ष देते हैं।जीवन को निर्मलता मां ही प्रदान करती है। भगवती की आराधना से साधक समस्त सुखों को प्राप्त तो करता ही है साथ ही प्रारब्ध और भविष्य को सुगम बनाता है, भगवती प्रसाद से अज्ञान का अंधकार समाप्त हो जाता है और हृदय के ज्ञान चक्षु खुल जाते हैं,

उक्त उद्गार श्रीमद् देवी भागवत महापुराण कथा के दिव्य आयोजन के सप्तम दिवस मीमांसा करते हुए नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह दास महाराज ने व्यास पीठ से कहे। श्री व्यास पीठ का पूजन अर्चन वैदिक आचार्यों ने मंत्रोच्चार के साथ भक्त जनों राधा दुबे, सुधा पांडे, माया , सुषमा खरे, राधा बुआ, सुधा खरे, माया, सरिता, नीलू, ममता पूनम, किरण, सरला, रमा, अंजनी गौतम व शिव शक्ति महिला मंडल ने किया। शारदा मंदिर नया मोहल्ला सिहोरा, में शिव शक्ति महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद् देवी भागवत कथा पुराण में दोपहर 3 बजे से कथा प्रारंभ होगी।



## ठंड से बचने नवीन विद्या भवन स्कूल में स्वेटर बांटी गई

**जबलपुर, देशबन्धु।** ठंड से बचने के लिए नवीन विद्या भवन स्कूल में छात्र-छात्राओं को गर्म स्वेटरों का वितरण किया गया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम के दौरान एनईएस के कार्यकारिणी सदस्य एड. अंकित अग्रवाल के आतिथ्य में कार्यशाला आयोजित की गई। इस मौके पर अभिषेक अग्रवाल और हेमराज अग्रवाल ने कार्यशाला की अध्यक्षता की। इस अवसर पर वक्तओं ने छात्रों को बताया कि ठंड में वातावरण का तापमान हमारे शरीर के तापमान से अधिक होता है, तो उसका सीधा प्रभाव हमारे शरीर के रक्त प्रभाव पर पड़ता है। जरूरी है कि उचित खान-पान व नियमित व्यायाम से ही ठंड में शरीर को स्वस्थ रखा जा सकता है।

## बालाजी मंदिर सिविक सेंटर से निकली वाहन रैली

### मंडल पूजा : अयप्पा मंदिर पहुंचे भक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** मण्डल पूजा के लिए सुबह भक्तों का जत्था अयप्पा मंदिर व्हीकल फैक्टरी स्टेट स्थित अयप्पा मंदिर पहुंचा। जत्थे में शामिल व्रतधारी विशेष पोषाक के साथ सिर पर इरुमुड़ी (भेंट सामग्री, पूजन प्रसाद) लेकर आगे-आगे चल रहे थे। 41 दिनों तक चलने वाली मंडल पूजा की कड़ी में रविवार की सुबह बालाजी मंदिर सिविक सेंटर में विशेष पूजन के बाद भक्तगण अयप्पा मंदिर के लिए वाहनों से रैली के रूप में निकले। दिन भर अयप्पा मंदिर में विशेष पूजन का क्रम जारी रहा।

उल्लेखनीय है कि मंडल पूजा में अय्यप्पा भगवान की पूजा की जाती हैं, यह दक्षिण भारत का विशेष फेस्टिवल हैं, जिसमें पूरे 41 दिनों तक विधि विधान से पूजा होती हैं। दक्षिण भारत के आलावा पूरे देश और विदेश में जहाँ भी दक्षिणी भारतीय मूल के निवासी रहते हैं, वहां इस पूजा का आयोजन पूरे उत्साह से किया जाता है।

मुख्य पूजन समारोह सबरीमाला में सबरीमाला मंदिर में मंडल पूजा बहुत उत्साह से की जाती हैं, यह पूरा व्रत पूरे विधान से 41 दिन चलता है और इन्ही 41 दिनों में सबरीमाला टेम्पल के पट अर्थात अयप्पा मंदिर व्हीकल फैक्ट्री में उमड़ी भीड़।

यह पर्व 17 दिसम्बर रविवार से मंडल पूजा व्रत 27 दिसंबर तक रहेगा। मंडला पूजा में भगवान अय्यप्पा की पूजा का महत्व है। भगवान अय्यप्पा को हरिहर के नाम से भी जाना जाता है जिसका अर्थ हैं भगवान शिव एवं विष्णु का अंश। यहाँ हरी महत्त्व विष्णु एवं हर मतलब भगवान शिव से हैं। मान्यता यह है कि, भगवान हरिहर मोहिनी जो कि विष्णु भगवान का नारी रूप थी की संतान हैं। कथा इस प्रकार हैं कि, राजा ने भगवान हरिहर को गोद लिया, लेकिन हरिहर इस बात से नाखुश होकर महल त्याग देते हैं, इसलिए पूजा के दौरान भगवान हरिहर की रथ यात्रा आज भी निकाली जाती हैं और मकर संक्रांति के दिन सबरीमाला तक लाई जाती हैं। मंडला पूजा में भगवान अय्यप्पा की पूजा की जाती है, जिसमें सबसे पहले भगवान गणेश का आव्हान किया जाता है। इन दिनों में भजन कीर्तन किये जाते हैं एवं दक्षिणी सभ्यता के अनुसार सांस्कृतिक उत्सव भी होते हैं।

## चंपा षष्ठी पर मल्हारी मार्तण्ड खंडोबा महाराज की तली भंडार पूजन महाआरती आज



**जबलपुर, देशबन्धु।** कुलदैवत श्री मल्हारी मार्तण्ड खंडोबा महाराज जी के अवतरण दिवस मार्ग शीर्ष चंपा षष्ठी के पावन अवसर पर समग्र मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में चंपा षष्ठी पर तली भंडार पूजन अर्चन आरती रविवार दोपहर 12 बजे से श्री शिव मंदिर, हनुमान ताल थाने के पीछे आयोजित किया गया है।

इस अवसर पर सामाजिक जनों से उपस्थित होकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह अनिल गायकवाड़, प्रवीण सालुंके, दादा पांडुरंग गायकवाड़,विजय जाधव, विध्येश भापकर,बबलू कामले, दिनेश जाधव, रिंकू सुर्वे, पुरूषोत्तम भालेराव, विनीत सिरसाठ, पवन जाधव,राजा कांटे, विवेक गायकवाड़, संजय भगरे,नीरज मगरे, अनिल जाधव सहित क्षत्रिय मराठा समाज, सोमवंशी मराठा समाज जबलपुर ने की है।



## श्रीराम मंदिर में सियाराम विवाह पंचमी पर बजी बधाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीराम माता जानकी के विवाह पंचमी के अवसर पर राम मंदिर मदन महल में महिलाओं ने भजन कीर्तन करते हुए बधाई और पारंपरिक गारी गीत गाए। पुजारी ने कहा कि भगवान श्री राम माता सीता जी का विवाह संस्कार महाराज जनक जी के दरबार में जनकपुर में मार्गशीष अगहन की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को संपन्न हुआ है। श्रीराम विवाहोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया । सभी को आपस मे श्रीराम विवाह पंचमी की बधाई देकर मिष्ठान वितरण पं राम कुशल पांडे, अध्यक्ष गुलशन मखीजा, गीता पांडे ,प्रेम गुलाटी ,रोशनी नारंग, सुनीता अरोड़ा, प्रवेश चावला ,सुदेश खुराना, मीना महाजन सहित राम मंदिर मदन महल के भक्त जनों ने किया।

## ज्ञानेश को मिली पीएचडी की उपाधि



**जबलपुर, देशबन्धु।** रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के हिंदी एवं भाषा विज्ञान विभाग में अध्ययनरत ज्ञानेश पाण्डेय को हिंदी साहित्य के अंतर्गत 'समकालीन हिंदी नाटकों में चित्रित लोक चेतना का अनुशीलन (सन् 1890 से अद्यतन)' विषय पर 14 दिसम्बर को आयोजित मौखिकी परीक्षा के उपरांत पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। ज्ञानेश पाण्डेय ने अपना शोधकार्य 'शासकीय महाकोशल, स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रोफेसर अरुण शुक्ल के मार्गदर्शन में पूर्ण किया है। अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों और मित्रों को दिया। ज्ञानेश पाण्डेय वर्तमान में मध्य प्रदेश उच्च शिक्षा विभाग में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत है।

## कवि प्रो. इंद्र बहादुर खरे की जन्म शताब्दी पर पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** अंतस साहित्यिक समाजिक और सांस्कृतिक संस्था के तत्वाधान में साहित्यकार कवि इंद्र बहादुर खरे के जन्मोत्सव शताब्दी के उपलक्ष्य में उनके द्वारा लिखित पुस्तकों एवं रचनाओं की पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन एवं साहित्यकारों ने कविवर खरे की रचनाओं को प्रस्तुत किया गया।

अगस्त क्रांति पर लिखा गया गीत सचमुच देश भक्ति से ओजपूर्ण था, जो अगस्त क्रांति के दिन प्रतिवर्ष गाया जाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ हरिशंकर दुबे के द्वारा कविवर खरे के साहित्यिक योगदान पर विशेष प्रकाश डाला गया। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार मोहन शशि द्वारा प्रो. खरे की देशभक्तिपूर्ण रचनाओं का वाचन किया गया।

अतिथि राष्ट्रीय कवि आचार्य भागवत दुबे द्वारा प्रो. खरे के व्यक्तित्व पर उद्गार व्यक्त किए। डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, यशोवर्धन पाठक, राजेश पाठक प्रवीण आदि वक्ताओं ने कविवर के साहित्य सृजन और योगदान पर विचार प्रकट किये। सुभाष शलभ, इंजी. डॉ. दुर्गेश बिहार दर्शन, वरिष्ठ पत्रकार प्रतुल श्रीवास्तव, इंजी. विनोद नयन, विजय नेमा अनुज, संतोष नेमा संतोष आदि कविवरों ने रचनाओं का पाठ किया गया।

कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक डॉ. अनिल कुमार कोरी और निदेशक विनीता पैगवार विधि द्वारा किया गया।



## ओपन इंटर स्कूल मार्शल आर्ट प्रतियोगिता सम्पन्न

जबलपुर, देशबन्धु। ज्ञानोदय चिल्ड्रन अकादमी द्वारा आयोजित मार्शल आर्ट प्रतियोगिता में जिले के कई स्कूलों ने सहभागिता की। इस प्रतियोगिता में अंडर 10 से अंडर 16 वर्ष तक के बच्चों ने भाग लिया। जिसमें शाला के खिलाड़ियों के प्रदर्शन से खेल परिसर तालियों की गूंज उठा। बच्चों का प्रदर्शन देख कर दर्शक और जज एकटक बच्चों को निहारते रहे। शाला के वरिष्ठ प्रशिक्षक और मार्शल आर्ट कोच राम किशोर सोनी के मार्गदर्शन में खेल का आयोजन हुआ। बुशरा खान, अमर कदंब, पूनम अग्रवाल, प्रिंसिपल संगीता ग्रोवर आदि ने विद्यार्थियों को बधाई दी एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## दैनिक राशिफल

**सोमवार 18 दिसम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। अगहन शुक्ल पक्ष षष्ठी। नक्षत्र-शतभिषा**

**मेष**
आज आपके निर्धारित काम आसानी से पूरा कर सकेंगे, परंतु ऐसा हो सकता है कि आप जो प्रयत्न कर रहे हैं वे गलत दिशा में हों।

**वृषभ**
अत्यधिक कार्यभार और खान-पान में लापरवाही से आपका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। समय से भोजन और नींद नहीं लेने के कारण मानसिक रूप से बेचैनी का अनुभव होगा।

**मिथुन**
मौज-मस्ती और मनोरंजन की प्रवृत्तियों में आपको विशेष रुचि होगी। परिजन, दोस्तों या प्रिय व्यक्ति के साथ बाहर घूमने-फिरने का आयोजन होगा।

**कर्क** - आज का दिन खुशी और सफलता का है। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। नौकरीपेशा लोगों को ऑफिस में अनुकूल वातावरण रहेगा।

**सिंह**
आज आप शारीरिक और मानसिक स्वस्थता से काम करेंगे। सृजनात्मक प्रवृत्तियों में विशेष दिलचस्पी रहेगी। साहित्य और कला के क्षेत्र में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलेगी।

**कन्या**
आज आपको विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहना पड़ेगा। शारीरिक स्वास्थ्य के संबंध में शिकायत रहेगी।

क.

**तुला**
शुभ या धार्मिक अवसरों पर यात्रा प्रवास का आयोजन होगा। भाई-बंधुओं के साथ अच्छे वातावरण में घरेलू मामलों पर चर्चा होगी।

**वृश्चिक**
आपको नकारात्मक विचारों से दूर रहने की सलाह दी जाती है। ज्यादातर समय चुप रहेंगे, तो पारिवारिक सदस्यों के साथ संघर्ष से बच सकेंगे। स्वास्थ्य संबंधी शिकायत रहेगी।

**धनु**
आज धार्मिक कारणों से कहीं जाना पड़ सकता है। आप निर्धारित कामों को आज पूरा कर सकेंगे। शारीरिक और मानसिक स्वस्थता के कारण ताजगी और प्रसन्नता रहेगी।

**मकर**
आज धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों में रुचि रहने से व्यस्तता रहेगी तथा उनके पीछे खर्च भी होगा। कोर्ट-कचहरी से संबंधित काम सामने आएंगे।

**कुंभ**
नए काम को आज शुरू कर देंगे। नौकरी धंधे में लाभ के साथ अतिरिक्त आय होगी। दोस्तों, खासकर महिला मित्रों से आपको लाभ होगा।

**मीन**
आपके लिए आज का दिन शुभफलदायक है। काम की सफलता और उच्च अधिकारियों का प्रोत्साहन आपके उत्साह को दोगुना करेंगे।

मा.

## ईसाई समुदाय का देश सेवा में योगदान अविस्मरणीय है: महापौर





**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के समस्त मसीहियों द्वारा संयुक्त रूप से रविवार को क्रिसमस रैली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बिशप जेराल्ड अलमेडा ने कहा कि प्रभु येसु मसीह इस संसार में शांति, प्रेम, दया, करुणा और भाईचारे का संदेश लेकर आए। येसु मसीह के जन्म की खुशियों को खुश किस्मत लोगों ने महसूस किया था, वहीं आनंद और हर्ष आज हम सभी ख्रीस्तीय भाई बहन भी महसूस कर रहे हैं। प्रभु ने हमको पापों से मुक्ति दिलाने के लिए मनुष्य रूप धारण कर गौशाले में जन्म लिया। हमारा कर्तव्य है, कि हम प्रभु येसु के प्रेम, शांति और दया के संदेश को सर्वत्र फैलाते रहें।

येसु ने कहा मानव पुत्र सेवा कराने नहीं बल्कि सेवा करने आया है। हम मसीही समुदाय के लोग भी सेवा कार्यों में निरंतर लगे रहें, और येसु मसीह जो कि संसार का उद्धारकर्ता है, उनकी शिक्षाओं और उपदेशों का पालन करते रहें। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि ईसाई समुदाय का समाज सेवा में योगदान अविस्मरणीय है। आप सभी को क्रिसमस पर्व शांति, दया एवं प्रेम के संदेश के साथ मनाये जाने के लिए मैं अग्रिम शुभकामनाएं देता हूं। क्रिसमस रैली नगर के मार्गों से होते हुए संस्कारधानीवासियों के लिए रैली में प्रभु से प्रार्थना की गई, रैली में रैली में निकली सुंदर झांकियों को देखकर नगरवासी मंत्रमुग्ध हो गये। क्रिसमस रैली में कैथोलिक धर्मप्रान्त के बिशप जेराल्ड अलमेडा एवं सी.एन.आई. धर्मप्रांत के बिशप अजय उमेश जेम्स के नेतृत्व में बिशप पीटर जॉनसन, रेव्ह. मनीष गिडियन, रेव्ह. एरिक नाथ, पास्टर श्याम बाबू, पास्टर जय सिडनी, पास्टर डेविड लाल, पास्टर प्रशांत डेविड, पास्टर स्टेनली सुकुमार, फादर सोमी जैकब, पास्टर राज अब्राहम, पास्टर ऑगस्टीन राव, आदि की उपस्थिति में हजारों मसीही समुदाय ने रैली का शुभारंभ 1.30 बजे प्रारंभ की गई ।

संजय मैथ्यूस ने जानकारी देते हुए बताया कि रैली में शहर के समस्त मसीही समुदाय के बच्चे, युवा, बुजुर्ग बड़े उत्साह के साथ सम्मलित हुए। क्रिसमस रैली के सफल आयोजन में फ्रांसिस जोसेफ, फ्रांसिस जेवियर, जॉय लाल, संजय मैथ्यूस, शान कुमार, विनोद चैंबर्स, डेंजिल आंग्रे, मनोज एंथोनी, निखिल चार्ल्स, अनीता मसीह, क्रिस्टोफर मसीह, डॉ.भावना शर्मा, मारिया चार्ल्स, जॉन डेविड, अतुल फिलिप सहित समिति के सदस्यों का योगदान सराहनीय रहा।

## जिज्ञासा कार्यक्रम आज से आरंभ

**जबलपुर, देशबन्धु।** उन्मेश जिज्ञासा कार्यक्रम का आयोजन 18 दिसम्बर से शुरू होगा। प्रगत शिक्षण संस्थान में सुबह 11 बजे से कोविड-19 महामारी के बाद भारत की अर्थव्यवस्था ने संपूर्ण विश्व की अपेक्षा अधिक तीव्रता से पूर्व स्तर प्राप्त करने के रुझान को दिखाया है, थीम पर कार्यक्रम होगा, वहीं कार्यक्रम का विषय भारत का अक्षय विकास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी में नवाचार, भारतीय मूल्यों की सजीव स्थापना के साथ होगा। प्रतियोगिता स्कूल स्तर के लिए होगी। कार्यक्रम में विज्ञान नाटक, निबंध, पोस्टर, पेंटिंग प्रतियोगिता होंगी।

## द्वितीय पेंशनर समाज ने नए सदस्यों का किया स्वागत



**जबलपुर, देशबन्धु।** पेंशनर समाज शाखा द्वारा द्वितीय नए सदस्यों का सम्मान समारोह अनादिदेव उपाध्याय संरक्षक की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमें वर्ष 2023 के 10 नये सदस्यों का शॉल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। जिला शाखा अध्यक्ष आर.पी.यादव ने नवीन सदस्यों का परिचय कराया। इसके पश्चात पेंशनर समाज से कहा 4 प्रतिशत कम राहत मिलने के लिए प्रस्ताव पारित कर मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश को ध्यान आकार्षित करने पत्राचार किया जायेगा। साथ ही धारा 49 को समाप्त करने के लिए प्रशासन को पत्र लिखा जावेगा, ताकि भी पेंशनरों को 46 प्रतिशत डीए दिया जाए। इसके साथ ही शासन का पेंशनरों को मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं की ओर ध्यान आकर्षित किया जायेगा।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

कुंदन लाल कोहली- आदर्श नगर नर्मदा रोड निवासी कुंदन लाल कोहली (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

भुलरा देवी यादव- हाथीताल कॉलोनी रोजगार कार्यालय के पास निवासी राम प्रसाद यादव की धर्मपत्नी श्रीमती भुलरा देवी यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

कनकलता अग्रवाल- गोपालबाग दमोहनाका रोड निवासी रामचंद्र अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कनकलता अग्रवाल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

विपता बाई झारिया- मदनमहल आरएस बेलासिंह स्कूल के पास निवासी सुमरन लाल झारिया की धर्मपत्नी श्रीमती विपता बाई झारिया (87) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

विनोद पटेल- गली नं. 20 सदर निवासी विनोद पटेल (61) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सुजाता यादव- उडिया मोहल्ला छोटी ओमती निवासी कृष्ण कुमार यादव की धर्मपत्नी श्रीमती सुजाता यादव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

पार्वती देवी केसरवानी- मोनी तिराहा रांझी निवासी मोती लाल केसरवानी की धर्मपत्नी श्रीमती पार्वती देवी केसरवानी (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

सतराम दास सुखवानी- गढ़ा मेडिकल रोड मारुति मंडपम के पीछे निवासी सतरामदास सुखवानी (76) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

त्रिशूलधारी पांडे- गंगामैया व्हीकल निवासी त्रिशूलधारी पांडे (82) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

कमला बाई कोल- कांचघर नई बस्ती निवासी शंकर लाल कोल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई कोल (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

शांति देवी- अप्सरा अपार्टमेंट साउथ सिविल लाइन निवासी श्रीमती शांति देवी (90) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

बसंता बाई कामड़े- राधाकृष्णन वार्ड मरही माता मंदिर के पास निवासी विनायक कामड़े की धर्मपत्नी श्रीमती बसंता बाई कामड़े (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

रामप्यारी बर्मन- संजय नगर अधारताल निवासी सेवाराम बर्मन की धर्मपत्नी श्रीमती रामप्यारी बर्मन (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# लाउडस्पीकर व विस्तारक यंत्रों के नियंत्रण के लिये अभी नया कानून नहींः कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कलेक्टपर सौरभ कुमार सुमन और पुलिस अधीक्षक आदित्यउ प्रताप सिंह की उपस्थिति में पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में ध्विन प्रदूषण यंत्रों को लेकर शासन के दिशा निर्देशों के अमल करने पर विस्ताबर से चर्चा की गई। कलेक्ट सुमन ने कहा कि लाउडस्पीकर यंत्रों से प्रदूषण को लेकर कोई भ्रम की स्थिति न रहे। ध्वनि प्रदूषण नियंत्रण के लिये कोई नया कानून या नियम नहीं है।




इसके पूर्व भी समय-समय पर दिशा निर्देश जारी किये गये है। शासन तथा सर्वोच्च न्यायालय द्वारा ध्वमनि प्रदूषण विनिमय एवं नियंत्रण के लिये जारी निर्देशों के पालन पर जोर देकर कहा कि लाउडस्पीकर और डीजे ध्वनि विस्तीरक यंत्रों से शोर के कारण मनुष्य के काम करने की क्षमता, आराम, नींद और संवाद में व्यंवधान पड़ता है। वहीं वृद्धजनों के स्वास्थ्य व परीक्षार्थियों को व्यकवधान के साथ मानव शरीर में उसके बुरे परिणाम पाये जा रहे हैं और यह आम जन जीवन को भी प्रभावित करता है। अतः समाज के प्रमुखों तथा सभी धर्म प्रमुखों को मिलकर यह सुनिश्चित करना है कि ध्वननि प्रदूषण को नियंत्रण के लिये प्रभावी कदम उठायें जिससे आम जन-जीवन के स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव न पड़े। साथ ही शासन के निर्देश तथा सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का पालन सामूहिक सहभागिता से करने की प्राथमिकता दी जाये। आज के परिवेश में परम्परा के स्थानन पर मुनष्यर और समाज को आगे रखें, जन हित के लिये कोई भी नियम या कानून वर्तमान परिवेश तथा परम्पराओं को ध्या न में रखकर बनाया जाता है। अतः परम्पराओं के नाम पर हठधर्मिता न करे और शासन के निर्देशों का पालन करें। उन्हो नें सभी से आग्रह किया कि वे इन चीजों को समझें और कानून का पालन कराने में सहयोग करें। पुलिस अधीक्षक आदित्ये प्रताप सिंह ने कहा कि धर्म क्षेत्र ने समाज में बड़े-बड़े परिवर्तन किये है और अब समय है धार्मिक स्थलों पर ध्वेनि विस्ता रक यंत्रों पर नियंत्रण कर समाज में एक नया परिवर्तन लायें। बैठक के दौरान सभी धर्मगुरूओं, प्रमुखों व अनुयायियों के साथ शांति समिति के सदस्यर मौजूद थे। सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त कर यह स्वी कार किया कि ध्वनि प्रदूषण समाज के लिये हितकर नहीं है। सभी ने ध्वैनि प्रदूषण नियंत्रण के लिये शासन के निर्देशों के पालन करने में अपनी सहमति व्यिक्तक की।

ध्वंनि प्रदूषण को लेकर धर्म गुरूओं के इस संवाद सह शांति समिति की बैठक में महाराज डॉ. नरेन्द्र सोनी, मुफ्ती आजम मध्य प्रदेश मुशाहिद रजा, एसके मुद्दीन, मुकेश राठौर,भूरे पहलवान, गुड्डू नबी, कदीर सोनी, मोहम्मयद इकबाल, कैलाश गुप्तान, ताहिर अली, प्यायरे साहब, राजेन्द्र चौधरी, राजेन्द्रू सिंह छाबड़ा सहित शांति समिति के अन्यम सदस्यों के साथ एडीएम शेर सिंह मीणा एवं नाथूराम गौंड, एडीशनल एसपी सुश्री प्रियंका शुक्लाह तथा सभी एसडीएम उपस्थित थे।

# डबलूसीआरईयू ने रिटायर कर्मचारियों के साथ मनाया पेंशनर्स डे, 80 साल से अधिक उम्र के बुजुर्गों का किया सम्मान



**जबलपुर,देशबन्धु।** वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) द्वारा रविवार 17 दिसम्बर को पेंशनर्स डे के अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय परिसर स्थित उमंग सामुदायिक भवन में सेवानिवृत रेल कर्मचारियों की उपस्थिति में शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया. जिसमें जबलपुर मंडल के वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा मुख्य अतिथि के रूप मे उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरूआत में मंचासीन अतिथियों सीनि. डी.पी.ओ. सुबोध विश्वकर्मा, नेम सिंह, एस.बी. श्रीवास्तव, नवीन लिटोरिया, के.जी. गोस्वामी प्रताप सिंह, एस.सी. चौरसिया, तेजेन्दर सिंह एवं एम.एस.शुक्ला का फूल मालाओं से स्वागत किया गया. सेवानिवृत कर्मचारियों के लिये पेंशन की लड़ाई लडने् वाले लोगों एवं संगठनों को याद किया गया।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर

सीनि. डी.पी.ओ सुबोध विश्वकर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि जबलपुर मंडल में सेवारत एवं सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान हेतु उनके दरवाजे हमेशा खुले हैं. यूनियन द्वारा इस हेतु किये गये, प्रयासों के लिए उन्होंने धन्यवाद दिया।

## रेल पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन की स्थापना की गई : लिटोरिया

पेंषनर्स डे के अवसर पर का. नेम सिंह एवं का. नवीन लिटोरिया ने कहा कि एआईआरएफ द्वारा ऑल इंडिया रेल पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन की स्थापना की गयी है, इस फेडरेशन से अधिक से अधिक लोग जुड़ेंगे एवं एनपीएस को हटाने एवं पुरानी पेंशन को सुरक्षित करने के लिये संघर्ष करते रहेंगे। के जी. गोस्वामी डी. एस. पटेल, का. बी.एन. शुक्ला एवं रोमेश मिश्रा ने भी कार्यक्रम को सम्बोधित किया. कार्यक्रम के दौरान पेन्षनरों की समस्याओं पर चर्चा की गयी एवं उनके समाधान हेतु कार्यवाही किये जाने का आश्वासन दिया गया।

## 80 वर्ष से अधिक के रिटायर रेल कर्मियों का हुआ सम्मान

80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनरों को सीनि. डी.पी.ओ. सुबोध विश्वकर्मा एवं का. नवीन लिटोरिया, का. बी.एन. शुक्ला, का. रोमेश मिश्रा, मनोज श्रीवास्तव, के.जी गोस्वामी द्वारा शाल श्रीफल देकर एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया. जिसमें बी.पी. कश्यप उम्र 93, शौकत अली उम्र 92, एल.पी रजक उम्र 90, का. एच एस. राठौर उम्र 90, का. हरिओम सिंह, का. बी.एल. मालवीया, का.आर.बी. पाठक, का. एस.सी. यादव, का.एच.पी. गढ़वाल, का.पी.एस. विर्दो, का. ए.बी. तापीकर, का. आर.आर. नेमा, का.रामजी राव, का. जे.आर. यादव, का.ए.एल विश्वकर्मा रिटा गार्ड को सम्मान प्रदान किया गया. पेन्शनर्स डे के इस कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से हरीश भारद्वाज, मोती खान, वी.के. वाटव, एस.एल. शर्मा, आर.के. श्रीवास्तव, रमेश कुमार, प्रताप सिंह, एस.डी. तिवारी, श्रीवास एवं 200 के अधिक सेवानिवृत्त रेल कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सड़क हादसो व मारपीट की घटनाओं में तीन घायल

**जबलपुर, देशबन्धु।** थाना बरेला में मारपीट में घायल को उपाचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाने की सूचना पर पहुँची पुलिस को जितिन दुबे उम्र 35 वर्ष निवासी ग्राम घाना कैलवाश ने बताया कि टाइल्स मार्बल का काम करता है । शाम लगभग 7-30 बजे अपने दोस्त शैलेन्द्र उर्फ शेरू राजपूत के साथ पिपरिया शराब पीने गया था, पिपरिया से लौटकर अपने घर ग्राम घाना की ओर आ रहे थे रास्ते में लखन आदिवासी की किराना दुकान पिपरिया टोला के सामने आग जल रही थी कुछ लोग आग ताप रहे थे वह तथा शैलेन्द्र उर्फशेरू राजपूत रूककर हाथ सेंकने लगे वहीं पर लखन आदिवासी पुरानी बात को लेकर उसके साथ गाली गलोज करते हुये लकडी से हमलाकर उसे सिर में पीछे तरफचोट पहुँचा दी तथा जान से मारने की धमकी देते हुये भाग गया। रिपोर्ट पर धारा 294, 323, 324, 506 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं थाना बेलखेड़ा में रविवार को राहुल जैन उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम पिपरिया कला ने बताया कि वह किराना दुकान चलाता है आज दोपहर लगभग 1 बजे खेत से घर वापस आ रहा था जैसे ही भैरोघाट तिराहा पहुँचा तो गाव के तुलसी लोधी एवं पंचू लोधी उसकी मोटर सायकल को रास्ते मे रोक कर शराब पीने के लिये 500 मांगने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो तुलसी ने उसके हाथ से मारा एवं पंचू लोधी ने राईजर पाईप से हमला करने को हुआ तो वह मोटर सायकल छोड़कर दौड़ लगाकर राजा लोधी के घर में घुस गया वहां से देखा तो उसकी मोटर सायकल में तोड़फोड़ कर रहे थे उसने दूर से ही मोटर सायकल में तोड़फोड़ करने से मना किया तो पंचू जान से मारने की धमकी दी, मामला दर्ज कर लिया गया है।

इधर थाना बेलखेड़ा में कैलाश अहिरवार उम्र 32 वर्ष निवासी डूंगा महगांव थाना बरेला के अनुसार वह टाईल्स का काम करता है आज बेलखेड़ा बबलू चौधरी के यहां शादी पक्की करने दोपहर लगभग 12-45 बजे जबलपुर से मोटर सायकल से हम लोग आये और अभिषेक ढाबा के पास डिवाईडर पार करते समय मोटर सायकल क्रमांक एमपी 20 एम डब्ल्यु 8552 का चालक किशन अहिरवार अपने पीछे मोटर सायकल में सुरेन्द्र अहिरवार को बैठाकर अभिषेक ढाबा से बेलखेड़ा के पास टक्कर मार दी।

# दिव्यांगों की विकास खण्ड स्तरीय खेलकूद एवं सामर्थ्य प्रतियोगिता

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर शिक्षा केन्द्र 1 के अंतर्गत समस्त शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 1 से 8 तक के दिव्यांग छात्रों की चित्रकला,मेहंदी,रंगोली,गायन,नृत्य नीबू दौड़,50मीटर दौ?,100 मीटर दौ? की प्रतियोगिता सम्पन्न हुई । कार्यक्रम का शुभारंभ बी आर सी नगर डॉ डी सी अहिरवार, बी ए सी श्वेता श्रीवास्तव ने दीप प्रज्वलित कर सरस्वती पूजन के साथ किया ।इसके बाद सरस्वती वंदना अंशु ताम्रकार,संगीता शुक्ला,अलका कोरी ,रश्मि ने की। निर्णायक मंडल में बी ए सी संतोष ठाकुर ,अजय सिंह ठाकुर जन शिक्षक,राजीव लोचन ,जुगलकिशोर राठौर सलेहा ,ने सराहनीय भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में कुल 75 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमे रांगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर्या लोधी को मिला,चित्रकला प्रतियोगिता में लक्ष्मी चौधरी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,मेहंदी में छीता वरक प्रथम, दौड़ में गौरव श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रथम द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त छात्रों को बी आर सी, बी ए सी अजय रजक द्वारा स्वेटर एवं प्रमाण पत्र वितरित किया गया। साथ ही शेष छात्रों को सांत्वना पुरस्कार में प्लोवर एवं प्रमाण दिया गया ।कार्यक्रम का संचालन अजय रजक एवं आभार प्रदर्शन विवेक रंजन शुक्ला ने किया ।सम्पूर्ण प्रतियोगिता को सम्पन्न कराने में एम आर सी अंशु ताम्रकार एवं संगीता शुक्ला का विशेष योगदान रहा। इस अवसर में सुभाष नगर विद्यालय के समस्त शाला परिवार एवं के एल कुशवाहा वर्षा चौकसे ने सराहनीय सहयोग प्रदान किया।



# तीन थाना क्षेत्रों में चोरी, हजारों के जेवरत पर चोरों ने किया हाथ साफ

**जबलपुर,देशबन्धु।** नगर में इन दिनों चोरी की वारदातों में बढ़ोत्तरी से पुलिस पर सवाल उठ रहे हैं। जिस तरह की गश्त होनी चाहिये वह नही हो पा रही है इससे लोगों में नाराजगी है।

थाना गोसलपुर में मणिकांत असाटी उम्र 34 वर्ष निवसी ग्राम रामपुर ने बताया कि वह किराना दुकान बुढ़ागर में चलाता है, उसका परिवार ग्राम मिढ़ासन देवनगर जगराता में गया था वह अपनी दुकान में था रात लगभग 10 बजे अपनी दुकान बंद करके घर आया देखा मकान का गेट खुला था एवं दरवाजे का ताला टूटा मिला अंदर जाकर देखा कमरे में आलमारी टूटी हुई एवं सामान बिखरा पडा था, सोने का लम्बा 8 गुरिया लगी हुयी लाकेट वाला मंगलसूत्र, काली पोत वाला लम्बा मंगलसूत्र दोनों का वजन लगभग 20 ग्राम, चांदी की 4 जोड़ी पायल, 10 जोड़ी बिछिया, नगदी लगभग 50 हजार रूपये नहीं थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी सहित लगभग 1 लाख 50 हजार रूपये की चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

वहीं थाना कोतवाली में रात उपेन्द्र अवस्थी उम्र 38 वर्ष निवासी कचनार सिटी विजयनगर के अनुसार आनंद फ्रूट जूस सेंटर के नाम से अहिंसा चौक पर दुकान है उसकी सास सावित्री पटैल एवं उसकी पत्नी की बड़ी बहन स्वाती पटेल का घर जानकीनगर बासू डेयरी के पास मे जिसमें सास एवं स्वाती पटेल रहती हैं स्वाति पटैल गुजरात में बैंक ऑफ बड़ोदा में नौकरी करती हैं और वही मां सावित्री पटैल के साथ रहतीं हैं जो एक दो महिने मे जबलपुर जानकीनगर अपने घर आती हैं, उनकी अनुपस्थिति में उनके घर की देखरेख वह करता



है जिसके लिये वह सप्ताह में एक दो दिन जाकर घर मे साफसफाई एवं गमलों में पानी डालता है उसकी सास सावित्री पटैल एवं उसकी पत्नी की बड़ी बहन स्वाति पटैल 15 अक्टूबर 2023 से अपने धर में ताला लगाकर गुजरात चली गयीं हैं, उनकी अनुपस्थिती में वह हमेरा की तरह घर की देखरेख के लिये जाता था, वह अपनी पत्नी श्रुति पटैल के साथ सास एवं स्वाति पटेल के घर देखरेख के लिये गया देखा घर का दरवाजा खुला था दरवाजे में लगा ताला टूटा था अंदर जाकर देखे तो कमरे मे सामान बिखरा पड़ा था आलमारी खुली थी, आलमारी के अंदर रखे चार हजार रूपये, और सास के सोने के टाप्स, चांदी की 2 जोड़ी पायल, 2 जोड़ी बिछिया, आलमारी में नहीं थे, अज्ञात चोर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी रूपये कुल कीमती लगभग 19 हजार रूपये के चोरी कर ले गया है । रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

इधर थाना गढ़ा में रात मोहम्मद जुल्फिकार उम्र 55 वर्ष निवासी तकिया मोहल्ला गढ़ा ने बताया कि अगरबत्ती बेचने का व्यवसाय करता है घर पर उसकी पत्नी श्रीमती सलमा बानो एंव लड़के मोहम्मद शाहरूख एवं मोहम्मद आरिफरहते हैं लड़कों की शादी नहीं हुयी है।

उसकी ससुराल गोटेगांव जिला नरसिंहपुर में है वह रविवार की शाम लगभग 4 बजे फोर व्हीलर से सपरिवार अपने साले मोहम्मद हामिद के घर गोटेगांव गया था गोटेगांव में उर्स कार्यक्रम था जिससे वह साले के घर में ही रूक गया था घर के दरवाजे एवं गेट पर ताला लगा दिया था।

रात लगभग 8-30 बजे वह परिवार सहित घर वापस आया देखा तो गेट में ताला लगा हुआ था एवं घर का मेन दरवाजे का ताला टूटा था अंदर जाकर देखा तो गोदरेज अलमारी के पास पूरा सामान बिखरा हुआ था गोदरेज आलमारी को चैक करने पर पत्नी का सोने का मंगलसूत्र, 3 अंगूठी, एक जोड़ी झाला, चांदी की 4 जोड़ी पायल, एवं नगदी 18 हजार रूपये नहीं थे कोई अज्ञात चोर ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवर एवं नगदी सहित लगभग 70 हजार रूपये के चोरी कर ले गया है।

# जुए के फड़ पर छापा, 11 जुआरी गिरफ्तार, हजारों की नगदी जप्त



**जबलपुर,देशबन्धु।** थाना बेलबाग में विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि पारसी कब्रिस्तान के गेट के बाजू से बिजली खम्बे के नीचे गौतम नगर में कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेल रहे हैं सूचना पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई, जहां कुछ जुआरी ताश पत्तों पर रूपयों की हारजीत का दाव लगाकर जुआ खेलते दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया नाम पता पूछने पर सभी ने अपने कलीम मोहम्मद निवासी न्यू आनंदनगर अधारताल, समीर खान निवासी बाबाटोला, हनुमानताल, अजय कुमार कोरी निवासी सरकारी कुआ प्रेमसागर रोड हनुमानताल, जाबिर खान निवासी न्यूआनंद नगर अधारताल, मोह. माजिद उर्फमोनू निवासी अमखेरा जागृतिनगर गोहलपुर, मजर खान निवासी पम्प हाउस के पास हनुमानताल, मोनू रजक निवासी प्रेमसागर गोविन्द भवन के सामने हनुमानताल, सलीम मंसूरी निवासी राजाबाबू कुटी मोहरिया हनुमानताल, अंकित बेन निवासी शीतलामाई तड़ीखाना घमापुर, मोह. शोहेल निवासी 16 क्वाटर हनुमानताल, शेख वाजिद निवासी कटरा मस्जिद अधारताल बताये जुआरियों के पास एवं फड़ ताश के 52 पत्ते एंव नगदी 9 हजार 900 रूपये जप्त करते हुये जुआरियों के विरूद्ध धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।



# स्थापना दिवस कार्यक्रम को लेकर बनी रूपरेखा

## कांग्रेस जन अपनी दुगनी ऊर्जा के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटे : अन्नु सिंह

**जबलपुर,देशबन्धु।** शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के द्वारा राइट टाउन स्थित सभागार में कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष ब्लॉक संगठन मंत्री कांग्रेस बिगं प्रकोष्ठ विभाग अध्यक्षों की बैठक आयोजित की गई जिसमें उपस्थित सभी अध्यक्षों ने बिंदुवार अपनी अपनी बात विस्तार से रखी।

कांग्रेस स्थापना दिवस की तैयारी की विस्तार से चर्चा करते हुए सभी कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित करना निश्चित किया ,साथ ही आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी की भी विस्तार से चर्चा की गई बैठक को संबोधित करते हुए शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जगत बहादुर सिंह अन्नु ने कहा किसी भी चुनाव की परिणिति जीत या हार होती है जिसमे जीत में हमें अति उत्साहित नहीं होना चाहिए और हर से हमें सबक लेना चाहिए। हमारा लक्ष्य जनता की सेवा करना है कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता प्रत्येक नागरिक के सुख-दुख में पहले की तरह सहभागी रहा है और रहेगा। 28 दिसंबर 23 को कांग्रेस पार्टी अपना 139 वे स्थापना दिवस हर्ष और उल्लास के साथ जबलपुर में मनाएगी।

सभी कांग्रेस जनों से आव्हान करते हुए अन्नु सिंह ने कहा दुगनी ऊर्जा के साथ लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाए ।बैठक में डिक्की जॉन शिवकुमार चौबे अभिषेक चंदेल कपिल श्रीवास्तव सलिल चौकसे राजेंद्र मिश्रा सचिन रजक निकर्ष वैघ अजय दुबे शैलेश धुर्वे सुमित्रा गोटिया प्रभा सिंह पंकज पटेल राकेश श्रीवास्तव सिद्धार्थ वर्मा आशीष श्रीवास्तव रितेश गुप्ता विवेक भोंसले आशीष शुक्ला सोनू दुबे विक्रम ठाकुर सुशीला कन्नोजिया प्रिंस सलूजा सुशांत ठाकुर यतेंद्र सोनी आरिफ बेग लखन ठाकुर पीयूष सिंह राजू तोमर सुशील पटारिया प्रहलाद दाहिया प्रशांत जैन राहुल तिवारी राजेंद्र सराफ दुर्गेश पाठक आशीष मेश्राम सुमित तिवारी दिलीप चमकेल सचिन शर्मा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन व अभार प्रदर्शन संगठन मंत्री मनोज सेठ ने किया।

# जीतू पटवारी के पी.सी.सी. अध्यक्ष बनने में युवाजनों में उत्साह



**जबलपुर,देशबन्धु।** प्रदेश विधानसभा चुनावों में अच्छे परिणाम नहीं आने के बाद से कांग्रेस आलाकमान में मंथन का दौर चलता रहा। अनेक जातियों के निवासियों अलग अलग क्षेत्रों महाकौशल, विध्यं, बुंदेलखण्ड, मालवा, चंबल की तरह तरह की समस्याओं से जूझते प्रदेश में अपने आन्दोलनों के जरिये जनमानस की समस्याओं को उठाने व सड़क पर जनता के हितों के लिये लड़ाई लड़ने के लिये जीतू पटवारी का मध्यप्रदेश के कोने कोने में आम जनता से सीधा जुड़ाव है। श्री जीतू पटवारी का आक्रमक अंदाज युवाओं का भी अपनी ओर खीचे रखता है। कांग्रेस आलाकमान द्वारा श्री जीतू पटवारी को मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं श्री उमंग सिंघार को नेता प्रतिपक्ष बनाया गया है। श्री जीतू पटवारी के अध्यक्ष घोषित होने से कांग्रेसजनों में उत्साह जागा।

मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शशांक दुबे के नेतृत्व में सैकड़ों युवकों ने जबलपुर जिला में राजनीति के मुख्य केन्द्र बिन्दु स्थानीय मालवीय चौक चौराहा पर जीतू पटवारी के पी.सी.सी. अध्यक्ष बनने पर आतिशबाजी, ढोल नगाड़ों के साथ मिष्ठान का वितरण किया है। और जीतू पटवारी एवं उमंग सिंघार, हेमंत कटारे को शुभकामनायें प्रेषित की है। इस अवसर पर प्रदेश युवा कांग्रेस के पूर्व कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष शशांक दुबे ने कहा कि हमको एक जुझारू, ऊर्जावान अध्यक्ष जीतू पटवारी के रूप में मिला है एवं उमंग सिंघार मजबूत आदिवासी नेता के रूप में नेता प्रतिपक्ष मिला है। अब हम जनता के हितों के लिये मजबूती के साथ अपना पक्ष रख सकेंगे। इस अवसर पर कांग्रेस नेता दविन्दर सिंह लाली, तरूण आहूजा, रिजवान कोटी, सागर शुक्ला, भानू चौहान, राहुल बघेल, वरूण शर्मा, रौनक मिश्रा, संजू मिश्रा, आदर्श राजपूत, आशीष पाठक, टीनू रजक, जांबाज राईन, डेनी बेन, सैय्यद बशीरउद्दीन, गोपाल चौधरी, आजाद अंसारी, अनुज ठाकुर, आशू, सावले, दीपू अग्रवाल, चन्ना राव, गोल्डी सिंह, सुमित गुप्ता, अपूर्व केसरवानी, अजहर अहमद, कपिल अली, फिरोज पेड़ा उपस्थित रहे।

# आश्रयहीन एवं मजदूर वर्ग के लिए एव रैन बसेरे की व्यवस्था की मांग

**जबलपुर,देशबन्धु।** यूथ कांग्रेस द्वारा ये जानकारी दी गई कि अभिषेक चिन्टू चौकसे के निर्देश पर यूथ कांग्रेस एवं मलिा कांग्रेस द्वारा नगर निगम आयुक्त के नाम एक ज्ञापन रांझी जोन कार्यालय में सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से यह मांग की गई कि रांझी क्षेत्र के सभी चौराहों पर जहां सब्जी वाले,मजदूर रिक्शा चालक,आटो चालक एवं आश्रयहीन लोग जो वर्तमान में चल रही शीत लहर एवं ठंड से परेशान है उनके लिए शीघ्र अतिशीघ्र अलाव की व्यवस्था की जाये एवं रांझी जैसे घनी आबादी वाले क्षेत्र में इन लोगों के लिए एक भी रैन बसेरा नहीं है,जिससे मजबूरी वश इन्हें ऐसी भीषण ठंड में खुली सड़क पर ही रात बितानी पड़ती है। अतः एक रैन बसेरे की उचित व्यवस्था की जाये।

## नियम कायदे ताक पर, खेतों में हो रही धान की तुलाई

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन विधानसभा में धान बिचौलिए किस कदर प्रशासन पर हावी हैं, उसकी बानगी यदि किसी को देखना हो तो पाटन ब्लॉक के ग्राम चपोद में देखी जा सकती है। धान माफिया का रसूख ऐसा की इनके द्वारा खरीदी केंद्र ही किसान के खेत में कुछ समय के लिए खुलवा दिया और दिन दहाड़े नियमों को ताक पर रखकर खरीदी केन्द्र पर शासकीय बारदाना एवं धान की बोरी पर लगने वाला सरकारी टैग, सिलाई मशीन, धागा किसान के खेत पर लगाकर तुलाई शुरू कर दी।



प्राप्त जानकारी के अनुसार धान माफिया 200 से लेकर 300 रूपए प्रति क्विंटल धान की उपज समर्थन मूल्य पर बेचने का ठेका लेते हैं, वही खरीदी केन्द्रों पर सिलाई मशीन,धागा और शासकीय वारदाना टैग सहित लाकर किसानों के खेत में तुलाई करके धान की कट्टी को रात होते ही वाहनों में लोड करके समिति प्रबंधक और केंद्र प्रभारियों की मिलीभगत से खरीदी केन्द्रों पर पहुंचा रहे हैं। इस काम को कैसे धान माफिया एक नंबर में करके मोटी कमाई कर रहे हैं, इसका जीता-जागता उदाहरण इससे बेहतर कोई हो ही नहीं सकता। यदि शासन प्रशासन ईमानदारी से छापेमारी कार्यवाही करे तो कई नामी गिरामी चेहरे बेनकाब होकर सलाखों के पीछे होंगे। किसानों ने बताया कि सरकार बदलते ही किसानों के खेतों में अवैध तरीके से भारी मात्रा में धान की तुलाई नियम कायदों को दरकिनार करके की जा रही है।

सूत्रों ने बताया कि धान की खरीदी अवैध तरीके से करके रात के अधेरे में यह धान बरौदा केंद्र पहुंचाई जा रही है। धान बिचौलियों के आगे ज़िम्मेदारो का मौन रहना कई संदेह को जन्म दे रहा है। धान की अवैध वसूली समिति प्रबंधक एवं केंद्र प्रभारियों की मिलीभगत से बिचौलिए कर रहे हैं। पाटन विधान सभा क्षेत्र के किसानों के साथ जमकर लूट की जा रही है। जिन किसानों ने अपनी धान की उपज अपने खेतों में तुलवाई हैं उनके नाम दिनेश पटैल, मुन्ना पटैल, प्रदीप पटैल, गुड्डू पटैल आदि हैं। इन किसानों ने 200 रुपए प्रति क्विंटल की दर से अपनी धान की उपज रजिस्ट्रेशन सहित बेची है।

जानकारों ने बताया कि पाटन के अधिकतर समिति प्रबंधक और केन्द्र प्रभारी एवं इस खेल में शामिल अन्य लोग पिछले दो दशक पहले सामान्य जीवन यापन करते थे, जैसे ही सहकारी समितियों में इनकी घुस-पेठ बनी तभी से कुछ समिति प्रबंधक और केन्द्र प्रभारी करोड़ों रुपयों के मालिक बन गए और कई तो महंगी-महंगी कोठियों के साथ ही वेयर हाऊस के मालिक बने बैठे हैं। यदि जांच एजेंसियां इन रसूखदारों की निष्पक्ष जांच करे तो कई बेनामी संपत्ति उजागर हो सकती हैं।

## बरगी-पनागर विधानसभा क्षेत्र के खरीदी केंद्रों पर किसानों को जागरूक करने के लिए लगाए फ्लेक्स

**पाटन, देशबन्धु।** जिले के ग्रामीण क्षेत्र से आने वाली पनागर विधान सभा से भाजपा के वरिष्ठ विधायक सुशील तिवारी (इंदु भैया) एवं बरगी विधानसभा से प्रथम बार के नव निर्वाचित विधायक नीरज सिंह लोधी ने किसानों को समर्थन मूल्य पर धान की उपज बेचने पर आने वाली मुख्य समस्या खरीदी केंद्र प्रभारी, समिति प्रबंधक एवं धान बिचौलिए के द्वारा तुलाई, सिलाई, ढुलाई, पल्लेदारी के नाम पर किसानों से अवैध वसूली करते हैं। उन पर नकेल कसने के लिए विधायकों के द्वारा अपनी-अपनी विधान सभा के किसानों को जागरूक किया गया एवं प्रत्येक खरीदी केन्द्रों पर फ्लेक्स भी लगवा दिए, जिसमे यह संदेश साफ़-साफ़ लिखा है कि समस्त किसान भाइयों को जानकारी हो की शासन के द्वारा सभी प्रकार के व्यय समिति को देय (भुगतान) किये जाते है।



किसान अपनी उपज की गुणवत्ता का स्कंध खरीदी केन्द्र में लायें। किसी किसान भाई से तुलाई, लोडिंग-अनलोडिंग, टैंग, धागा या किसी भी प्रकार की राशि मंगाई जाती है तो किसान भाई निम्न व्हाट्सएप नम्बरों पर लिखित शिकायत कर सकता है जिस पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। पनागर एवं बरगी विधान सभा के विधायकों की प्रशंसा जिले के सभी किसान बंधु कर रहे है। वही पाटन-सिहोरा विधान सभा में इस तरह की सार्थक पहल विधायक गणों के द्वारा नहीं किए जाने से इन विधान सभाओं में रहने वाले किसान बहुत दुखी है और पाटन-सिहोरा विधान सभा से नव निर्वाचित विधायक गणों से किसान उम्मीद लगाए बैठे हैं कि कब उनके जनप्रतिनिधि अवैध वसूली पर रोक लगाने शासन प्रशासन को निर्देशित करते हैं।

जिले की पाटन विधान सभा जिसे हम मिनी पंजाब भी कहते हैं और सिहोरा विधान सभा में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी में, खरीदी केन्द्रों के जिम्मेदारों के द्वारा किसानों से तुलाई, सिलाई, ढुलाई, पल्लेदारी के नाम पर रुपए लिए जा रहें है। पाटन, सिहोरा विधान सभा के किसानों ने अपने-अपने विधायक गणों से गुहार लगाई है कि केंद्रों पर किसानों से होने वाली वसूली पर तत्काल रोक लगाने जिम्मेदारों को निर्देशित करें।

### सार-समाचार

## उच्च पद के प्रभार के आदेश देरी से, शिक्षक नाराज

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** प्रदेश के हजारों शिक्षक उच्च पद के प्रभार के आदेश जारी होने इंतजार में हैं, उल्लेखनीय है कि मध्यद्यप्रदेश शासन द्वारा प्रमोशन में आरक्षण विवाद के चलते विकल्प के रूप में शिक्षको को उच्च पद प्रभार देने का निर्णय लिया है जिनमें स्कूल शिक्षा विभाग में अधिकांश शिक्षकों को उच्च पद प्रभार देकर पदस्थापना कर दी तो अनेक पदो पर दो दो बार काउंसलिंग के बावजूद शिक्षकों को उच्च पद प्रभार के आदेश जारी नही हुए है, विधानसभा की आचार संहिता के चलते शिक्षकों को उच्च पद प्रभार देने की प्रक्रिया रोक दी गई थी, रुकी हुई प्रक्रिया पुन ‍प्रारंभ करने के लिए समग्र शिक्षक संघ ने स्कूल शिक्षा विभाग और जनजातीय कर विभाग के अधिकारियों को पत्र लिखा है,

**समग्र शिक्षक संघ विभाग प्रमुख से करेगा भेट**

संघ के प्रदेश अध्यक्ष सुरेशचंद्र दुबे और प्रदेश संरक्षक मुरारीलाल सोनी का कहना है कि विधानसभा चुनाव की आचार संहिता 5 दिसंबर को समाप्त हो चुकी है ऐसे में रुके हुए आदेश विभाग को तत्काल जारी करना चाहिए, क्योंकि शिक्षकों में भारी नाराजगी उत्पन्न हो रही है संघ के प्रांतीय महामंत्री संजय तिवारी तथा जेपी शुक्ला का कहना है कि फिलहाल दोनों विभाग प्रमुखों को पत्र लिखकर काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग ले चुके शिक्षकों के आदेश शीघ्र जारी करने तथा उच्च पद प्रभार में विभागीय त्रुटि से वंचित हुए शिक्षकों को काउंसलिंग कर शत प्रतिशत पात्र शिक्षको को उच्च पद प्रभार का लाभ देने के लिए पत्र लिखा है, जल्द ही संगठन स्कूल शिक्षा और जनजाति विभाग प्रमुख अधिकारियो से भेंट करेगा।

## चतुर्थ समयमान वेतनमान की आस में शिक्षक हो रहे रिटायर्ड

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय जबलपुर में लगभग 2 माह पूर्व 35 वर्ष की सेवा अवधि पूर्ण करने वाले सहायक शिक्षक एवं शिक्षकों की जानकारी जमा होने के पश्चात भी आज दिनांक तक इस विषय पर आगे कोई कार्यवाही नहीं हो रही है। जिसके परिणाम स्वरूप सैकड़ो शिक्षक वरिष्ठ वेतनमान प्राप्त करने से वंचित हो रहे हैं, जिससे उनको हजारों रुपए का नुकसान हो रहा है। इस संबंध में संघ के माध्यम से वरिष्ठ कार्यालय का ध्यान आकर्षित किया जा रहा है की अभिलंब पात्र शिक्षकों की सूची जारी कर उनको समय मान वेतनमान का लाभ प्रदान किया जाए , जिससे बार-बार उनको रिटायरमेंट के बाद अपने वेतनमान के लिए भटकना न पड़े।मांग करने वाले शिक्षक जी पी चतुर्वेदी, कर्मचारी नेता हरिशंकर गौतम , के जी पाठक, गणेश चर्तुवेदी, मनोजश्रीवस्तव, आनंद गुप्ता आदि है।

## गोसलपुर में चोरी की वारदातें बढ़ी

**गोसलपुर, देशबन्धु।** गोसलपुर तथा आसपास के क्षेत्र में इन दिनों बढ़ती ठंड के साथ चोरी की वारदातों में तेजी से इजाफा हो रहा है गत रात्रि गला व्यवसाय सुखदेव पटेल सुखदेव होटल मोटवानी मोबाइल शॉप जेपी ट्रेलर की दुकानों में ताला तोड़कर वारदातों को अंजाम दिया इसमें नगदी सहित दुकान में रखा सामान हाथ साफ कर दिया कुछ दिन पूर्व गोसलपुर के मोटवानी निवास से घर के सामने खड़ी स्कॉर्पियो चार पहिया वाहन चोरी चली गई जिसका भी आज तक कोई पता नहीं चला पुलिस गस्त जो न होने से तत्वों को अंजाम दे रहे हैं जिससे नागरिकों में डर का वातावरण देखा जा रहा है।

## हर घर में पूजित अक्षय चावल पहुंचाने का संकल्प




**गोसलपुर, देशबन्धु।** पूजित अक्षय कलश यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर ग्राम भ्रमण करते हुए ग्राम के वरिष्ठ नागरिकों ने फूल मालाओं से स्वागत किया जिसमें अनिल चौधरी मनीष पटेल सरोज श्रीवास्तव उप सरपंच कछपुरा गोविंद सोनी कपिल गर्ग अनेक लोगों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया आगे की रूपरेखा में हर घर में पूजित अक्षय चावल पहचाने के व्यवस्था की जा रही है ताकि सभी लोग अयोध्या पहुंच सके और 22 तारीख को अयोध्या राम मंदिर निर्माण कार्य में शामिल हो।



## डॉ मोहन यादव मुख्यमंत्री बनने पर यादव समाज कुंडम तहसील के कृष्ण मंदिर पर मिठाई बांट कर बधाई किया

**कुंडम,देशबन्धु।** जिला जबलपुर कुंडम तहसील के यादव समाज ने डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश के बनाए जाने पर सभी ने यादव समाज खुशी जाहिर करते हुए कुंडम आवास योजना कृष्ण मंदिर मैं भगवान श्री कृष्ण जी को प्रसाद चढ़कर समस्त यादव समाज ग्राम वासियों एवं कुंडम नगर ने हृदय से बधाई देते हुए बैंड बाजा फटाका फोड़कर खुशी जाहिर किया है भगवान कृष्ण की जयकारा लगाते हुए वहीं पर कामता प्रसाद यादव ने कहा कि माननीय डॉक्टर मोहन यादव को बधाई देते हैं और भगवान से कामना करते हैं कि डॉक्टर मनमोहन यादव मध्य प्रदेश के लिए एक विकसित देश विकास कार्य करने के लिए बढ़ चढ़कर के भाग लेंगे और यादव समाज के लिए भी विकास करेंगे मध्य प्रदेश में विकास की गंगा बहाएंगे इन्हीं शब्दों के साथ इस अवसर पर समाज के वरिष्ठ कामता प्रसाद यादव कोदू लाल यादव शोभाराम यादव शीतल प्रसाद यादव पूरन यादव भैया जी यादव सदाफल से मोनू यादव मुकेश यादव कमलेश यादव पवन यादव अंकित यादव सहित सैकड़ो लोग बड़ी संख्या में उपस्थित होकर माननीय मुख्यमंत्री जी को बधाई प्रेषित करते हुए शुभकामनाएं समस्त कुंडम यादव समाज ने दिया।

## कजरवारा में राम विवाह धर्ममय शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

**गोसलपुर, देशबन्धु।** कजरवारा में राम विवाह शोभा यात्रा निकाली गई, शोभा यात्रा में प्रभु श्री राम, माता श्री सीता जी की झांकी , के साथ बाबा भोले नाथ, प्रभु हनुमत लला के साथ देवताओं की झांकियां चल रही थी। शोभा यात्रा में क्षेत्रीय विधायक अशोक रोहाणी, पार्षद कृष्णा चौधरी, अभिषेक चिंटू चौकसे, सुरेश उपाध्याय, अटल उपाध्याय, संदीप सोनी, अनिल , प्रशांत चौकसे,नकुल गुप्ता, विजय, सुसील, अरुण चौकसे,राजू पटेल, शामिल थे।

## अनिल सराफ का निधन



**सिहोरा,देशबन्धु।** बावली मोहल्ला नारायण टाकीज के पास वार्ड नम्बर 5 निवासी अनिल सराफ का 52 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था। अंतिम संस्कार कुर्रे रोड स्थित मुक्तिधाम में किया गया। वे विष्णु सराफ के पुत्र एंव ओम सराफ के पिता थे।

## सम्पूर्ण जगत भगवती का ही स्वरूप : स्वामी नरसिंह दास

**सिहोरा, देशबन्धु।** शिव शक्ति महिला मंडल के संयोजन में वार्ड क्रमांक दो शारदा मंदिर में चल रहे श्रीदेवीभागवत महापुराण में जबलपुर नृसिंह पीठाधीश्वर श्री नरसिंह दास जी महाराज ने कहा की इस पुराण की कथा को श्रवण करने से मां के दिव्य पावन चरित्र साधकों वा भक्तों के मन को देवी भक्तिमार्ग का पथिक बना देती है। स्वामी जी ने कहा सम्पूर्ण जगत भगवती का ही स्वरूप है। आसन में मल ग्रस्त शिशु को पिता तब तक स्वीकार नहीं करता जब तक मां साफ स्वच्छ नहीं कर देती, उसी तरह संसार के समस्त जीवों को जब माँ निर्मल कर देती है इसीलिए साक्षात शक्ति की उपासना करने वाला साधक संसार के समस्त सुखों को भी प्राप्त करता है व मोक्ष का भी अधिकारी होता है। इस पुराण के विविध प्रसङ्ग का बिस्तार से वर्णन करते हुए कहा वेद माता गायत्री की उपासना करने वाला साधक सहल ही तेज के बिग्रह श्री सूर्य भगवान को प्रसन्न कर लेता है जिनकी कृपा से समस्त अज्ञान अंधकार ध्वस्त होकर दिव्य ज्ञान की ज्योति उदित हो जाती है। जैसा शास्त्र की आज्ञा है,तमसो मां ज्योतिर्गमय यह क्रिया आदिशक्ति माँ की कृपा से हम आपके जीवन में सहज होने लगती है और मानव जीवन धारण करने की आयोजक परिवार यही सर्वोत्कृष्ट लाभ है। वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद एंव नगर पालिका अध्यक्ष शारदा तिवारी ने कथा की आरती के बाद समस्त भक्तों को केला जलेबी,आलूबंडा का प्रसाद स्टाल लगाकर वितरित किया।



## कड़ाके की ठंड में भी नहीं लगे अलाव, नगर परिषद बेखबर

**बरेला, देशबन्धु।** कड़ाके की पड़ रही ठंड में भी नगर परिषद द्वारा एक भी सार्वजनिक अलाव नही लगवाया गया है ,जिससे आम गरीब और बाहर से आने वाले मुसाफिर ठंड से ठिठुरने को मजबूर हैं, सामान्य तौर पर हर स्थानीय निकाय , दिसंबर से ही क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों पर अलाव की व्यवस्था कर देते है , जिससे आम लोगों को इसका लाभ मिल सके, किंतु परिषद के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को भी एक सप्ताह से पड़ रही कड़ाके की ठंड में भी सार्वजनिक अलाव जलाए जाने की बात समझ में नहीं आ रही है।अधिकारी एक ओर घरों में आराम फरमा रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर गरीब आदमी ठंड में दुबकने मजबूर है। स्थानीय बस स्टेंड, अस्पताल ,सभी धर्मिकस्थलो , तथा बाजार मुहल्ले में शीघ्र सार्वजनिक अलाव जलाए जाने की मांग कीगई है।

## तेज लाउडस्पीकर और खुले में मांस बिक्री को लेकर थाना परिसर में हुई बैठक

**सिहोरा, देशबन्धु।** धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर और खुले में मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने संबंधी सरकार द्वारा निर्देश जारी किए थे। जिसके लिए सभी धार्मिक कमेटी और वरिष्ठ लोगों के बीच संवाद के लिए सिहोरा थाना परिसर में बैठक का आयोजन किया गया जिसमें खितौला सिहोरा नगर के सभी वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे। सीएम के रूप में अपने पहले आदेश में धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज में लाउडस्पीकर बजाने और खुले में मांस की बिक्री पर पाबंदी लगाने समेत कई अहम आदेश दिए थे और इसका पालन नहीं करने पर जुर्माना लगाने की बात भी कही गई थी। जबकि आदेश को ध्यान में रखते हुए नगर के सभी धार्मिक स्थलों और अन्य स्थलों में अनियमित अथवा अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों स्पीकर , और साउंड बॉक्स (लाउडस्पीकर) के उपयोग को प्रतिबंधित किए जाने के संबंध में सिहोरा थाना परिसर में बैठक करकके दिशा निर्देश जारी किए गए है।

ज्ञात हो कि मुख्यमंत्री मोहन यादव का यह पहला आदेश था कि धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज़ में लाउड स्पीकर नहीं बजेंगे, साथ ही खुले में मांस अंडे की बिक्री भी प्रतिबंधित रहेगी, सीएम के आदेश के मुताबिक अनियमित और अनियंत्रित ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर ही प्रतिबंध है. नियमित एवं नियंत्रित उपयोग पर प्रतिबंध नहीं होगा। जिसकी समीक्षा अधिकारियों की निगरानी में रहेगी।

## पाटन नगर में निकाली अक्षत कलश की भव्य शोभायात्रा

**पाटन देशबन्धु।** नगर के ओमकार नामदेव स्कूल से अक्षत कलश की भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। संजय सिंह ने बताया कि अयोध्या जी से भगवान श्री राम चन्द्र जी के पूज्य अक्षत कलश हमारे पाटन नगर में आये हैं। जिसका पूजन अर्चन एवं दर्शन करने का सौभाग्य आज नगर वासियों को मिला हैं। शोभा यात्रा ओंकार नामदेव सरस्वती स्कूल से शुरु होकर नगर का भ्रमण करते हुए सिदेश्वरी माता मंदिर में समापन हुआ। शोभा यात्रा ओंकार नामदेव सरस्वती स्कूल से प्रारंभ होकर सिविल कोर्ट चौराहा पहुंची जहां ग्वारी के वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश सिंह एवं उनके समर्थकों ने अक्षत कलश का फूल माला चढ़ा कर पूजन अर्चन किया वही शोभा यात्रा में नगर वासियों ने बड़ चढ़कर हिस्सा लिया वही जगह जगह अक्षत कलश का पूजन अर्चन नागरिकों ने किया। शोभा यात्रा सिद्धेश्वरी माता मंदिर से होते हुए नाग तालाब मंदिर पहुंची यहां पूजन अर्चन के बाद शोभा यात्रा चौधरी मोहल्ला सरकारी स्कूल से होते हुए बडे पीपल से बबेले मंदिर और वहां से राम दरबार मंदिर चौधरी मोहल्ला,जैन मंदिर गुरु मोहल्ला से होते हुए लक्ष्मी नारायण मंदिर से समुदायिक भवन मेन रोड से सिद्धेश्वरी माता मंदिर पर शोभा यात्रा का भव्य स्वागत नगर वासियों ने किया।



## गांधीग्राम से विकसित भारत संकल्प यात्रा का हुआ आगाज

### संकल्प पत्र का वाचन कर ली शपथ, विभिन्न विभागों के अधिकारी रहे मौजूद

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** मन मानस भवन प्रांगण गांधीग्राम से रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आगाज किया गया। अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा धीरेंद्र सिंह,जनप्रतिनिधियों व विभिन्न विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में विकसित भारत संकल्प पत्र का वाचन करते हुए शपथ ली गई।

भाजयुमो जिला अध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल ने इस अवसर पर कहा कि सरकार की जनहितैषी योजनाओं लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ की गई है। जिसका गांधीग्राम से शुभारंभ किया गया।



शासन के विभिन्न विभाग के अधिकारियों द्वारा सरकार की प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना बताया गया । इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी सिहोरा धीरेंद्र सिंह, सीईओ जितेंद्र गुप्ता, नायब तहसीलदार जयभान सिंह उइके,बी ई ओ अशोक उपाध्याय,बीआरसी सिहोरा बृजेश श्रीवास्तव, बी ए सी अश्वनी उपाध्याय, जनशिक्षक ओम प्रकाश तिवारी,खाद्य विभाग जेएसओ श्रीमती नीलम, एसडीओ कृषि श्रीमती मनीषा पटेल, बीएमओ अर्शिया खान, महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती संतोष मिश्रा, पुलिस थाना गोसलपुर से प्रियंका केवट,सरपंच श्रीमती राधा विवेक चौरसिया, जनपद सदस्य श्रीमती अनीता राजेश त्रिपाठी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल,जनपद उपाध्यक्ष दिलीप पटेल,सचिव अनिल दत्त तिवारी, गजराज सिंह बघेल, अजय कोरी,पूर्व बीडीसी महेश सेन, राजेश यादव, समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित रही। 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा।

## मारियाना द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**वाशिंगटन।** प्रशान्त महासागर के पश्चिमी भाग में स्थित एक अर्धचन्द्र आकार का द्वीपसमूह मारियाना द्वीप समूह में मध्यम स्तरीय भूकंप के झटके महसूस किये गये। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक शनिवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 09:50:55 बजे भूकंप के झटके महसूस किये गये। भूकंप का केंद्र 20.15 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 145.96 डिग्री पूर्वी देशांतर में पृथ्वी की सतह से 10.0 किलोमीटर की गहराई में स्थित था।

### अपनों के कत्ल का दाग कैसे छूटेगा?

# गाजा पर अमेरिका के नए प्लान से मुश्किल में नेतन्याहू

**गाजा।** इजरायली सेना आईडीएफ अपने ही लोगों के कत्ल करने के आरोप में चौतरफा आलोचना झेल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स कहती हैं कि ड्ढष्ठस्न ने उन तीन नागरिकों पर तब गोली चलाई जब वे हवा में सफेद झंडे लहरा रहे थे। इस गोलीबारी के बाद आईडीएफ पर उन आरोपों को बल मिल रहा है कि गाजा में वह हमास आतंकी ही नहीं आम नागरिकों को भी निशाना बना रही है। हाल ही में हमास द्वारा संचालित गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने दावा किया था कि शहर में मरने वालों की तादाद 20 हजार पार कर गई है। इसमें दो तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं। पहले जहां अमेरिका इस युद्ध में इजरायल का समर्थन कर रहा था, उसने भी अपने हाथ खींचने की तैयारी कर ली है।

एनबीसी न्यूज ने दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि जो बाइडेन सरकार ने गाजा पर इजरायली हमले के लिए नया प्लान तैयार किया है। अमेरिका ने इजरायल से कहा है कि वो जितनी जल्दी हो सके गाजा पर अपनी जमीनी अभियान समाप्त कर ले। इस नए प्लान ने इजरायली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू के लिए मुश्किल पैदा कर दी है। गाजा पट्टी में मच रहा कत्लेआम अब दुनिया भर के देशों के साथ अमेरिका को भी चिंता में डाल रहा है।

जो बाइडेन सरकार को अपनी गिरती साख सता रही है। हाल ही में गाजा पट्टी पर अभियान के दौरान इजरायली सेना ने गलती से अपने ही लोगों को गोलियों से भून डाला। मीडिया रिपोर्ट्स आईडीएफ पर ऐसे आरोप लगा रही है कि इजरायल को मालूम नहीं था कि वो उसके



ह ी

नागरिक हैं, वह उन्हें फिलिस्तीन के आम नागरिक समझ रही थीं। इस कत्लेआम से इजरायल अब बैकफुट पर है। उसने मामले में हाई प्रोफाइल जांच के आदेश दिए हैं। उधर, इजरायली सेना की तरफ से बयान आया है कि वो घटना से गलती से हो गई। हमारे सैनिक पिछले काफी दिनों से कठिन परिस्थितियों में गुजर रहे हैं। यह एक दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। इजरायल के खेद प्रकट करने वाले बयान से यह मामला जल्द सुलझते हुए नहीं नजर आ रहा है। अब खबर है कि अमेरिका ने इजरायल को गाजा पर जमीनी अभियान समाप्त करने की बात कही है। अमेरिका के नए प्लान ने बेंजामिन नेतन्याहू को नाराज कर दिया हैं।

मामले से परिचित दो अमेरिकी अधिकारियों ने एनबीसी न्यूज को बताया कि बाइडेन प्रशासन ने इजरायली सरकार से कहा है कि वह चाहता है कि देश गाजा में अपने बड़े पैमाने पर जमीनी अभियान को समाप्त कर दे और हमास के खिलाफ अपने युद्ध पर ही फोकस करे।

अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने इजरायली प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ अपनी बैठक के दौरान युद्ध के इस नए चरण के लिए चर्चा की। व्हाइट हाउस प्रेस वार्ता में, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि सुलिवन ने नेतन्याहू से इजरायल के सैन्य अभियान के अगले चरण के बारे में बात की। अमेरिकी अधिकारियों की तरफ से कहा गया है कि इजरायल ने अमेरिका के इस प्रस्ताव के बारे में सोचकर जवाब देने के लिए समय मांगा है।

**गाजा पर संयम बरते इजरायली सेना**

एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट है कि अमेरिकी अधिकारियों ने निजी तौर पर इजरायली अधिकारियों को संयम बरतने और बड़े पैमाने पर नागरिक हताहतों से बचने की चेतावनी दी है। इजरायली सेना का तर्क है कि उसने जमीनी हमले से पहले फिलिस्तीनियों को सुरक्षित जगह जाने के लिए पर्याप्त समय दिया था। लेकिन फिलिस्तीनियों ने कहा है कि उनके पास कहीं और जाने के लिए कोई सुरक्षित जगह नहीं है। गौरतलब है कि गाजा पट्टी में मरने वालों की संख्या 20,000 के करीब पहुंच गई है, जिनमें से दो–तिहाई महिलाएं और बच्चे हैं।

## आज का इतिहास

1271– मंगोल शासक कुबलई खान ने अपने साम्राज्य का नाम युआन रखा और यहीं से मंगोलिया और चीन में युआन वंश की शुरुआत हुई।
1398– तैमूर ने सुल्तान नुसरत शाह को हराकर दिल्ली पर कब्जा किया ।
1777– अमेरिका में पहली बार नेशनल थैंक्स गिविंग डे मनाया गया ।
1787– अमेरिकी संविधान को स्वीकार करने वाला न्यू जर्सी तीसरा राज्य बना।
1799– अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जार्ज वाशिंगटन के पार्थिव शरीर को माउंट वर्नान में दफनाया गया।
1833– रूस का राष्ट्रीय गान गॉड सेव द जार पहली बार गाया गया।
1839– अमेरिका के जॉन ड्रेपर ने पहली बार किसी आकाशीय पिंड (चंद्रमा) की तस्वीर उतारी।
1849– विलियम बांड ने टेलीस्कोप के जरिये चांद की पहली फोटोग्राफ ली थी।
1878– अल–थानी परिवार कतर पर शासन करने वाला पहला परिवार बना।
1902– इटली के प्रसिद्ध अविष्कारक मार्कोनी ने पहला रेडियो स्टेशन बनाया।
1938– जर्मनी के वैज्ञानिक और रसायनशास्त्री ऑटोहैन द्वारा नाभकीय उर्जा के विश्लेषण से परमाणु युग का आरंभ हुआ।

## सुडोकू 6409

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 6 | 8 | | 3 | 2 | | |
| 4 | 2 | | 9 | 1 | | | 8 | |
| 7 | | 9 | 5 | 2 | | | | |
| | | | | 8 | | | | 9 |
| 6 | 1 | 8 | | | | 4 | 5 | 2 |
| 3 | | | | 5 | | | | |
| | | | | 3 | 5 | 6 | | 8 |
| | 3 | | | 6 | 8 | | 2 | 1 |
| | | 1 | 2 | | 9 | 3 | | 5 |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## लादिमीर पुतिन का अपने एआई अवतार से हुआ सामना, असली और नकली में बड़ा कंफ्यूजन

**नई दिल्ली।** यूक्रेन से युद्ध के बीच रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के 2024 में निर्दलीय चुनाव लड़ने की बातें हिलोरे मार रही हैं। रूस के एक सांसद ने ऐसा दावा किया है कि यूक्रेन में युद्ध के बाद से पुतिन को देश में लोगों का अपार समर्थन मिल रहा है। ऐसे में संभावना कम है कि वे इस बारगी चुनाव पार्टी के टिकट पर ही लड़ें। वो निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। निर्दलीय चुनाव लड़ने की संभावनाओं के बीच पुतिन का एक सम्मेलन में अपने ढ्ढ अवतार से आमना-सामना हुआ। दरअसल, पुतिन पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। बातें चल ही रहीं थी कि तभी पुतिन के सामने उनका ढ्ढ अवतार खड़ा हो गया। एक बार तो लोगों में भी कंफ्यूजन हो गया कि असली कौन है और नकली कौन? फिर उनका एआई अवतार पुतिन से सवाल पूछने लगा। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। हाल ही में एक मैराथन सम्मेलन के दौरान रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से पूछा गया कि क्या उनके पास खुद के एआई वर्जन हैं? घंटे भर चले लंबे सम्मेलन में पुतिन पत्रकारों और आम रूसियों के सवालों का जवाब दे रहे थे। इसी बीच उनका ढ्ढ अवतार आ गया। पहले तो पुतिन भी अपना एआई अवतार देखकर हैरान रह गए। उधर, लोगों में कंफ्यूजन हो गया कि असली और नकली कौन है? दोनों की बातचीत, हाव-भाव और शक्ल बिल्कुल मेल खा रही थी। 1 मिनट 3 सेकंड तक दोनों में बातचीत हुई। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, व्लादिमीर पुतिन सवालों का जवाब दे रहे थे,तभी उनके एआई अवतार ने यूनिवर्सिटी का स्टूडेंट बनकर उनसे सवाल पूछे। एआई अवतार ने पुतिन के सामने खुद को विद्यार्थी बताया। उसने पुतिन से सवाल किया कि न्यूरल नेटवर्क और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से क्या खतरे हो सकते हैं? पुतिन के एआई अवतार ने पुतिन से उनके बॉडी डबल्स के बारे में पूछा। उसने कहा- मैं सेंट पीटर्सबर्ग यूनिवर्सिटी का छात्र हूं। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि क्या आप अपने बॉडी डबल्स का इस्तेमाल करते हैं? जवाब में पुतिन ने कहा कि जैसा मैं देख पा रहा हूं कि तुम मेरे जैसे दिखते हो, मेरी आवाज में बात करते हो। मैं सोचा और फिर मैंने फैसला लिया था कि केवल ही शख्स है जो मेरे जैसा बोल सकता है और वो मैं खुद हूं।

## चांद की सैर करके धरती पर लौटने का पूरा सफर, नासा ने शेयर किया शानदार वीडियो

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम पेज पर एक वीडियो शेयर किया है। वीडियो में उसने अपने मानव रहित विमान की चांद से धरती पर सफल लैंडिंग कराई। इस स्पेस क्राफ्ट के पूरे सफर को नासा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। इस विमान में कैमरा फिट किया गया था। जिसकी मदद से नासा इसके चांद की सैर से धरती पर लौटने के पूरे सफर को वीडियो के जरिए बताने में सफल रहा। नासा ने बताया कि यान ने चांद से धरती पर लौटने के दौरान 2800 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान भी सहा, जो सूर्य की सतह का लगभग आधा है। नासा ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शानदार वीडियो शेयर किया है। वीडियो में दिख रहा है कि कैसे उसका मानव रहित विमान चांद की सैर करके धरती पर सफलतापूर्वक लैंड करता है।

# सफेद झंडा लहरा रहे थे तीनों बंधक, आतंकवादी समझकर इजरायली सैनिकों ने चला दी गोली



**येरूशलम।** हमास के साथ जारी युद्ध के बीच इजरायल ने तीन बंधंकों को गलती से गोली मार दिया। वे तीनों इजरायली नागरिक थे। आईडीएफ के एक अधिकारी के अनुसार, तीनों बंधक बिना कपड़े के थे। वे एक सफेद झंडा लहरा रहे थे।


इजरायली सैनिकों ने उन्हें आतंकवादी समझकर गोली मार दी थी।

इस बीच हजारों इजरायलियों ने तेल अवीव शहर में सड़कों पर उतरकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार से गाजा में फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा बंधक बनाए गए बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। एक इजरायली सैन्य अधिकारी ने कहा, तीन इजरायली बंधकों योतम हैम (28), समेर तलाल्का (22) और एलोन शमरिज़ (26) शुक्रवार (15 दिसंबर) को सुबह 10:00 बजे (स्थानीय समय) के आसपास गाजा के शेजैया में मारे गए।

आईडीएफ के अनुसार, इसकी जांच चल रही है। टाइम्स ऑफ इजरायल ने एक वरिष्ठ आईडीएफ अधिकारी के हवाले से बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक इमारत पर तैनात एक सैनिक ने कुछ मीटर दूर एक दूसरे इमारत में तीन संदिग्ध आकृतियों की पहचान की।

तीनों शर्टलेस थे और उनमें से एक के हाथ में सफेद कपड़ा बंधा हुआ एक डंडा था। प्रारंभिक जांच के अनुसार, सैनिक ने सोचा कि यह हमास द्वारा उन्हें जाल में फंसाने का एक प्रयास था और उसने तुरंत गोलियां चला दीं। जांच के अनुसार, सैनिक ने दो लोगों की हत्या कर दी, जबकि तीसरा व्यक्ति उस इमारत में लौट आया, जहां से वह निकला था। इसके बाद बटालियन के कमांडर बाहर गए और सैनिकों से गोलीबारी बंद करने को कहा। तीसरे बंधक को हिब्रू में मदद के लिए चिल्लाते हुए सुना गया। वह इमारत से बाहर आया और एक अन्य सैनिक ने उस पर गोलियां चला दीं और उसे मार डाला।

## वर्ग पहेली 6409



**बायें से दायें:–**
१. जीवन का अवलंब या सहारा
३. हलचल, घबराहट, उथल–पुथल
५. भद्दा, विशाल, भयंकर, दुर्गम
६. समय का बोध कराने वाला
७. कुटंब
९. माथा, मस्तक
१०. समीपता
१२. उपकरण, आला, कोई काम करने का साधन, (उर्दू)
१३. उस ओर का, दूसरी ओर का
१४. सेविका, दासी
१६. चारों दिशाओं में से एक
१८. उच्च कुल में उत्पन्न
२०. सालाना
२१. जंगल में पैदा होने वाला
२३. दयालु, उदारमना (उर्दू)

**ऊपर से नीचे:–**
१. सवेरे का समय
२. अविच्छिन्न रूप में होने या चलने वाला
३. अनबन, मनमुटाव
४. उपद्रव,दंगा (उर्दू)
५. बेचैनी, व्याकुलता
८. कामदेव
१०. जो किसी से न डरे
११. पतली शाखा, डाली
१२. संतान
१३. ऐसी समस्या जो शीघ्र हल न किया जा सके, बुझौवल
१४. नवयुवक (उर्दू)
१५. राजा या शासन को दिया जाने वाला कर
१७. सीता
१८. फूल, पुष्प
१९. नया, नवीन
२२. तरू

## इजरायल पर सवाल पूछने से भड़का टीचर, लड़की को धमकाया-तेरा सिर काट दूंगा

**जॉर्जिया।** अमेरिका के जॉर्जिया शहर में एक शिक्षक को कथित तौर पर अपनी कक्षा में एक छात्रा को सिर काटने की धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। मामला इजरायल और हमास युद्ध से जुड़ा हुआ है। टीचर ने बताया कि वह छात्रा के इजरायली झंडे को लेकर पूछे सवाल से आहत था। आरोपी की शिकायत अन्य टीचर ने की है। टीचर ने बताया कि आरोपी क्लासरूम में छात्रों पर चिल्ला रहा था कि उसे इस सवाल को पूछने पर उसका ही नहीं उसकी मां का भी सिर काट देना चाहिए। लड़की ने आपत्ति जताई थी कि क्लासरूम में इजरायली झंडा क्यों है? एबीसी न्यूज द्वारा प्राप्त एक पुलिस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि आरोपी शिक्षक बेंजामिन रीज पर आतंकवादी धमकी देने और बच्चों के प्रति क्रूरता के आरोप लगाए गए हैं। ह्यूस्टन काउंटी शेरिफ कार्यालय की रिपोर्ट से पता चला है कि रीज वार्नर रॉबिन्स मिडिल स्कूल में सामाजिक अध्ययन का टीचर था। घटना के दिन वह कक्षा सातवीं में पढ़ा रहा था। अमेरिकी नेटवर्क नामक न्यूज चैनल ने खुलासा किया है कि इस घटना की रिपोर्ट एक अन्य शिक्षक ने की थी। 7 दिसंबर को रीज़ को कक्षा में तीन छात्रों पर चिल्लाते हुए पाया था। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि एक अन्य शिक्षक ने रीज को छात्रों पर चिल्लाते हुए सुना, मैं तुम्हें लात मारूंगा! मुझे तुम्हारी मां का सिर काट देना चाहिए। एक अधिकारी ने कहा कि कई शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों और छात्रों ने आवाज सुनी कि वह छात्र छात्रों को धमकी दे रहा था।

**किस बात पर भड़का टीचर**

बेंजामिन रीज द्वारा निशाना बनाई गई छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह उसकी कक्षा में इजरायली झंडे के बारे में पूछने के लिए उसके पास आई थी। घटना की रिपोर्ट में कहा गया है कि छात्रा ने इजराइली झंडे की ओर इशारा किया था और रीज़ से कहा था कि उसके पास इसके बारे में एक प्रश्न है? छात्रा ने सवाल किया था कि उसकी कक्षा में इजरायली झंडा क्यों लटका हुआ है? शिक्षक ने कहा, वह यहूदी है और उसके परिवार के सदस्य अभी भी वहीं रहते हैं। वह छात्रा के सवाल पर भड़क गया। घटना की रिपोर्ट से पता चला कि छात्र को झंडा आपत्तिजनक लगा। उसने दावा किया कि इजरायली मासूम फिलिस्तीनियों को मार रहे हैं। घटना की रिपोर्ट में छात्रा का हवाला देते हुए कहा गया है कि शिक्षक ने छात्रा के साथ बुरा सलूक किया।

## चीन ने शीत लहर के लिए ब्लू अलर्ट जारी किया

**बीजिंग,** (एजेंसियां)। चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने शनिवार को ब्लू अलर्ट जारी किया जिसमें देश के अधिकांश हिस्सों में शीत लहर चलने की आशंका है और जिससे तापमान में गिरावट और तेज हवाएं चलेंगी। यह देश की चार स्तरीय चेतावनी प्रणाली में सबसे कम है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र (एनएमसी) के अनुसार शीत लहर से प्रभावित लियाओनिंग, जिलिन, गुइझोउ और दक्षिणी चीन के कुछ हिस्सों में तापमान शनिवार और रविवार के बीच 10 डिग्री सेल्सियस तक गिर जाएगा। जिलिन के कुछ क्षेत्रों में तापमान में 12 डिग्री सेल्सियस से अधिक की गिरावट का अनुमान है। एनएमसी के अनुसार उत्तरी चीन के कुछ क्षेत्रों और पीली नदी और हुइहे नदी के किनारे के क्षेत्रों में वर्ष की इसी अवधि के दौरान तापमान न्यूनतम स्तर के करीब पहुंच सकता है या रिकॉर्ड निचले स्तर को तोड़ सकता है।

**संकट** *कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए मुसीबत बनने लगे आतंकी*

# 300 से ज्यादा आतंकी कश्मीर वाले पीरपंजाल एरिया में घुसपैठ को तैयार

**जम्मू, (देशबन्धु)। पाक परस्त आतंकी एक बार फिर कश्मीर में सुरक्षाबलों के लिए मुसीबत के तौर पर सामने आने लगे हैं। सुरक्षाधिकारियों ने यह कह कर चौंकाया है कि उस पार से 300 से ज्यादा आतंकी इस ओर आने को प्रतीक्षारत हैं जो कम बर्फबारी के कारण किसी भी समय परेशानी का सबब बन सकते हैं। जबकि यह भी चिंता का सबब है कि कश्मीर में एक्टिव अधिकतर आतंकी पीर पंजाल एरिया में शिफ्ट हो चुके हैं जहां से वे अपनी गतिविधियों को फिर से शुरू करने को प्रयासरत हैं।**

कश्मीर रेंज के बीएसएफ के इंस्पेक्टर जनरल अशोक यादव ने संवाददाताओं से बात करते हुए यह दावा किया है कि खुफिया सूचनाएं हैं कि 250-300 आतंकवादी लांचपैड पर इंतजार कर रहे हैं, लेकिन हमने और सेना ने सभी संवेदनशील इलाकों पर कब्जा कर लिया है और सतर्क हैं। उन्होंने कहा कि बीएसएफ और सेना के बहादुर जवान सीमावर्ती इलाकों में सतर्क हैं और घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम कर देंगे। यादव ने आगे कहा कि हम घुसपैठ की किसी भी कोशिश को नाकाम करने को लेकर आश्वस्त हैं।

इस बीच अधिकारियों ने इसे माना है कि ऊंचे इलाकों में विदेशी और स्थानीय



आतंकवादियों से निपटने और सर्दियों के दौरान उनकी घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम करने के लगातार प्रयासों के बावजूद, आतंकवादी कश्मीर में आतंक भड़काने के लिए नई रणनीति तैयार कर रहे हैं।

पुलिसकर्मियों को चुनिंदा रूप से


**■ कम बर्फबारी के कारण किसी भी समय परेशानी का सबब बन सकते हैं**

निशाना बनाने के अलावा, आतंकवादियों ने कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के मद्देनजर अपनी गतिविधियों को पीर पंजाल के दक्षिण में स्थानांतरित कर दिया है, जिससे राजौरी और पुंछ जिलों में आतंकवाद फिर से शुरू हो गया है। इससे जम्मू कश्मीर पुलिस कर्मियों को निशाना बनाने की परेशान करने वाली प्रवृत्ति फिर से बढ़ गई है।

जम्मू कश्मीर पुलिस इंस्पेक्टर मंसूर अहमद को 29 अक्तूबर को श्रीनगर के ईदगाह में क्रिकेट खेलते समय गोली मार दी गई थी। डीजीपी स्वैन ने 7 दिसंबर को इंस्पेक्टर मसरूर अहमद की मौत पर संवेदना व्यक्त करते हुए कहा था कि फुरसत के पल का आनंद ले रहे एक पुलिसकर्मी पर कायरतापूर्ण हमला पाकिस्तान के इशारे पर काम करने वाले आतंकवादी नेटवर्क द्वारा कायम की गई शातिर मानसिकता की याद दिलाता है।

अधिकारियों के बकौल, भले ही जम्मू कश्मीर में पिछले छह वर्षों में आतंकवादी घटनाओं में समग्र रूप से गिरावट देखी गई है, 2023 में अब तक की सबसे कम संख्या दर्ज की गई है, सरकार आतंकवाद के खिलाफ शून्य सहिष्णुता की नीति जारी रखे हुए है पर आतंकवाद फिर से फन उठाने के भरसक प्रयास कर रहा है।

## वर्ग पहेली-6408



युसुफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## रामकुमार पाकिस्तान में भारत की डेविस कप टीम का करेंगे नेतृत्व

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने छह सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें रामकुमार डेविस कप 2024 विश्व ग्रुप एक प्ले-ऑफ मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ भारतीय चुनौती का नेतृत्व करेंगे। मैच 3-4 फरवरी को इस्लामाबाद में पाकिस्तान स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के ग्रास कोर्ट पर खेले जाएंगे। शनिवार को घोषित 6 सदस्यीय टीम में युकी भांबरी, रामकुमार रामनाथन, एन श्रीराम बालाजी, साकेत मिनेनी, निकी कालियांदा पूनाचा, दिग्विजय प्रताप सिंह शामिल हैं। इस्लामाबाद मुकाबले में टीम अनुभवी रोहन बोपन्ना के बिना होगी। 43 वर्षीय बोपन्ना ने अपने करियर का आखिरी डेविस कप सितंबर में मोरक्को के खिलाफ खेला था, जिसे भारत ने 4-1 से जीता था। एटीपी रैंकिंग में भारत के शीर्ष पुरुष एकल खिलाड़ी सुमित नागल और शशिकुमार मुकुंद को टीम में शामिल नहीं किया गया है।



## अर्शदीप, आवेश की घातक गेंदबाजी, दक्षिण अफ्रीका को आठ विकेट से हराया

**जोहान्सबर्ग।** भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच रविवार को खेले गए वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में टीम इंडिया ने एकतरफा जीत दर्ज की। 116 रनों पर मेजबान टीम को ढेर करने के बाद भारत ने दो विकेट के नुकसान पर 117 रन बनाकर 16.4 ओवर में इस लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया। भारत ने 200 गेंद शेष रहते आठ विकेट से मुकाबला अपने नाम किया और तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका ने भारत के सामने 117 रनों का मामूली लक्ष्य रखा था। भारत के लिए साई सुदर्शन और श्रेयस अय्यर ने अर्धशतकीय पारी खेली और टीम को एक आसान जीत दिलाई। ऋतुराज गायकवाड़ (5 रन) के रुप में शुरुआती झटके से उबरते हुए श्रेयस अय्यर और साई के बीच अहम साझेदारी हुई। अय्यर (52 रन) और साई (नाबाद 55 रन) ने दक्षिण अफ्रीकी टीम को मैच में वापसी करने का कोई मौका नहीं दिया। श्रेयस अय्यर 52 रन बनाकर आउट हुए, उन्हें एंडिले फेलुक्वायो ने पवेलियन भेजा। फिर, तिलक वर्मा और साई ने विनिंग रन बनाए। साउथ अफ्रीका ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाज़ी करने का निर्णय लिया था। कारण यह बताया गया कि यहां पर स्पिनरों को काफ़ी मदद मिल सकती है। हालांकि हुआ इसका उल्टा और भारतीय तेज़ गेंदबाज़ों ने साउथ अफ्रीका बल्लेबाज़ों को काफ़ी परेशान किया। अर्शदीप और आवेश की धारदार गेंदबाज़ी के कारण मेज़बान टीम एक




साधारण से स्कोर पर ऑलआउट हो गई । इसके बाद का सुदर्शन और श्रेयस की बेहतरीन पारियों ने दक्षिण अफ़्रीकी गेंदबाज़ों को वापसी करने का कोई मौक़ा नहीं दिया।

इससे पहले भारतीय गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुए अफ्रीकी टीम को 27.3 ओवर में मात्र 116 रन पर ऑलआउट कर दिया था। भारत के लिए अर्शदीप ने 10 ओवर में महज 37 रन देकर सबसे ज्यादा 5 विकेट चटकाए और प्लेयर ऑफ द मैच बने। वहीं दूसरे छोर पर आवेश खान ने 8 ओवर में 27 रन देकर 4 विकेट लिए और कुलदीप यादव के खाते में एक विकेट आया। दक्षिण अफ्रीका का हाल कुछ ऐसा रहा कि दिग्गजों से सजी टीम के तीन बल्लेबाज जोहान्सबर्ग में खाता भी नहीं खोल सकी। एंडिले फेलुक्वायो ने टीम के लिए सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। टोनी डी जॉर्जी ने 28, एडन मार्करम ने 12 और तबरेज शम्सी ने 11 रन बनाए। बाकी बैटर्स 10 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सके। हेनरिक क्लासन 6, डेविड मिलर 2, केशव महाराज 4 और नांद्रे बर्गर 7 रन ही बना सके।

### ईशान किशन ने दक्षिण अफ्रीका टेस्ट सीरीज से नाम लिया वापस

**मुंबई।** विकेटकीपर-बल्लेबाज इशान किशन ने निजी कारणों का हवाला देते हुए भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) से दक्षिण अफ्रीका में होने वाली टेस्ट सीरीज से नाम वापस लेने अनुरोध किया है। बीसीसीआई ने किशन के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। यह खबर बीसीसीआई की चिकित्सक दल द्वारा मंजूरी नहीं दिए जाने के बाद मोहम्मद शमी को टेस्ट सीरीज से बाहर किए जाने के बाद आई है। बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने किशन के स्थान पर केएस भरत का चयन किया है। भारत इस समय दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर है और वह 26 दिसंबर से दो मैच की टेस्ट सीरीज खेलेगा। पहला टेस्ट सेंचुरियन में होगा वहीं दूसरा टेस्ट केपटाउन में तीन से सात जनवरी 2024 के बीच खेला जाएगा। ईशान किशन के नाम वापस लेने के बाद टेस्ट के लिए भारत की टीम इस प्रकार है.- रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, यशस्वी जयसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, रुतुराज गायकवाड़, केएल राहुल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जडेजा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), प्रसिद्ध कृष्णा और केएस भरत (विकेटकीपर)

## साल्ट के नाबाद शतक और हैरी की शानदार पारी से इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को हराया



**सेंट जॉर्ज ।** इंग्लैंड ने सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट के नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत वेस्टइंडीज को ग्रेनेडा के सेंट जॉर्ज नेशनल स्टेडियम में खेले गए तीसरे टी-20 मैच में सात विकेट से हरा दिया है।

हालांकि वेस्टइंडीज पांच टी-20 मैचों की इस श्रृंखला में अभी 2-1 से आगे है।

इंग्लैंड ने 223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज सॉल्ट के 56 गेंदों में नाबाद 109 रनों की शतकीय पारी और हैरी ब्रूक ने आंद्रे रसेल के अंतिम ओवर में तीन छक्के, एक चौका और एक दो लगाए और केवल सात गेंदों में नाबाद 31 रन ठोकर डाले उन्होंने सलामी बल्लेबाज साल्ट के साथ 12 गेंदों पर 40 रन की साझेदारी कर एक गेंद शेष रहते ही टीम को जीत दिला दी।

इंग्लैंड की सॉल्ट और बटल की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए सिर्फ 11.2 ओवर में 115 रन बनाये। जोस बटलर 34 गेंदों में 51 रन बनाए। लियाम लिविंगस्टोन ने 18 गेंदों में 30 रन बनाये।

इससे पहले निकोलस पूरन की केवल 45 गेंदों में 82 रन की शानदार पारी खेलते हुए वेस्टइंडीज की पारी को संभाला। रोवमैन पॉवेल ने 39रन, शेरफेन रदरफोर्ड ने 29 रन और शाई होप के 26 रनों की पारी खेली। जेसन होल्डर ने केवल पांच गेंदों में नाबाद 18 रन बनाकर वेस्टइंडीज के स्कोर को छह विकेट पर 222 रन पर पहुंचा दिया।

इंग्लैंड की ओर से आदिल राशिद को दो विकेट मिले और आदिल राशिद तथा गुडाकेश मोती को एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

दोनों टीमों के बीच मंगलवार को चौथा और गुरुवार को पांच टी-20 मैच त्रिनिदाद में खेला जायेगा।

## लियोन का 500वां विकेट, ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान को 360 रन से रौंदा

**पर्थ, ।** अनुभवी ऑफ स्पिनर नाथन लियोन 500 टेस्ट विकेट के क्लब में शामिल हो गए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम में पहले टेस्ट में पाकिस्तान को चौथे दिन रविवार को 360 रनों से रौंद दिया, जिससे मेजबान टीम को तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त मिल गई। टेस्ट मैच



के चौथे दिन ऑस्ट्रेलिया ने 233/5 पर पारी घोषित कर पाकिस्तान को 450 रनों का बड़ा लक्ष्य दिया। मिशेल मार्श तेज अर्धशतक के बाद नाबाद रहे, जबकि उस्मान ख्वाजा के 90 रन पर आउट होने से ऑस्ट्रेलिया की पारी समाप्त होने का संकेत मिला। जवाब में पाकिस्तान की पूरी टीम 30.2 ओवर में सिर्फ 89 रन पर आउट हो गई। सुबह, स्टीवन स्मिथ (45) ने अपने रात के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़े, इससे पहले कि वह खुर्रम शहजाद द्वारा एलबीडब्ल्यू आउट हो गए, जिन्होंने पाकिस्तान के पहले चार में से तीन विकेट लिए थे। ट्रैविस हेड ने आमेर जमाल की गेंद पर कवर में कैच दे दिया। इसके बाद मार्श और ख्वाजा ने तेजी ला दी, जिससे घोषणा करने से पहले तेजी से रन बनाने के उनके इरादे स्पष्ट हो गए। ख्वाजा (90) ने शाहीन शाह आफरीदी की गेंद पर डीप में बाबर आजम को कैच दे दिया। जैसे ही वह गिरे और छठे विकेट के लिए 126 रन की साझेदारी समाप्त हुई, कप्तान पैट कमिंस ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 63.2 ओवर में 233/5 पर पारी घोषित कर दी, यानी मार्श 68 गेंदों में नाबाद 63 रन बनाकर पवेलियन लौटे। ऑस्ट्रेलिया ने पाकिस्तान की दूसरी पारी में शुरुआती सफलता हासिल की, जब मिशेल स्टार्क ने अपने पहले ओवर में अब्दुल्ला शफीक (2) को आउट किया। जोश हेज़लवुड ने जल्द ही कप्तान शान मसूद (2) को आउट करके अपना खाता खोला, इससे पहले कि इमाम-उल-हक 10 के स्कोर पर स्टार्क की गेंद पर एलबीडब्ल्यू आउट हो गए। पाकिस्तान को एक और बड़ा झटका तब लगा जब उसने चाय से ठीक पहले बाबर आजम को पैट कमिंस के हाथों खो दिया, मेजबान टीम को मैच जीतने के लिए केवल छह विकेट की जरूरत थी। ऑस्ट्रेलिया ने नियमित अंतराल पर विकेट लेकर मेहमान टीम पर अपना दबाव बनाए रखा और लियोन ने रिव्यू पर एलबीडब्ल्यू के जरिए फहीम अशरफ के रूप में अपना 500वां टेस्ट विकेट हासिल किया।

अनुभवी ऑफ स्पिनर शेन वार्न और ग्लेन मैकग्रा के बाद इस विशिष्ट क्लब का हिस्सा बनने वाले तीसरे ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज बन गए हैं, जिससे टीम और स्टेडियम में दर्शकों में खुशी का माहौल है। लियोन द्वारा जमाल के रूप में अपना 501वां विकेट लेने के बाद, जोश हेज़लवुड ने एक ही ओवर में आखिरी दो बल्लेबाजों को आउट करके ऑस्ट्रेलिया की जीत पक्की कर दी। होमबॉय मार्श को पहली पारी में बाबर आजम का महत्वपूर्ण विकेट लेने के अलावा, मैच में 90 और 63* रनों की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। इस जीत का मतलब है कि पाकिस्तान ने विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-2025 तालिका में अपना सही रिकॉर्ड खो दिया है और दूसरे नंबर पर खिसक गया है। वहीं, ऑस्ट्रेलिया 41.67 पीसीटी के साथ चौथे नंबर पर है। दोनों पक्षों के बीच दूसरा टेस्ट 26 दिसंबर यानी बॉक्सिंग डे पर एमसीजी में शुरू होगा।

## वॉर्नर की शतकीय पारी के बावजूद अपनी बातों पर कायम जॉनसन

**पर्थ।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ पर्थ टेस्ट की पहली पारी में सलामी बल्लेबाज के 164 रन बनाने के बावजूद वह अभी भी डेविड वार्नर पर अपने विचारों पर कायम हैं। मिचेल जॉनसन तब सुर्खियों में आए जब उन्होंने कहा कि वार्नर पिछले तीन वर्षों में अपने खराब फॉर्म के कारण विदाई टेस्ट श्रृंखला के हकदार नहीं थे। साथ ही वो एक ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्हें 2018 केप टाउन सैंड पेपर गेट घोटाले में शामिल होने के कारण 12 महीने के लिए प्रतिबंधित किया गया था।



पर्थ में अपना शतक पूरा करने पर वार्नर ने पर्थ स्टेडियम मीडिया सेंटर की ओर %शांत% रहने का इशारा किया, जहां जॉनसन अपने रेडियो कमेंट्री कर्तव्यों के लिए बैठे थे। दिन का खेल खत्म होने के बाद वॉर्नर ने पत्रकारों से कहा था कि उनका जश्न आलोचकों के लिए था।

जॉनशन ने कहा, मुझे लगता है कि कुछ हफ्ते पहले इस कॉलम में मेरी राय अभी भी मान्य है। पिछली गर्मियों में दोहरे शतक के अलावा उन्होंने लगभग तीन वर्षों में कोई रन नहीं बनाया था। ऑस्ट्रेलियाई टेस्ट समर के पहले दिन डेविड वार्नर का शतक कुछ मायनों में कोई बड़ा आश्चर्य नहीं था। वार्नर और उनके फॉर्म पर मीडिया में बड़ी सुर्खियां थीं और ऐसा लगता है कि जब उनका समर्थन किया जाता है तो वह सबसे अधिक प्रेरित होते हैं और वह आम तौर पर घरेलू धरती के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ बचाते हैं। पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन वार्नर ने शुरुआत में ही अपनी किस्मत आजमाई और यह किसी भी तरफ जा सकता था। उनके लिए वो दिन अच्छा था और उन्होंने 164 रन बनाए। जॉनसन ने द वेस्ट ऑस्ट्रेलियन के लिए अपने कॉलम में लिखा, शनिवार को दूसरी पारी में शून्य पर आउट होने से पहले उसने वही किया जो उसे पहली पारी में करने के लिए भुगतान किया गया था। वॉर्नर ने भले ही इस बात से इनकार किया हो कि उन्हें अपने फॉर्म की आलोचना की परवाह है, लेकिन यह निश्चित रूप से उन्हें प्रेरित करता है जैसा कि पहली पारी में उनके प्रदर्शन से पता चलता है। जॉनसन ने आगे कहा कि ऑस्ट्रेलिया ने इस घरेलू समर में टेस्ट टीम में नए खिलाड़ियों को लाने का सुनहरा मौका गंवा दिया। एक और बात यह कही गई कि इस तरह की नरम गर्मी, जब ऑस्ट्रेलिया को पाकिस्तान और वेस्टइंडीज को आसानी से हराने की उम्मीद थी, एक उम्रदराज टीम में कुछ नए खिलाड़ियों को शामिल करने का सही समय था।

## सार संक्षेप

### हॉकी टूर्नामेंट में भारतीय पुरूष और महिला टीम बेल्जियम से हारी

**वालेंसिया।** भारतीय महिला और पुरुष हॉकी टीम को पांच देशों के टूर्नामेंट में बेल्जियम से हार का सामना करना पड़ा है। महिला टीम को शनिवार को बेल्जियम से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर एकमात्र गोल वैष्णवी विट्ठल फाल्के ने 56वें मिनट में किया। वहीं बेल्जियम ने एम्ब्रे बैलेन्धिएन ने 22वें और लुईस वर्सावेल ने 37वें मिनट के गोल दाग कर मुकाबला जीत लिया। भारतीय महिला हॉकी टीम का अगला मुकाबला 19 दिसंबर को जर्मनी से होगा। वहीं पुरुष टीम को भी अपने दूसरे मैच में बेल्जियम से 2-7 से हार का सामना करना पड़ा। भारत की ओर से अभिषेक और जुगराज सिंह गोल किये। पहले क्वार्टर में बेल्जियम के सेड्रिक चार्लियर ने पहले मिनट, एलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 10 वें मिनट और थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 13 मिनट में गोल किये। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में थिब्यू स्टॉकब्रोएक्स ने 16वें मिनट में टॉम बून ने 26 वें मिनट में तथा चौथे क्वार्टर में टॉम बून ने 46वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर को गोल में तब्दील कर दिया। इसके बाद अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने 53वें मिनट में गोल दाग कर स्कोर 2-7 कर दिया। भारतीय पुरुष हॉकी टीम 19 दिसंबर को जर्मनी से मुकाबला करेगी।

### विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा पाकिस्तान

पर्थ। पाकिस्तान मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले विक्टोरिया इलेवन के खिलाफ दो दिवसीय अभ्यास मैच खेलेगा। माना जा रहा है कि यह अंतिम समय में की गई व्यवस्था है। दो दिवसीय मैच सेंट किल्डा के जंक्शन ओवल में खेला जाएगा और इसे प्रथम श्रेणी का दर्जा नहीं मिलेगा। पाकिस्तान की टीम 19 दिसंबर को मेलबर्न में उतरेगी और 20 दिसंबर को आराम का दिन होगा। पाकिस्तानी टीम गुरुवार को प्रशंसकों के लिए अपना प्रशिक्षण सत्र खोलेगी।

## विलियमसन की एक वर्ष बाद हुई टी-20 टीम में वापसी



**वेलिंग्टन।** न्यूजीलैंड के सीमित ओवर कप्तान केन विलियमसन को एकदिवसीय और टेस्ट के बाद अब बंगलादेश के खिलाफ होने वाली घरेलू टी-20 श्रृंखला की भी जिम्मेदारी दी गई है। इस श्रृंखला के साथ ही उनकी एक वर्ष के बाद टी-20 टीम में वापसी हो रही है। सलामी बल्लेबाज डेवन कॉन्वे को टी-20 से आराम दिया गया है, जबकि माइकल ब्रेसवेल, लॉकी फ़र्ग्यूसन, मैट हेनरी और हेनरी शिपली अलग-अलग चोटों के कारण चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे। सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट पर हस्ताक्षर नहीं करने वाले ट्रेंट बोल्ट ने अपने आपको चयन के लिए अनुपलब्ध बताया। टीम में ऑलराउंडर जेम्स नीशम की भी वापसी हुई है तथा तेज गेंदबाज बेन सियर्स को भी टीम में शामिल किया गया है। विलियमसन ने अपना पिछला टी-20 पिछले वर्ष नवंबर में भारत के खिलाफ खेला था। उन्हें इस साल के आईपीएल के पहले मैच के दौरान पैरों में चोट लगी थी और उनकी सर्जरी हुई थी। इसके बाद उन्होंने अक्तूबर-नवंबर में हुए एकदिवसीय विश्व कप के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी की थी। टीम के कोच गैरी स्टीड ने कहा, जिस तरह से हमने एकदिवसीय विश्वकप के लिए अलग से तैयारी की थी और रचिन रवींद्र और मार्क चैपमैन जैसे खिलाड़ी उभरे थे, उसी तरह हम टी-20 विश्वकप की भी तैयारी कर रहे हैं। टिम साइफ़र्ट हमारे लिए एक ऐसे ही नाम हैं, जो टी20 विश्वकप के दौरान ऊपरी क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। अभी टी-20 विश्वकप में समय है और हमें उम्मीद है कि विशेष भूमिकाओं के लिए हमें कुछ और नए खिलाड़ी मिलेंगे। हम टूर्नामेंट की परिस्थितियों के अनुसार अपनी योजनाएं बना रहे हैं। न्यूजीलैंड की टीम क्रिसमस के बाद 26 दिसंबर को नेपियर में अपना पहला टी-20 मुकाबला खेलेगी।

## मुझे नहीं लगता कि हार्दिक एक कप्तान के रूप में बेस्ट ऑप्शन है : आकाश चोपड़ा

**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा का मानना है कि ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या अभी भी क्रिकेट सर्किट में एक कप्तान के रूप में तैयार नहीं हैं और उन्हें लगता है कि मुंबई इंडियंस को उन्हें एक अच्छा कप्तान बनाने के लिए बहुत सारे इनपुट प्रदान करने होंगे।

14 दिसंबर को मुंबई इंडियंस ने घोषणा की कि हार्दिक आईपीएल 2024 सीज़न से पहले टीम के नए कप्तान होंगे। इसका मतलब टीम के कप्तान के रूप में रोहित शर्मा के शानदार दस साल के शासनकाल का अंत भी था, जिन्होंने 2013 के आईपीएल सीज़न के बीच से यह भूमिका निभाई थी। हार्दिक ने अपने पहले सीज़न में गुजरात को 2022 में आईपीएल खिताब दिलाया और अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ फाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

2023 में हार्दिक की कप्तानी में गुजरात ने दूसरी बार आईपीएल फाइनल में जगह बनाई, जहां वे चेन्नई सुपर किंग्स से हारकर उपविजेता रहे। आईपीएल 2022 और 2023 दोनों सीज़न में गुजरात ने हार्दिक के नेतृत्व में लीग चरण में अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया था।

जियोसिनेमा के दैनिक स्पोर्ट्स शो %आकाशवाणी% पर आकाश चोपड़ा ने कहा, ¶यह मेरी समझ है और कोई अंदरूनी खबर नहीं है। जब हार्दिक पांड्या ने गुजरात से जाने का फैसला किया, तो कप्तानी सौदे का एक हिस्सा रही होगी। इस फैसले के बारे में रोहित शर्मा को भी जरूर बताया गया होगा।




रोहित को मुंबई इंडियंस की भविष्य की योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी गई होगी। मुझे लगता है कि हार्दिक को गुजरात टाइटंस का कप्तान बनाने में आशीष नेहरा की जबरदस्त भूमिका थी। उन्हें हार्दिक को मैदान पर दोहराने के लिए एक अलग स्तर पर इनपुट प्रदान करना होगा, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि हार्दिक, एक कप्तान के रूप में अभी तक एक तैयार उत्पाद हैं।


रोहित ने मुंबई को पांच आईपीएल खिताब 2013, 2015, 2017, 2019 और 2020 दिलाए और कुल मिलाकर रोहित ने 158 आईपीएल मैचों में कप्तानी की। जिसमें से 87 मैच जीते, 67 मैच हारे और चार मैच टाई पर समाप्त हुए। इस दौरान उनका जीत का प्रतिशत 55.06 रहा। चोपड़ा को लगता है कि यह एक युग का अंत है क्योंकि मुंबई भविष्य की ओर देख रहा है।

चोपड़ा ने अपनी बात खत्म करते हुए कहा, बेहद महत्वपूर्ण है, लेकिन यह तय करना और भी महत्वपूर्ण है कि किसी को कब जाने दिया जाए। सोशल मीडिया पर ऐसी चर्चा चल रही है कि हार्दिक को कार्यभार संभालने के लिए कहने से पहले रोहित को उनकी शर्तों पर जाने दिया जाना चाहिए था या एक मैच में एमआई का नेतृत्व करने की अनुमति दी जानी चाहिए थी। मैं व्यक्तिगत रूप से इसकी सदस्यता नहीं लेता। टीम से बड़ा कोई नहीं है।

### सुडोकू 6409 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 6 | 8 | 7 | 3 | 2 | 9 | 4 |
| 4 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 8 | 7 |
| 7 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 |
| 2 | 4 | 5 | 6 | 8 | 1 | 7 | 3 | 9 |
| 6 | 1 | 8 | 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 6 |
| 9 | 7 | 2 | 1 | 3 | 5 | 6 | 4 | 8 |
| 5 | 3 | 4 | 7 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 |
| 8 | 6 | 1 | 2 | 4 | 9 | 3 | 7 | 5 |

# कृषि जगत



# चमेली की खेती

## चमेली की खेती वानस्पतिक विधि द्वारा ही किया जाता है जिसकी दो निम्न मुख्य विधियां हैं-

**कलम द्वारा**- एक वर्ष पुरानी शाखाओं से लगभग 15 से 20 सेंटीमीटर आकार की कलम तैयार कर ली जाती हैं। तैयार कलमों को 30 गुने 30 सेंटीमीटर की दूरी पर वर्षा ऋतु में पौधशाला में लगा दिया जाता है। इनको लगाने के तुरंत हल्की-सी सिंचाई कर देनी चाहिए। कलम लगाने के तीन माह बाद पौधे तैयार हो जाते हैं।

**लेयरिंग ( दबाना ) द्वारा**- चमेली की खेती के लिए बहुत सी किस्मों का प्रसारण लेयरिंग द्वारा ही किया जाता है। जून से जुलाई के महीनों में पौधों की टहनियों को जमीन में दबा दिया जाता है। लगभग तीन माह में पौधा बनकर तैयार हो जाता है। जिसको मुख्य पौधे से काटकर अलग कर दिया जाता है।

**पौधे रोपण**- चमेली की खेती के लिए पौध रोपण का समय उत्तरी भारत में जून से जुलाई है। दक्षिणी भारत में किसी भी माह में लगाया जा सकता है। पौधे से पौधे की दूरी तथा कतार से कतार की दूरी किस्म पर निर्भर करती है। यह दूरी 1 मीटर से लेकर 3 मीटर तक रखी जा सकती है। प्रति हेक्टेयर पौधों का अनुमान 3300 से 3500 उपयुक्त रहता है।

**खाद एवं उर्वरक**- चमेली की खेती के लिए 250 से 3000 क्विंटल प्रति हेक्टेयर की दर से सड़ी गोबर की खाद खेत तैयारी के समय आखिरी जुताई में अच्छी तरह मिला देना चाहिए। इसके साथ ही 200 किलोग्राम नत्रजन, 400 किलोग्राम सिंगल सुपर फास्फेट तथा 125 किलोग्राम पोटाश तत्व के रूप में प्रति हेक्टेयर देना चाहिए। नत्रजन की आधी मात्रा एवं फास्फोरस व् पोटाश की पूरी मात्रा गड्ढो में खेत तैयारी के समय देना चाहिए। तथा नत्रजन की आधी मात्रा फूल आने की अवस्था में देना



चाहिए। इसके बाद भी आवश्यकतानुसार देते रहना चाहिए। अच्छी पैदावार के लिए यह आवश्यक है।

**सिचाई प्रबंधन**- चमेली जाति के पौधों को नियमित रूप से पानी देना चाहिए, गर्म मौसम में एक सप्ताह में कम से कम दो बार सिचाई करें और संतुलित मौसम में इसकी सप्ताह में केवल एक बार सिचाई करें, मौसम और भूमि के अनुसार ही भी इनकी सिचाई महत्व रखती है।

**खरपतवार रोकथाम**-चमेली की फसल को खरपतवार काफी क्षति पहुंचाते है, और साथ ही खेती की लागत में भी बढ़ोत्तरी कर देते है। इनकी रोकथाम करने के लिए समय-समय पर निराई-गुड़ाई करते रहे। पौधों के पास जब और जैसे ही खरपतवार दिखाई दें, उन्हें तुरन्त निराई-गुड़ाई करके निकाल देना चाहिए। पौधों के चारों तरफ 30 सेमी जगह छोड़कर फावड़े से खुदाई करें। वर्ष में कम-से-कम दो से तीन खुदाई करना अति आवश्यक है, इससे पौधों की वृद्धि अच्छी होती है।

**कटाई छंटाई**- चमेली की खेती में जिस समय फूल आना समाप्त हो जाए, उस समय से रोगग्रस्त सूखी तथा उन शाखाओं को जो दूसरी शाखाओं की वृद्धि पर कुप्रभाव डालती हैं, उनको काट कर निकाल देना चाहिए। कभी-कभी जब पौधे पुराने हो जाते हैं, और फूलों की पैदावार भी कम हो जाती है। तो उस समय ऐसे पौधों को जमीन की सतह से 15 से 20 सेंटीमीटर की ऊंचाई से काट देते हैं।

इसके बाद इन पौधों के चारों तरफ खुदाई करके गोबर की सड़ी खाद मिट्टी में मिला देते हैं, तथा पानी दे देते हैं। इससे जो नई शाखाएं निकलती हैं। उनमें से भी कुछ स्वास्थ शाखाओं को छोड़कर शेष शाखाओं को काट देना चाहिए। इस तरह स्वस्थ पौधों की प्राप्ति हो जाती है, और उनसे अच्छी उपज मिलती है।

**रोग रोकथाम**- चमेली के पौधों को विभिन्न प्रकार से रोग लगते है, जो पौधो की बढ़वार और फूलों की उपज पर प्रतिकूल प्रभाव डालते है, लगने वाले रोग इस प्रकार है, पत्ती का मोजैक, झुलसा, आल्टरनेरिया जेस्मिनी, उकठा आदि है, इनकी रोकथाम के लिए इसकी रोकथाम के लिए प्रमाणित जगह से कटिंग लेना चाहिए।

फसल चक्र अपनाना चाहिए, इसके साथ ही कोषावेट गंधक दो ग्राम प्रति लीटर पानी में या कैरोथिन एक मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में मिलाकर 3 से 4 छिड़काव 10 से 15 दिन के अंतराल पर करना चाहिए। विषाणु रोग की रोकथाम के लिए स्टेप्टोमायसीन का छिड़काव 10 से 12 दिन के अंतराल पर दो बार करना चाहिए।

**कीट रोकथाम**- चमेली के पौधों पर माहू, माकटूस, बडवम आदि कीटों का प्रकोप होता है। इसकी रोकथाम के लिए थायोडान नमक कीटनाशक दवा का 0.20त्न डायथेन एवं कवकनाशी दवा का घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए।

**फूलों की चुनाई**- चमेली का पौधा लगाने के लगभग 9 से 10 माह बाद फूल आने प्रारम्भ हो जाते है। हालाँकि कुछ किस्मों में फूल पूरे वर्ष उपलब्ध रहते हैं। अधिकांश जातियों में फूल आने का समय मार्च से अक्टूबर तक रहता है। फूल सुबह सूर्य निकलने से पहले ही तोड़े जायें तो काफी अच्छा रहता है, इससे उनकी खुशबु बनी रहती है। यदि क्षेत्र बहुत अधिक हो तो फूलों की तुड़ाई सायं चार बजे के बाद से भी शुरू की जाती है, और तोड़े गये फूल रात को खुले स्थान पर रखना चाहिए। आवश्यकतानुसार इन फूलों पर पानी भी छिड़कते रहना चाहिए।

**पैदावार**- फूलों की उपज चमेली किस्म, भूमि की उर्वरा शक्ति और फसल की देखभाल पर निर्भर करती है। फूलों को सुबह के समय तोड़ते है, तो 1 किलोग्राम भार में लगभग 9 से 13 हजार फूल होते है। प्रति वर्ष 2 से 4 किलोग्राम तक प्रति पौधा मिल जाते है।

# अंजीर की खेती : किस्में, देखभाल और पैदावार



अंजीर उपोष्ण क्षेत्रों में पाया जाने वाला महत्त्वपूर्ण फल है। कोहरे को सहन करने में इसकी विशेष क्षमता होती है। अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार में इसके ताजे अर्द्ध-सूखे, सूखे फलों एवं विधायन द्वारा तैयार पदार्थों की बढ़ती मांग को देखते हुये इसके व्यवसायिक उत्पादन की अपार सम्भावनाएं हैं। अंजीर एक लोकप्रिय फल है, जो ताजा और सूखा खाया जाता है। भारत में इसकी खेती राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक, तमिलनाडु, महाराष्ट्र गुजरात तथा उत्तर प्रदेश के कुछ भागों में की जाती है। विश्व स्तर पर इसकी खेती दक्षिणी और पश्चिमी अमरीका और मेडिटेरेनियन और उत्तरी अफ्रीकी देशों में उगाया जाता है। बागवान अंजीर की खेती वैज्ञानिक तकनीक से कर के इसकी फसल से अच्छा और गुणवत्ता युक्त उत्पादन प्राप्त कर सकते है। इस लेख में अंजीर की बागवानी वैज्ञानिक तकनीक से कैसे करें की जानकारी का वर्णन किया गया है।

**उपयुक्त जलवायु** - अंजीर की खेती भिन्न-भिन्न प्रकार की जलवायु में की जा सकती है, लेकिन अंजीर का पौधा गर्म, सूखी और छाया रहित उपोष्ण व गर्म-शीतोष्ण परिस्थितियों में अच्छी तरह फलता-फूलता है। फल के विकास तथा परिपक्वता के समय वायुमंडल का शुष्क रहना अत्यंत आवश्यक है। पर्णपाती वृक्ष होने के कारण पाले का प्रभाव इस पर कम पड़ता है।

**भूमि का चयन** - अंजीर को सभी प्रकार की मिट्टी में उगाया जा सकता है, परंतु दोमट अथवा मटियार दोमट, जिसमें उत्तम जल निकास हो, इसके लिए सबसे श्रेष्ठ मिट्टी है।

उन्नत किस्में। भारत के निचले क्षेत्रों में पाये जाने वाली अंजीर की जैव-विविधता का वर्गीकरण तीन प्रजातियों बी एफ-। , बी एफ- ।। तथा बी एफ- ।।। में किया गया है। इनमें बी एफ- ।।। प्रजाति सर्वोत्तम पाई गई है और इसका नामकरण 'बडका अंजीर' किस्म के रूप में किया गया है। इस किस्म के फलों का औसतन भार 36.8 ग्राम और कुल घुलनशील ठोस तत्त्वों की मात्रा 18.8 डिग्री ब्रिक्स होती है। इसमें अन्य किस्मों की तुलना में पानी की मात्रा कम होती है, इसलिए यह किस्म सुखाने के लिये भी उपयुक्त है। स्ट्रेन बी एफ- ।।। (बढ़का) पौधा ओजस्वी, फल बड़े आकार के नीले-काले रंग के, गुदा पकने पर गुलाबी ङ्क लाल, आम स्ट्रेन के मुकाबले 4 से 6 प्रतिशत कम नमी तथा उत्तम निधानी आयु, भारी फसल उत्पादक किस्म, उत्तरी भारत के निचले पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों के लिए उपयुक्त किस्म है।

**पौधे तैयार करना**। अंजीर के पौधे मुख्यत: 1 से 2 सेंटीमीटर मोटी, 15 से 20 सेंटीमीटर लम्बी परिपक्व कलमों द्वारा तैयार किये जाते हैं। मातृ पौधों से सर्दियों में कलमें लेकर इन्हें 1 से 2 माह तक कैल्सिंग हेतु मिट्टी में दबाया जाता है। फरवरी से मार्च में जैसे ही तापमान बढ़ने लगता है, इल कलमों को निकाल कर 15 × 15 सेंटीमीटर की दूरी पर नर्सरी में रोपित किया जाता है। अंजीर की नर्सरी की क्यारियों में प्रति वर्गमीटर । किलो गोबर की खाद तथा 25 से 30 ग्राम फॉस्फोरस और 20 से 25 ग्राम पोटाश खाद, क्यारी तैयारी के समय डालनी चाहिए। नत्रजन खाद 10 से 15 ग्राम प्रतिवर्गमीटर कलमें रोपित करने के एक महीने बाद तथा इतनी ही मात्रा 2 महीने बाद डालनी चाहिए।

**पौधा रोपण**- खेत की तैयारी करते समय खोदे गये गड्डों में संतुलित खाद और उर्वरक डाल कर पौधा रोपण करें। पौधों की दुरी 8 × 8 मीटर उपयुक्त रहती है, और रोपण का समय दिसम्बर से जनवरी या जुलाई से अगस्त (जुलाई से अगस्त में पौधा गाची सहित होना चाहिए)।

**खाद और उर्वरक**- अंजीर के छोटे पौधों 1 से 3 वर्ष में । से 10 किलो गोबर की खाद और 3 वर्ष की आयु से बड़े पौधों में 15 से 25 किलोग्राम गोबर की खाद प्रति पौधा, प्रतिवर्ष डालनी चाहिए। उर्वरक का प्रयोग मिट्टी की आवश्यकता के अनुसार करें वैसे अंजीर की फसल बिना उर्वरक के प्रयोग के बाद भी अच्छी पैदावार देती है।

**सिधाई व काट-छांट**- अंजीर के पौधों की सिधाई इस प्रकार होनी चाहिए कि हर दिशा में इसका फैलाव बराबर हो और पौधे के हर हिस्से तक सूर्य का प्रकाश पहुंच सके। इसमें फल एक से दो साल पुरानी टहनियों पर निकलने वाली नई शाखाओं पर लगता है। अत: शुरू के वर्षों में इस प्रकार की टहनियों को बढ़ावा देना चाहिए। पुराने पेड़ों में भारी काट-छांट लाभप्रद होती है। रोग ग्रस्त और सुखी शाखाओं की फल तुड़ाई के बाद काट-छांट करते रहना चाहिए।

**नस्ल सुधार**- नस्ल सुधार हेतु देसी पेड़ों को जमीन से । मीटर की ऊँचाई पर काट दें और मार्च में प्रति तना 3 से 4 कोंपलें रखें और बाकि कोंपलें निकाल दें। रखी गई कोंपलों पर जून से जुलाई में चिप या टी बडिंग द्वारा उन्नत किस्मों का रोपण करें। इसके अतिरिक्त सितम्बर व मार्च से अप्रैल में भी चिप बडिंग की जा सकती है।

**कीट और रोग रोकथाम**- अंजीर में यु तो कोई मुख्य कीट या बीमारी नहीं देखी गई है, परन्तु कुछ एक परिस्थितियों में पत्ते और छाल खाने वाले कीड़े का प्रकोप देखा गया है। इसके नियंत्रण के लिए 3 मिलीलीटर एंडोसल्फान या क्लोरोफायरीफोस प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करना लाभप्रद रहता है।

**तुड़ाई और पैदावार**- उपोष्ण क्षेत्रों में बसन्त ऋतु में आने वाले फल मई से लेकर अगस्त तक पककर तैयार होते हैं। जब फल पूर्ण रूप से परिपक्व हो जाये तब ही इनकी तुड़ाई करनी चाहिए। तोड़ने के बाद एक पात्र में 400 से 500 ग्राम से ज्यादा फल नहीं रखने चाहिए। यदि ज्यादा मात्रा में फलों का तुड़ान करना हो तो इन्हें पानी भरे बर्तन में एकत्रित करना चाहिए।

# गुलाब की खेती करने का सही तरीका

गुलाब के फूल को सबसे ज्यादा पसंद किया जाता हैं. खास तौर पर शादियों के समय में तो इनकी मांग बहुत ज्यादा की जाती है. इसी वजह से अब काफी किसानों ने गुलाब के फूलों की खेती करना शुरू कर दिया है. वैसे तो गुलाब का रंग गुलाबी होता हैं. लेकिन अब हमें कई रंग के फूल देखने को मिलते हैं.

**गुलाब की खेती के लिए भूमि का चयन**- इसकी खेती सभी प्रकार के मिट्टियों में की जा सकती है, अगर दोमट, बलुआर दोमट या फिर मटियार दोमट मिट्टी है, जिसमें ह्यूमस प्रचुर मात्रा हो, तो ऐसी मिट्टी अच्छी रहती है. जिसका पी एच मान करीब 5.3 से 6.5 तक उपयुक्त माना जाता है. साथ ही पौधों के लिए विकास हेतु छायादार या जल जमाव वाली भूमि नहीं होनी चाहिए. ऐसी जगह जहां पर पूरे दिन धूप हो आती है. छायादार जगह में पौधों का विकास ठीक से नहीं हो पाता है.

**गुलाब के पौधों की किस्म का चयन**- किसी भी फसल को बोने से पहले उस जगह के हिसाब से उसकी उत्तम किस्म का चयन करना होता है. हर फसल की अलग अलग जगहों के लिए कई किस्म होती है. वैसे ही गुलाब की कई अलग अलग किस्में हैं. जिनका हमें खेती करते वक्त सही से चयन करना चाहिए.

**पौधे को तैयार करना**- गुलाब की खेती करने वाली विधि को टी बडिंग कहा जाता है. इस विधि में जंगली गुलाब के पौधों की कलम जून या जुलाई में लगा दी जाती हैं. इन कलम को क्यारी में 15 सेंटीमीटर की दूरी पर लगाया जाता है. इसके बाद शाखाएं निकलने लगती है. जिन्हें हटा दिया जाता है. इनमें अच्छी किस्म के गुलाब की टहनी लगा दें और पोलीथिन में उन्हें ऊपर तक कसकर बांध दें. इसमें उर्वरक मिली मिट्टी भरी रहती है. इसके कुछ समय बाद इनमें टहनी निकल आती हैं. जिसके बाद अगस्त महीने तक ये पौधे रुपाई के लिए तैयार हो जाते हैं

**गुलाब के पौधे को लगाने का समय और तरीका**- गुलाब के पौधे का रोपण करते समय ख़ास ध्यान रखना चाहिए. सबसे पहले पौधे को भूमि से लगभग 15 सेंटीमीटर ऊपर लगा दें. पौधे की रुपाई करते टाइम पोलीथिन को काटकर हटा दें, ध्यान रखे कि पोलीथिन को हटाते समय पोलीथिन में भरी मिट्टी नहीं टूटनी चाहिए. इसके बाद खेत की मिट्टी को चारों तरफ से ठीक से दबा दें, लेकिन दूसरी कलम लगने वाली जगह को जमीन से थोड़ा बहार ही रखे. और पौधे की रुपाई के तुरंत बाद ही उसकी सिंचाई कर दें.

**सिंचाई करने का तरीका**- गुलाब की खेती में ध्यान रखें कि जब पौधे को खेतों में लगाये, तब उसकी सिंचाई भी कर दें. इसके बाद नई कलम को लगातार नमी देने के लिए उसकी सिंचाई करते रहे, लेकिन एक बात का विषेश ध्यान रहे कि खेत में पानी का भराव ना हो. अगर सर्दियों का वक्त है, तो सप्ताह में एक बार पानी ज़रुर लगे दें. तो वहीं अगर गर्मियों का वक्त है तो करीब 4 से 5 दिनों के अंतर में पौधों की सिंचाई करते रहे. इसके अलावा अगर आप गमलों में फूल उगा रहे है, तो हर साल इसके ऊपर की मिट्टी को करीब 2 से 3 इंच तक निकाल दें. इसकी जगह सड़ी हुई गोबर की देशी खाद भर दें.

**गुलाब के फूलों की निराई-गुड़ाई**- फूलों की ज्यादा से ज्यादा पैदावार करने के लिए पौधों की निराई-गुड़ाई करना जरूरी है. इसकी निराई-गुड़ाई नवम्बर के बाद से शुरू कर देनी चाहिए. इस दौरान कलम में से शाखाएं सबसे ज्यादा बनती है. जिससे नई शाखाएँ ज्यादा बने और जिससे पैदावार भी ठीक हो. पौधों को बार-बार पानी न दें. इससे जमीन भी कठोर होने लग जाती है. इस वजह से जड़ों तक हवा भी नही जा पाती. लेकिन निराई करने से हवा उचित मात्रा में पौधों को मिल पाती है. जिससे पौधे का विकास और भी अच्छे से होता है. इस वजह से पौधे की नवम्बर महीने के बाद जनवरी तक 3 से 4 बार निराई-गुड़ाई कर देनी चाहिए.

**गुलाब के फूलों की तुड़ाई और छटाई**- गुलाब की खेती में फूलों को तोड़ते वक्त याद रखें कि जब फूल की एक या दो पंखुड़ियां खिल जाए, तो फूल को पौधे से अलग कर दें. इसके लिए तेज़ धार वाले चाकू या ब्लेड का इस्तेमाल करें. फूल को काटने के तुरंत बाद पानी से भरे बर्तन में रख दें. अब उसे कोल्ड स्टोरेज में रख दें. इसका तापमान करीब 2 से 10 डिग्री तक होना चाहिए. इसके बाद फूलों की ग्रेडिंग की जाती है, जिसे कोल्ड स्टोरेज में ही पूर्ण किया जाता है. इसी को फूलों की छटाई भी कहा जाता है.

**गुलाब के फूलों की पैदावार**- गुलाब की खेती करके किसानों को काफी मुनाफ़ा होता है. इसकी खेती करीब चार महीने में फूल देना शुरू कर देती है. एक एकड़ जमीन की बात करें, तो लगभग 30 से 40 किलो या इससे ज्यादा भी फूल मिल जाते हैं. जिनका बाज़ार भाव लगभग 50 से 70 रुपये प्रति किलो के हिसाब से होता है. एक पौधे से साल में लगभग 20 फूल से ज्यादा निकलते है. इस तरह साल में एक एकड़ से लगभग 200 से 300 क्विंटल फूल प्राप्त हो सकते हैं. जिनकी सालाना कमाई लगभग 15 से 20 लाख तक पहुंच सकती है

# हरी मिर्च की खेती कैसे करें



हरी मिर्च का उपयोग पूरी दुनिया में एक खाद्य पदार्थ के रूप में किया जाता है। इसका उत्पादन पूरे दुनिया में होता है। बाजार में इसकी मांग सालभर रहती है। मिर्च का ज़ायका काफी तीखा होता है। इसका उपयोग अचार, मसाले, सब्जी, औषधीय और सॉस बनाने में होता है।

मिर्च में तीखापन कैप्साइसिन नामक एक तत्व के कारण होता है। हरी मिर्च की खेती से किसान भाई कम लागत में अधिक मुनाफा कमा सकते हैं।

मिर्च का उपयोग कई प्रकार की दवाइयों बनाने में किया जाता है। कैप्साइसिन में कई दवाईयां बनाने वाले तत्व पाए जाते हैं। खासतौर पर कैंसर रोधी और दर्द दूर करने वाले तत्व। इसके अलावा इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, फॉस्फोरस और कैल्शियम समेत कई तरह के लवण पाए जाते है। यह खून को पतला करने और दिल की बीमारियों को दूर करने में भी मदद करती है।

भारत में हरी मिर्च के मुख्य उत्पादन वाले राज्य आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, उडीसा, तामिलनाडु और राजस्थान है। वैसे ऐतिहासिक दृष्टि से देखा जाए तो दुनिया में सबसे पहले हरी मिर्च की फसल का उत्पादन लैटिन अमेरिकी देश मैक्सिको और गवेटामाला में हुआ था। भारत में हरी मिर्च 17वीं सदी में पुर्तगालियों के द्वारा गोवा लाई गई और इसके बाद इसकी पैदावार पूरे देश में बड़ी तेजी से फैल गई।

**मिर्च की खेती के लिए जरूरी जलवायु**

हरी मिर्च की खेती के लिए गर्म और आर्द्र जलवायु सबसे उपयुक्त रहती है। वैसे इसकी खेती हर तरह की जलवायु में हो सकती है, लेकिन ज्यादा ठंड और ज्यादा गर्मी का मौसम दोनों ही हरी मिर्च की फसल के लिए हानिकारक होते है। हालांकि इसके पौधे को करीब 100 सेन्टीमीटर वर्षा वाले क्षेत्रों में उगाया जा सकता है। इसके अलावा हरी मिर्च की फसल पर पाले का प्रकोप अधिक होता है। इसलिए इसे सर्द और बर्फीले इलाकों में उगाने से बचा जाना चाहिए।

**मिर्च की खेती के लिए आवश्यक मिट्टी**

हरी मिर्च की खेती लगभग हर तरह की मिट्टी में की जा सकती है। अच्छी पैदावार के लिए हल्की उपजाऊ और पानी के अच्छे निकास वाली ज़मीन जिस में नमी हो, इसकी खेती के लिए अनुकूल होती है। मिर्च की अच्छी पैदावार के लिए ज़मीन की पीएच छह-सात के औसत में अनुकूल होती है। इसके अलावा मिर्च की खेती के लिए जीवांशयुक्त दोमट या बलुई मिट्टी उपुयक्त होती है, जिसमें कार्बनिक पदार्थ की मात्रा अधिक हो।

**हरी मिर्च की खेती करने का सही समय**

हरी मिर्च की खेती को साल में 3 बार उगाया जा सकता है। हालांकि देश के किसान ज्यादातर खरीफ की फसल को महत्व देते है और इस ऋतु मे खेती का आंकड़ों मे रकबा भी काफी है।

हरी मिर्च की खेती के लिए वर्षा ऋतु की फसल लेने के लिए सही समय जून-जुलाई का है।

दूसरी फसल लेने के लिए सितम्बर-अक्टूबर में बुआई कर देनी चाहिए।

वहीं गर्मी के मौसम की फसल के लिए फरवरी-मार्च में बुआई कर दी जानी चाहिए।

**हरी मिर्च की खेती की तैयारी कैसे करें**

मिर्च के खेत को तैयार करने के लिए पहले दो से तीन बार खेत की जुताई करें और भूमि को करीब पांच से छह बार जोतने के बाद पाटा फेरकर समतल बना लें। ध्यान रखें कि जुताई करते वक्त गोबर की अच्छी पकी हुई खाद करीब 300 से 400 क्विंटल मिट्टी में मिला देनी चाहिए। इसके बाद सही आकार की क्यारियां बना लें और फिर बीज बोएं।

**हरी मिर्च की उन्नत किस्में**

वैसे तो देश के अलग-अलग क्षेत्रों में वहां की जलवायु के हिसाब से मिर्च की किस्में की खेती की जाती है, तो हो सके तो किसान अपने क्षेत्र में प्रचलित मिर्ची की किस्मों की ही बुवाई करें। वैसे मौसम के हिसाब से हाइब्रिड उन्नत किस्म की मदद से खेती करें, तो ज्यादा अच्छा रहता है।

अधिक पैदावार देने वाली मिर्च की उन्नत किस्में और उनकी विशेषताएं

**अर्का मेघना**

मिर्च की यह किस्म 50 से 55 दिन के बाद फल देना शुरू कर देती है। इसके फल गहरे हरे और 10 सेमी लंबे होते हैं। इस किस्म से हरी मिर्च 30 से 35 टन और 5 से 6 टन सूखी लाल मिर्च प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती है। आपको बता दें, यह किस्म चुर्निल आसित एवं वायरस के प्रति सहनशील है।

**अर्का श्वेता**- मिर्च की यह किस्म 50 से 55 दिन के बाद पहली तुड़ाई के लिए तैयार हो जाती है। यह किस्म 12 से 13 सेंटीमीटर लंबी होती है। इससे हरी मिर्च 30 से 40 टन और सूखी मिर्च 4 से 5 टन प्रति हेक्टेयर उपज मिल जाती है।

**काशी सुर्ख**- यह किस्म की तुड़ाई भी 50 से 55 दिनों के बाद शुरू हो जाती है। इसके फल 10 से 12 सेंटीमीटर लंबे होते हैं। इससे हरी मिर्च 20 से 25 टन और सूखी मिर्च 3-4 टन मिल जाती है।

**पूसा सदाबहार**- मिर्च की यह किस्म 60 दिनों बाद पहली तुड़ाई के लिए तैयार हो जाती है। इसके फल 6 से 8 सेंटीमीटर लंबे होते हैं। इसके गुच्छे में 12 से 14 फल होते हैं। इससे हरी मिर्च 40 से 45 टन और सूखी मिर्च 6 से 8 टन प्रति हेक्टेयर प्राप्त होती है।

**हरी मिर्च की निम्न किस्मों को भी उन्नत माना जाता है**

शिमला मिर्च- पूसा दीप्ती, अर्का मोहिनी, अर्का गौरव, अर्का बसंत। आचार मिर्च- सिंधुर। कैप्सेसीन उत्पादन हेतु- अपर्ना, पचास यलो। इसके अलावा काशी अनमोल, काशी विश्वनाथ, जवाहर मिर्च-283, जवाहर मिर्च-218, अर्का सुफल। संकर किस्म की काशी अर्ली, काशी सुर्ख या काशी हरिता का चयन करें। वैसे देखा जाए तो इन दिनों पब्लिक सेक्टर की एचपीएच-1900, 2680, उजाला और यूएस-611, 720 संकर किस्में

**हरी मिर्च की खेती के लिए सिंचाई और उर्वरक प्रबंधन**- हरी मिर्च की फसल अधिक पानी में नहीं उगाई जा सकती है। इसलिए सिंचाई आवश्यकतानुसार ही करें। ज्यादा पानी देने के कारण पौधे के हिस्से लंबे और पतले आकार में बढ़ते हैं और फूल गिरने लगते हैं। हालांकि सिंचाई की मात्रा और फासला मिट्टी और मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। यदि पौधा शाम के चार बजे के करीब मुरझा रहा हो, तो इससे पता चलता है कि पौधे को सिंचाई की जरूरत है। फूल निकलने और फल बनने के समय सिंचाई बहुत जरूरी है। कभी भी खेत या नर्सरी में पानी न रूकने दें। इससे फसल में फंगस पैदा होने का खतरा होता है।

प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# सर्द हवाओं ने चहल-पहल पर लगाई रोक



## लगातार ठंडी हो रही रातें

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर और आस-पास शरीर को चुभने वाली हवाएं चल रही हैं। इसका असर साफ तौर पर देखा जा सकता है। रात लगातार ठंडी हो रही हैं। आने वाले दिनों में ठंड का प्रभाव और ज्यादा तीव्र होने की चेतावनी मौसम विभाग ने दी है। नगर के बिलहरी, खमरिया में अधिक ठंड महसूस की गई। शाम ढलते ही सार्वजनिक स्थानों पर चहल-पहल कम हो रही है। रविवार की सुबह भी देर से सड़कों पर लोग निकले। सबसे ज्यादा असर सुबह सैर करने वालों पर हुआ है। इसमें उम्र दराज लोगों ने मार्निंग वॉक से बचने का काम किया।

मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार अभी जबलपुर में और तापमान नीचे की तरफ जा सकता है। रविवार की सुबह न्यूनतम तापमान 9.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अभी उत्तर की तरफ आने वाली हवाएं दो से तीन किमी प्रतिघंटे की गति से चल रही हैं। जैसे-जैसे हवाओं की स्पीड़ बढ़ेगी उसी के साथ कपकपाने वाली ठंड भी अपना प्रभाव दिखाने लगेगी।

इधर जिस तरह मौसम का मिजाज बना हुआ है, उसके बाद लोगों ने गरम कपड़ों का इस्तेमाल भी बढ़ा दिया है। सुबह निकलने वाली धूप के सहारे लोग अपना समय काट रहे हैं। वैसे भी सुबह के समय धूप, ठंड से बचने में संजीवनी बूटी का काम करती है। जिसका आनंद अभी तो लोग उठा रहे हैं और कामना कर रहे हैं इसी तरह सूर्य की किरणों की मेहरबानी उन पर बनी रहे। इससे आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के लिये भी वरदान माना जा सकता है जो किसी कारण सर्द हवाओं में अपने शरीर का बचाव सही तरह से नहीं कर पाते हैं।

### एक दो दिन में बूंदाबांदी होने की संभावना

मौसम में अचानक ही बदलाव हुआ है। वेदर सिस्टम के चलते प्रदेश के कई हिस्सों में बादल छाए हुए हैं। ठंडी हवाओं ने अपनी पकड़ मजबूत कर ली है, जिसके चलते ठंड का असर भी बढ़ेगा। मौसम विभाग के अनुसार एक दो दिन में बूंदाबांदी होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार राजस्थान के उत्तर पश्चिमी हिस्से में एक साइक्लोनिक सर्कुलेश सक्रिय हुआ है, जिसकी वजह से आने वाले दिनों में बारिश देखने को मिल सकती है। बारिश के बाद ठंड का असर भी बढ़ेगा। विभाग के अनुसार दिन के तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी।

प्रदेश मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश वेदर सिस्टम की वजह से हवाओं ने रफ्तार पकड़ ली है। प्रदेश में अब 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही है। आसमान में बादल छाए हुए हैं, जसकी वजह से बारिश की आशंका बनी हुई है। मौसम के बदले मिजाज की वजह से पिछले कई दिनों से लगातार रात के तापमान में तेजी से गिरावट दर्ज की जा रही है। विभाग के अनुसार प्रदेश के उमरिया, पचमढ़ी, रीवा, जबलपुर और ग्वालियर में अभी भी रात का तापमान 10 डिग्री से नीचे दर्ज किया जा रहा है।



# हाथी ने तोड़े कई मकान, ग्रामीणों में दहशत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** वापस जाने के बाद पुनः अनूपपुर जिले की सीमा में एक हाथी दो दिन पूर्व रात्रि में छत्तीसगढ़ से कोतमा एवं जैतहरी वन परिक्षेत्र के पडौंर एवं धनगवां के जंगल में निरंतर विचरण कर रहा हैं जो शनिवार-रविवार की रात दो घरों में तोड़-फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। हाथी के अचानक घर में प्रवेश कर नुकसान पहुंचाते देखते हुए घर के सदस्य भाग कर अपनी जान बचाई। रविवार को जैतहरी रेंज के धनगवां बीट के जंगल में आराम करने की सूचना प्राप्त हुई है।

जानकारी के अनुसार दो दांत वाला नर हाथी जिसका एक दांत छोटा एवं एक बड़ा है छत्तीसगढ़ के मरवाही रेंज अंतर्गत शिवनी बीट के घिनौची के जंगल से शुक्रवार की देर शाम मप्र की सीमा अनूपपुर जिले के कोतमा रेंज अंतर्गत पड़ौंर बीट में सोन नदी पार कर शनिवार को दिनभर पड़ौंर के जंगल में रहा, शाम ग्राम पड़ौंर के बैगानटोला में पारस चौधरी के कच्चे घर तोड़ते हुए अंदर रखे खाने-पीने के सामान को अहार बनाते हुए बाड़ी में लगे गन्ने को खाया। इसके बाद खलिहान में रखी धान की खरही को खा रहा था तभी लोगो द्वारा भगाए जाने पर सोन नदी पार कर जैतहरी रेंज के धनगवां बीट अंतर्गत कुकुरगोड़ा गांव के जंगल से कुशुमहाई गांव के जंगल के बीच बसे भंवर सिंह के कच्चे घर को पूरी तरह तोड़ते हुए घर के अंदर अनाज को खाया और छप्पबर तोड़ते हुए सामान को तहस-नहस कर दिया। इस दौरान ग्रामीणों के नजदीक जाने पर दौड़ा रहा था। रविवार की सुबह धनगवां बीट के सालेडोंगरी के जंगल में आराम करने की जानकारी हैं। एक बार फिर से हाथी आने पर कोतमा एवं जैतहरी के वन विभाग का अमला निगरानी में लग गया हैं।

# सेहरा के जंगल में संदिग्ध अवस्था में नवविवाहिता फांसी पर लटकी मिली

**शहडोल, देशबन्धु।** जिले के सेहरा के जंगल में नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे में लटका मिला है। बताया जा रहा है कि तीन साल पहले ही मृतका का विवाह जयसिंहनगर के झिरिया निवाशी प्रमोद से हुआ था, मृतका का 2 वर्ष का एक मासूम बच्चा भी है।

जयसिंहनगर थाना क्षेत्र के सिहरा के जंगल में नवविवाहिता का शव फांसी के फंदे में लटका मिला है। अज्ञात कारणों से 23 वर्षीय रूबी पटेल ने फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली है। घटना की जानकारी लगते ही पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

बताया जा रहा है कि झिरिया गांव में रूबी पटेल पति प्रमोद पटेल का ससुराल था, ससुराल से कुछ दूर में 23 वर्षीय महिला ने जंगल में फांसी लगाकर मौत को गले लगा लिया है। जानकारी देते हुए पुलिस ने बताया है कि ससुराल से कुछ दूरी पर स्थित सिहरा के जंगल में नवविवाहिता का शव फांसी पर लटका मिला है। पुलिस के अनुसार रूबी का मायका ब्योहारी में था। तीन साल पहले ही मृतका का विवाह जयसिंहनगर के झिरिया निवाशी प्रमोद से हुआ था, मृतका का 2 वर्ष का एक मासूम बच्चा भी है।

**खाना खाकर सोई और हो गई लापता**

पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया है कि ससुराल में नव विवाहित खाना खाकर सबके साथ सो गई, जब कुछ देर बाद पति उठा तो वह घर से लापता थी। रात से ही आसपास में रूबी की तलाश परिजनों ने शुरू कर दी। काफी तलाशने के बाद भी रातभर उसका पता कहीं नहीं चला।

सुबह घर से कुछ दूर पर सिहरा के जंगल में रूबी का फांसी पर लटका शव देख परिजनों ने मामले की खबर पुलिस को दी। घटना की जानकारी लगते ही पहुंची पुलिस ने मामले पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि ससुराल से कुछ दूरी पर जंगल पर नव विवाहिता का शव फांसी पर लटका मिला है। मामले की जांच की जा रही है, फिलहाल पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर विवेचना शुरू कर दी है।

# ठेकेदार की लापरवाही से गई युवक की जान

**मवई, भुआबिछिया।** ग्राम मवई के शासकीय चिकित्सालय में पुट्टी व पुताई का कार्य कर रहे एक युवक का अस्पताल मवई की पहली मंज़िल से गिर कर जान चली गई मामला ठेकेदार की लापरवाही का बताया जा रहा है तत्कालीन जानकारी के अनुसार काफ़ी दिनों से सामुदायिक स्वस्थ केंद्र मवई में पुताई पुट्टी व अन्य कार्य चल रहे है जिसमें ठेकेदारों के द्वारा क्षेत्रीय लोगो को कम राशि के एवज़ में लगा दिया जाता है जबकि ऐसे क्षेत्रीय कुशल कारीगरों को कभी भी शासकीय निर्धारित राशियो से भुगतान नहीं किया जाता है तथा ठेकेदारों के द्वारा क्षेत्रीय मजदूरो को सुरक्षा के किसी भी प्रकार के उपकरण प्रदान नहीं किए जाते व श्रमिक विभाग के द्वारा दिये गये गाइडलाइनो का पालन किया जाता है विभाग से जुड़े हुये अधिकारियों व कर्मचारियों के नाक के नीचे ऐसे अति संवेदना रिस्क वाले कार्य आसानी से चलते रहते है और प्रशासन मौन बना फिरता है आज इसी मौनता का शिकार आदिवासी अंचल क्षैत्र के युवा कारीगर माल्खु यादव उम्र ×0 वर्ष निवासी लूरी जामगांव हुए है सेफ़्टी न मिलने के कारण पहली मंज़िल से काम के दौरान नीचे गिर कर उनकी मौत हो गई आदिवासी क्षेत्र के युवा माल्खू यादव के 2 छोटे छोटे ब'चे है जिनका ललन पालन अब कौन करेगा ऐसी विकट समस्या अब उनके परिवार के ऊपर आ चुकी है परिवार प्रशासन से उचित न्याय की गुहार लगाता है तथा ऐसे ठेकेदारों के ऊपर तथा जितने भी लोग ऐसे लोगो के साथ देते है सबके ऊपर करवाही करने की माँग करते है



# बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त न कर पाई मां, की आत्महत्या

**जबलपुर, देशबन्धु।** ग्राम तेवर भेड़ाघाट में एक महिला अपने बेटे की मौत का सदमा बर्दाश्त नहीं कर पाई. उसने ने भी फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, महिला द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर से क्षेत्र में सनसनी फैल गई, जिसने भी हादसे के बारे में सुना तो स्तब्ध रह गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मर्ग कायम कर लिया।

पुलिस के अनुसार ग्राम तेवर भेड़ाघाट में रहने वाले सतीश पाठक के बेटे साहिल उम्र 19 वर्ष की बीमारी की चलते मौत हो गई थी। बेटे की मौत के बाद से मां रोशनी सदमें में चली गई। गुमसुम सी रहने वाली रोशनी ने इसके पहले भी आत्महत्या करने की कोशिश की लेकिन परिजनों ने बचा लिया। बीती रात सतीश व रोशनी ने खाना खाया और सोने के लिए चले गए. सुबह रोशनी उठी और कमरा बंद कर फांसी लगा ली. परिजनों ने देखा तो उतारकर मेडिकल अस्पताल ले गए, जहां पर डाक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। रोशनी द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबर से परिजन स्तब्ध रह गए।

# ट्रांसजेंडर राधिका ने जीती मैराथन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति द्वारा आज भोपाल में आयोजित मैराथन दौड़ को जबलपुर के ट्रांसजेंडर राधिका शर्मा ने जीत लिया। मैराथन खिताब जीतने पर राधिका शर्मा को 10 हजार रुपए की राशि प्रदान की गई। उल्लेखनीय है कि विश्व एड्स दिवस 2023 के अवसर पर पूरे मध्यप्रदेश में 15 दिनों का जागरूकता पखवाड़ा आयोजित किया गया है। यह मैराथन इसी कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित की गई थी।



भोपाल में आयोजित इस मैराथन में जबलपुर की जाग्रति युवा मंच समिति के कार्यकर्ताओं द्वारा हिस्सा लिया गया। राधिका शर्मा इस संस्था की सक्रिय कार्यकर्ता हैं। राधिका शर्मा ट्रांसजेंडर समुदाय से हैं। राधिका का सपना है सरकारी नौकरी। वह सरकारी नौकरी अपने जीवन यापन के लिए करना चाहती है। इसके लिए वह लगातार प्रयासरत है। राधिका की इच्छा है कि मध्यप्रदेश पुलिस में उसे नौकरी मिले।

राधिका शर्मा रोजगार के अभाव में अपना परंपरागत नाचने गाने और बधाई मांगने का काम करती है। राधिका शर्मा ने ग्रेजुएशन तक शिक्षा हासिल की है। वह आगे भी पढ़ाई जारी रखना चाहती है। उसकी इच्छा है कि वह आम नागरिकों की तरह कुछ रोजगार करे।

# बेकाबू डंपर पलटकर पेड़ से टकराया, मौके पर ड्राइवर की हुई मौत

**उमरिया, देशबन्धु।** उमरिया जिले के चंदिया थाना क्षेत्र में अनियंत्रित डंपर पलटकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ड्राइवर की मौत हो गई। इधर, जानकारी लगते ही चंदिया पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।



बता दें कि चंदिया थाना क्षेत्र के दरबार पाली पटपरहा नाला के पास डंपर एमपी 18 एच 5004 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गया। टक्कर में उसका आगे हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। ड्राइवर विष्णु नामदेव पिता राजेंद्र प्रसाद नामदेव (35) ग्राम करेला जिला कटनी की मौत हो गई। जानकारी के बाद मौके पर चंदिया पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# जलापूर्ति प्रभावित रहेगी

जबलपुर, देशबन्धु। नगर निगम जल विभाग के कार्यपालन यंत्री कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि स्मार्ट सिटी के अंतर्गत निर्माणाधीन आई.टी. पार्क रोड़ पोल शिफ्टिंग का कार्य, 24ग7 वॉटर सप्लाई कार्य भँवरताल टैंक में हाइड्रोलिक वाल्व लगाने के कार्य सहित अन्य सुधार कार्य किया जाना है। जिसके चलते दिनांक 19 दिसम्बर 2023 को रमनगरा प्लांट शटडाउन रहेगा, जिसके कारण 19 दिसम्बर 2023 को प्लांट से भरी जाने वाली टंकियों से सायंकालीन एवं दिनांक 20 दिसम्बर 2023 को प्रातःकालीन जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। उन्होंने बताया कि इस अतिमहात्वपूर्ण कार्य के संपादन के चलते क्षेत्रीय लोगों को होने वाली असुविधा के लिए महापौर जगत बहादुर सिंह "अन्नू", जलप्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य श्रीमती एकता गुप्ता एवं निगमायुक्त स्वप्निल वानखड़े ने खेद व्यक्त किया है।

# विमला देवी चांडक का निधन

**सौसर, देशबन्धु।** सौसर क्षेत्र के समाजसेवी स्व. श्यामसुंदर चांडक की धर्मपत्नी एवं देशबन्धु मप्र के संपादक पलाश मायाराम जी सुरजन की सास एवं संजय चांडक बेरडी निवासी की माताजी, कॅरियर अकादमी कोचिंग संस्थान के संचालक अनुराग चांडक की दादी, श्रीमती विमलादेवी श्यामसुंदर चांडक का 81 वर्ष की उम्र में लम्बी बीमारी के चलते रविवार को प्रातःकाल 5 बजे स्वर्गवास हो गया।। रविवार तीन बजे सौसर नगर वार्ड नम्बर-14 के मोक्षधाम में अंतिम संस्कार किया गया। रिश्तेदारों, माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ बंधुगण, जनप्रतिनिधियों, मित्र मंडली, पत्रकार बन्धुओं ने स्वर्गवासी आत्मा के चरणों में श्रद्धासुमन के फूल अर्पित कर, दो मिनट का मौन धारण कर भावपूर्ण श्रद्धाजंलि अर्पित की।



देशबन्धु परिवार की विनम्र श्रद्धांजली।




# रेलवे ने यात्रियों को दिया झटका, 38 गाड़ियां कैंसिल, दो ट्रेनों के रूट्स किए डायवर्ट

**जबलपुर / भोपाल, देशबन्धु।** पमरे जोन के भोपाल मण्डल में रामगंजमंडी-भोपाल के मध्य नई ब्रोडगेज रेल लाइन कार्य के सम्बंध में संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर नॉन इंटरलॉकिंग का कार्य किया जाना है। इसके चलते रेलवे ने भोपाल से गुजरने वाली 38 ट्रेनों को निरस्त व दो गाड़ियों के रूट में बदलाव किया गया है।

### निरस्त की जाने वाली गाड़ियां

इंदौर-सिवनी पंचवेली एक्सप्रेस 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

छिंदवाड़ा-इंदौर पंचवेली एक्सप्रेस 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

डॉ. आंबेडकर नगर-भोपाल एक्सप्रेस 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन स निरस्त रहेगी।

भोपाल-डॉ. आंबेडकर नगर एक्सप्रेस 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

भोपाल-दाहोद एक्सप्रेस 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

दाहोद-भोपाल एक्सप्रेस 29 दिसंबर से 6 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

जयपुर-भोपाल एक्सप्रेस 27 दिसंबर से 4 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

भोपाल-जयपुर एक्सप्रेस 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

प्रयागराज जंक्शन-डॉ. अंबेडकर नगर एक्सप्रेस 28 दिसंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

डॉ. आंबेडकर नगर-प्रयागराज जंक्शन एक्सप्रेस 29 दिसंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

वाराणसी-गांधीनगर एक्सप्रेस 27 दिसंबर व 3 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

गांधीनगर-वाराणसी एक्सप्रेस 28 दिसंबर व 4 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

नागपुर-जयपुर एक्सप्रेस 28 दिसंबर व 4 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

जयपुर-नागपुर एक्सप्रेस 28 दिसंबर से 5 जनवरी तक को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

रीवा-डॉ. आबेडकर नगर एक्सप्रेस 28,31 दिसंबर,1 व 4 जनवरी को प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

डॉ. अंबेडकर नगर-रीवा एक्सप्रेस 29 दिसंबर व 1,3,5 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

हैदराबाद जयपुर एक्सप्रेस स्पेशल 29 दिसंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

जयपुर - हैदराबाद एक्सप्रेस स्पेशल 31 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

हिसार-तिरुपति एक्सप्रेस स्पेशल 30 दिसंबर को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

तिरुपति-हिसार एक्सप्रेस स्पेशल 2 जनवरी को अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 92
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 110
छोटा ब्रॉयलर - रु. 120
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 124
मुर्गा मीडियम - रु. 114
मुर्गा बड़ा - रु. 96
मुर्गा जम्बो - रु. 96
मो.-9039925000, 9425800409

**आसान किस्तों में उपलब्ध** — **मिश्रा इन्टरप्राइजेज**
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496